अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

www.hukmnamasamachar.com

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, रविवार, 24 अगस्त, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 272

## संक्षिप्त खबरें



### कटिहार में राहुल गांधी ने कारखाने में बनाया मखाना, सुबह मखाने के तालाब में उतर गए थे

**कटिहार।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के 7वें दिन राहुल गांधी कटिहार पहुंचे। यहां उनके साथ मुकेश सहनी और तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। सिमरिया में राहुल मखाने की खेती देखने के लिए घुटने तक पैंट चढ़ाकर तालाब में उतरे। किसानों से समझा कि मखाने की खेती कैसे होती है।शाम होते-होते राहुल गांधी, मुकेश सहनी के साथ मखाना कारखाने में पहुंच गए। उन्होंने यहां खुद मखाना बनाया। किसानों से मखाना बनाने की पूरी प्रोसेस को भी समझा।

### 25 अगस्त से अमेरिका के लिए भारतीय डाक सेवाएं सस्पेंड

**नई दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने जा रहा है। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्टटैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपए) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी।

### कर्नाटकः कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को ईडी ने गिरफ्तार किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया। वीरेंद्र की गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत हुई है। उन पर अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का आरोप है। ईडी ने शुक्रवार को वीरेंद्र के ठिकानों पर छापा मारा था।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

इंद्रदेवता खुश या नाराज, इसका नहीं चल रहा पता
बादल फट बारिश हो रही, पता नहीं कि किसकी खता
बांध तालाब हुए लबालब, सड़कों पर पानी का सैलाब
अस्पताल स्कूलो में पानी भरा, मैदान बन गए तालाब

..मुखिया जी

- दौसा, करौली, बीकानेर, जयपुर, अलवर में पूरे दिन चला बारिश का दौर
- कोटा बूंदी में सेना ने संभाल रखा है 2 दिन से मोर्चा

# प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में







**जयपुर/कोटा/बूंदी।** प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। बात करें तो बूंदी में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं बूंदी के नैनवा के अंदर 20 इंच बारिश दर्ज की गई है यहां पर कई गांव में घरों के अंदर पानी घुस गया है जिससे लोग छत पर रात गुजारने को मजबूर हो रहे हैं राहत और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ सी नेवी मोर्चा संभाल रखा है।

शनिवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने केशव राय पाटन के कुछ इलाकों का दौरा किया और वहां बरसात से हुए नुकसान का जायजा भी लिया वही मौके पर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। वहीं लाखेरी में लगातार बारिश से नदी और नाले उत्पन्न पर है लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वही कोटा में भी



मूसलाधार बारिश ने बाढ़ के जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। भारी बारिश के बीच दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक बंद होने के कारण वाहन चालक को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कराडिया टोल के पास वाहनों की लंबी कतार लग गई वहीं कोटा बैराज से भी लगातार पानी की निकासी की जा रही है सुल्तानपुर और जिला मुख्यालय से भी लगभग संपर्क कटा हुआ है।

अलवर में शनिवार को हुई भारी बारिश के बाद बस स्टैंड पर पानी भर गया यहां पर लोगों ने तैरना शुरू कर दिया वही दुकानों में पानी घुसने से दुकानदारों में काफी गुस्सा रहा लोगों का कहना है कि देने सिस्टम पूरी तरीके से फेल हो गया है हमारा सारा सामान खराब हो गया है । वहीं दोसा करौली में भी और बीकानेर में भी भारी बारिश के बाद जगह-जगह पानी भर गया इससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं बात करें राजधानी जयपुर की तो जयपुर में शनिवार को सुबह से ही बारिश का दौर शुरू हो चुका है जो की देर शाम तक चलता रहा।

जयपुर में भी भारी बारिश के चलते जगह-जगह पानी भर गया है वहीं लोगों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी जयपुर का सबसे बड़ा अस्पताल सवाई मानसिक चिकित्सालय या फिर बात करें जेके लोन अस्पताल के बाहर पानी इतना भर गया कि मरीजों को उनके परिजनों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सवाई माधोपुर में भी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है सवाई माधोपुर में एसडीआरएफ को ले जा रहा ट्रैक्टर पलट गया जिससे सभी लोग पानी में गिर गए हालांकि समय रहते सभी ने स्थिति को संभाल लिया और ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ के रखा वही प्रशासन पूरा अलर्ट मोड पर चल रहा है। शनिवार को सरकार की कैबिनेट मीटिंग के अंदर भी भारी बारिश के बाद हो रही आपदा पर चर्चा की गई । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चार मंत्रियों को अलग-अलग जगह भेजा है जहां पर स्थिति को सही किया जा रहा है। बीकानेर के देशनोक में शनिवार को जोरदार बारिश देखी गई ।

### आपदा प्रबंधन एवं कृषि मंत्री और गृहमंत्री ने किया सवाई माधोपुर बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा



**सवाई माधोपुर।** जिले में लगातार दो दिन से हो रही भारी बरसात से जिले में पैदा हुए बाढ़ के हालातो का जायजा लेने के लिए अचानक प्रदेश के आपदा प्रबंधन एंव कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा तथा गृहमंत्री जवाहर सिंह बेडम हेलीकॉप्टर से सवाई माधोपुर पहुंचे। जहाँ चकचेनपुरा हवाई पट्टी पर उन्होंने कलेक्टर कानाराम से जिले में पैदा हुए बाढ़ के हालातो का फीडबैक लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव भी उनके साथ रहे । मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा तथा जवाहर सिंह बेडम सूरवाल बांध से लगातार ओवर फ्लो होकर आ रहे पानी के कारण निचले इलाकों के गांव में पैदा हुए बाढ़ के हालातो का जायजा लेने के लिए चकचेनपुरा हवाई पट्टी से कार से सुरवाल पहुंचे। जहाँ लालसोट कोटा मेगा हाइवे पर आ रहे सुरवाल बांध के ओवरफ्लो का तेज पानी के बहाव को देखते हुवे दोनों ही मंत्रियों में अपनी कार को हाइवे पर छोड़ दिया।

## उत्तराखंड के थराली में बादल फटा, एक की मौत



### 80 घरों में 2 फीट तक मलबा भरा

- दुकानें-बाजार भी तबाह, रेस्क्यू के लिए आर्मी पहुंची

**देहरादून ।** उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली में शुक्रवार देर रात बादल फट गया। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ। आसपास के दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में काफी नुकसान हुआ। चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया कि थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। चेपड़ों गांव में एक व्यक्ति लापता है, जबकि सागवाड़ा में एक घर पर मलबा गिरने से एक लड़की दब गई थी। कुछ घंटो बाद उसका शव बरामद कर लिया गया। दोनों गांवों में मिलाकर कुल 70-80 घरों में करीब 2 फीट तक मलबा घुस गया। थराली को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग-ग्वालदम नेशनल हाईवे मिंग गधेरा के पास मलबा आने के कारण बंद हो गया है। उत्तराखंड में पिछले 18 दिनों में बादल फटने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 5 अगस्त को धराली में बादल फटा था, जिसमें 5 की मौत हुई और 100 से ज्यादा लापता हुए।

## पटना में ट्रक-ऑटो में टक्कर, 9 की मौत



**पटना।** पटना में सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं। एक्सीडेंट शनिवार सुबह शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास हुआ। ट्रक-ऑटो में हुई आमने-सामने की टक्कर में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में दम तोड़ा। मरने वालों में 8 महिलाएं और ऑटो ड्राइवर शामिल हैं। मृतकों में मां-बेटी भी है। दनियावां थाना अध्यक्ष ने बताया, मृतक नालंदा जिले के हिलसा के मलावा के रहने वाले थे। घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है।

### राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई ऐतिहासिक फैसले

## 'विकसित राजस्थान 2047' विजन डॉक्यूमेंट को मंजूरी




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश की दिशा और दशा बदलने वाले कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में न केवल राजस्थान की आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास और समावेशी प्रगति का खाका खींचा गया, बल्कि युवाओं को स्वावलंबी बनाने, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने, भूमि आवंटन की नीतियों को और पारदर्शी बनाने, उद्योग एवं निवेश को गति देने और ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों के उत्थान की ओर बड़े कदम बढ़ाए गए। बैठक का सबसे बड़ा निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना को मूर्त रूप देते हुए 'विकसित राजस्थान/2047' विजन डॉक्यूमेंट को मंजूरी देना रहा। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ और जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि इस डॉक्यूमेंट में राजस्थान को 2030 तक 350 बिलियन डॉलर और 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस रोडमैप में शत-प्रतिशत साक्षरता, कौशल आधारित शिक्षा प्रणाली, महिला और युवा सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, सतत जल प्रबंधन, स्मार्ट शहरीकरण, किफायती आवास, आधुनिक परिवहन और हरित ऊर्जा पर विशेष जोर दिया गया है। विभागवार कार्ययोजनाएं बनाई जाएंगी और वित्तीय संसाधनों का वर्षवार आकलन कर इन्हें लागू किया जाएगा।

**विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर देने के लिए मंत्रिमंडल ने विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। इसके तहत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान मिलेगा। महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और ग्रामीण उद्यमियों को 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये के ऋण पर अतिरिक्त 1 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। साथ ही ऋण पर 25 प्रतिशत या अधिकतम 5 लाख रुपये तक मार्जिन मनी अनुदान भी दिया जाएगा।

**राजस्थान मण्डपम और जीसीसी का निर्माण** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बताया कि जयपुर के बी-2 बाईपास स्थित 95 एकड़ भूमि पर राजस्थान मण्डपम, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर , आईटी टावर और अन्य परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। कुल परियोजना लागत लगभग 3700 करोड़ होगी, जिसमें से 635 करोड़ राज्य सरकार वहन करेगी। 30 माह में परियोजना पूर्ण करने का लक्ष्य है। राजस्थान मण्डपम लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में 2200 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा, जिसमें 7000 से 7500 लोगों की क्षमता होगी। साथ ही यूनिटी मॉल का निर्माण भी डेढ़ साल में पूरा होने की उम्मीद है।

**वन स्टेट-वन इलेक्शन पर चर्चा** बैठक के बाद हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में वन स्टेट-वन इलेक्शन को लागू करने के विषय पर विचार हुआ। मुख्यमंत्री ने पंचायतीराज और शहरी निकायों के परिसीमन व पुनर्गठन से जुड़ी कमेटियों की रिपोर्ट को अनुमोदन दिया।

### भूमि आवंटन की नई नीतियाँ

**नगरीय क्षेत्र भूमि आवंटन नीति-2025**

शैक्षणिक, औद्योगिक, चिकित्सकीय, पर्यटन आदि उद्देश्यों के लिए भूमि आवंटन सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। सामाजिक उपयोग हेतु भूमि आवंटन डीएलसी दर की 40 दर पर होगा। यह नीति भूमि आवंटन नीति-2015 का स्थान लेगी।

**एयरो स्पोर्ट्स एयरस्ट्रिप लीज नीति**

एडवेंचर टूरिज्म और एयरो स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए हवाई पट्टियों की भूमि अधिकतम 20 वर्षों की लीज पर दी जाएगी। 100 रुपये प्रति वर्गमीटर वार्षिक शुल्क और 6 लाख रुपये प्रति एयरस्ट्रिप कंसेशन शुल्क निर्धारित किया गया है।

### अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- **एक्सप्रेसवे टोल दरें** - राज्य राजमार्ग एक्सप्रेसवे की टोल दरों को अब केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुरूप किया जाएगा।
- **कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक-2025** - दैनिक कार्य समय 9 से बढ़ाकर 10 घंटे, कुल अधिकतम 12 घंटे। महिलाओं को सुरक्षा और सहमति के साथ नाइट शिफ्ट में काम की अनुमति।
- **राजस्थान मत्स्य (संशोधन) विधेयक-2025** - मत्स्य अपराधों पर जुर्माना 100 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये और पुनः अपराध पर 50,000 रुपये।
- **सेवा नियम संशोधन** - भर्ती परीक्षाओं में न्यूनतम अंक निर्धारण, नेगेटिव मार्किंग, पदोन्नति के प्रावधानों में बदलाव।
- **अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं** - 1283 हेक्टेयर भूमि पर 10 सोलर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी, 2400 मेगावाट क्षमता का सृजन।
- **धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान** - आदिवासी बहुल गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका सुधार।
- **परवन बांध विस्थापित** - प्रभावित परिवारों के लिए 52 करोड़ रुपये से अधिक की विशेष अनुग्रह राशि स्वीकृत।

### रिम्स जयपुर की स्थापना

**स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज का उन्नयन कर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज , जयपुर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। एम्स, नई दिल्ली की तर्ज पर बनने वाला यह संस्थान राज्य का प्रमुख पीजी स्तर का चिकित्सा संस्थान होगा। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित राज्य कैंसर संस्थान भी रिम्स में शामिल होगा। रिम्स का संचालन निदेशक करेंगे और इसके अध्यक्ष राज्य के मुख्य सचिव होंगे।**

### नेशनल स्पेस डे

### आज देश में 350 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं

## हम एस्ट्रोनॉट पूल बना रहे, युवा भी इससे जुड़ें-मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नेशनल स्पेस डे की शुभकामनाएं देते हुए देश की स्पेस पावर और मिशन गगनयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा- भारत अपना एस्ट्रोनॉट पूल भी तैयार कर रहा है। मैं युवाओं से इस पूल से जुड़ने की अपील करता हूं। मोदी ने कहा कि इसरो ने युवाओं की स्पेस फील्ड में रुचि बढ़ाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन और रोबोटिक्स चैलेंज की पहल की है। ये सराहनीय है। इस बार स्पेस डे की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी है। उन्होंने कहा, इस मौके पर इसरो ने दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल लॉन्च किया। इसका पहला हिस्सा 2028 में शुरू होगा और पूरा स्टेशन 2035 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसरो ने चंद्रयान-4 और वीनस ऑर्बिटर मिशन पर भी विचार करना शुरू कर दिया है। दरअसल, भारत 23 अगस्त 2023 को चांद पर उतरने वाला चौथा देश बना था। पीएम मोदी ने इस दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया, जिसके बाद हर साल 23 अगस्त को भारत अपना नेशनल स्पेस डे मनाता है। पीएम ने कहा- एक समय था जब स्पेस सेक्टर को बेड़ियों में जकड़ दिया गया था। हमने उन बेड़ियों को तोड़ा और प्राइवेट सेक्टर को स्पेस सेक्टर में आने की इजाजत दी और आज देश में 350 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं। जल्द ही प्राइवेट सेक्टर द्वारा बनाया गया पहला पीएसएलवी भी लॉन्च होगा।

मोदी ने कहा- हम अब स्पेस में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता रखने वाले देशों में शामिल हो गए हैं। अभी तीन दिन पहले ही मेरी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात हुई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु के साथ मैंने नए भारत के युवाओं के सपने को देखा है। इन सपनों को आगे बढ़ाने के लिए हम भारत का एस्ट्रोनॉट पूल भी तैयार करने जा रहे हैं। मैं युवाओं से इस पूल से जुड़ने की अपील करता हूं।

# पीसांगन के पिचौलिया में खेत पर बने हौद में मिला युवक का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** पीसांगन थानान्तर्गत पिचौलिया सीमा पर खेत के बाहर पानी के बने हौज के पैंदे में युवक का शव मिला पुलिस ने शव बाहर निकालकर पीसांगन रेफर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुवे नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई ।पुलिस थानाधिकारी प्रहलाद सहाय के अनुसार शुक्रवार को पानी के हौज में शव होने की सूचना पर पुलिस मय जाब्ता पिचौलिया सीमा पर रामपुरा डाबला निवासी सुखपाल व सौदान पड़ौदा के कुवे के बाहर आवारा मवेशियों के लिए बने हौज के पैंदे में एक युवक का शव पड़ा था पुलिस ने शव को बाहर निकालकर शिनाख्त की तो युवक की शिनाख्त स्मरथपुर निवासी कालूसिंह पुत्र छितर सिंह 38वर्ष के रूप में हुई सूचना पर परिजन व सैकड़ो ग्रामीण पहुच गए ।पुलिस ने शव को पीसांगन रेफरल चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया। ग्रामीणों व परिजन उसका भाई शेरसिंह ने अपने भाई की हत्या कर पानी के हौज में फेकने का आरोप लगाते हुवे नामजद रिपोर्ट दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई और शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दी। उसके मेरा भाई आड़े आ रहा था और धर्म परिवर्तन का विरोध कर रहा था मेरे भाई की आरोपी ने हत्या कर दी। घटना स्थल पर हौज की मुंडेर पर मृतक का मोबाइल, खैनी जर्दे की पुड़िया,मुंडेर के नीचे सैंडल बड़े व्यवस्थित पड़े थे जैसे रखे हुवे थे। उसके बाद मृतक की आँखों पर काले कपड़े बांध रखा था ।मूह पर खून के निशान पड़े हुवे थे ।मृतक की हत्या और कही कर शव को हौज में फेंककर चले गए ।ग्रामीणों व परिजनों ने विरोध प्रदर्शन करते कहा उदयपुर में कन्हैयालाल की तर्ज पर हत्या की गई है इसलिए हत्या का मामला दर्ज कर हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गुनहगारों को बक्सा नही जायेगा।



### हत्या करने का आरोप

**मृतक** के भाई शेरसिंह पुत्र छितर सिंह ने हत्या का आरोप लगाया और लव जिहाद का मामला बताते रिपोर्ट में बताया कि मेरे भाई की पत्नी को प्रेमजाल में फंसाकर जबदस्ती धर्म परिवर्तन करने का प्रयास था। कुछ दिन मेरे की पत्नी से थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई की मेरा पति परेशान करता है। उसके बाद आरोपी ने मेरे भाई की पत्नी को बहला फुसलाकर कर रामदेवरा ले गया जिसका घर वालो को पता नही था।

# उपखण्ड चैनपुरिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल का आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण



**चित्तौड़गढ़,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार बड़ीसादड़ी उपखण्ड की चैनपुरिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम की अध्यक्षता में किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं व परिवाद प्रस्तुत किए जिनमें खेत तक पहुँचने के रास्ते की समस्या, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाना, प्राथमिक विद्यालय को पुनः चालू करवाना, गाँव में पेयजल संकट सहित कुल 28 परिवाद सामने आए। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान की कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

चौपाल में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया ।चौपाल में ग्राम के मेधावी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने शैक्षणिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ग्राम का नाम रोशन किया। इस पहल से विद्यार्थियों और युवाओं में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी प्रवीण कुमार मीना, तहसीलदार पंकज कुमार, विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रशासक कैलाश मीणा, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**मदनगंज किशनगढ़(हुक्मनामा समाचार)।** लायन्स क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति और बाबा साहब रतन लाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल ग्रुप के आर्थिक सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन क्रिस्टल पार्क के सामने सुरज देवी पाटनी सभागार मे 24 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर्स अपनी सेवाए देंगे शिविर संयोजक मुकेश गोयल और संजय गुप्ता ने बताया कि निशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त पाए जाने पर रोगी को प्रत्यारोपण के लिऐ जयपुर ले जाया जाएगा।

# शनि अरिष्ठ निवारक मुनिसुव्रतनाथ विधान सम्पन्न

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वाधान में पुलक मंच परिवार किशनगढ़ द्वारा शनि अमावस्या पर शनि अरिष्ठ निवारक मुनिसुव्रतनाथ विधान का आयोजन मुनिसुव्रत दिगंबर जैन मंदिर में किया गया। पुलक मंच अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बैद एवं महामंत्री जीतू पाटनी ने बताया की शनि की अनिष्ठ अवस्था से उत्पन्न परेशानियों से बचने के लिए मुनिसुव्रतनाथ भगवान की पूजा विधान किया गया। साथ ही धर्मस्नेही स्वजन श्रद्धा पूर्वक विधान कों पूर्ण भक्ति से करके शनि गृह दोष का निवारण करके अपना जीवन सुखमय बना सकते हैं। मुनिसुव्रत पंचायत के तत्वाधान में पुलक मंच परिवार द्वारा विधान का आयोजन शनि अमावस्या पर सुबह किया गया। इससे पूर्व मुनिसुव्रतनाथ भगवान के का पंचामृत अभिषेक कर दुग्ध से भगवान की शांतिधारा की गई। ततपश्चात् नवदेवता, सोलह कारण, मुनिसुव्रतनाथ भगवान एवं सभी तीर्थंकरो कों अर्घ्य समर्पित किये गए। संगीतमय मुनिसुव्रतनाथ विधान प्रारम्भ हुआ। जिसमे उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से 124 अर्घ्य समर्पित किये।



संगीतकार अनूप पंडित ने विधान में भजनो से सभी नाचते हुए प्रभु की भक्ति में लीन हो गए अंत में भगवान की महा आरती के साथ विधान का समापन किया गया। विधान में मुख्य कलश स्थापित अनिल कुमार सुलोचना कासलीवाल, चार कलश मांगीलाल रोहित झांझरी, निर्मल कुमार नरेश झांझरी, पूरन रेखा टोंग्या एवं राहुल प्रभावना पाटोदी कों मिला। दीप स्थापना कमल विमला बैद ने को। विधान का मांडला मदन छाबड़ा ने बनाया। विधान में मुनिसुव्रतनाथ पंचायत के अध्यक्ष विनोद पाटनी, उपाध्यक्ष दिलीप कासलीवाल, उप मंत्री राजेश पांड्या, भागचंद बोहरा, अशोक बोहरा, गिगराज ठोल्या, महेन्द्र पाटनी, विमल पाटनी, प्रदीप बाकलीवाल, अभय बैद, अनिल सेठी, मंच अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बैद, जीतू पाटनी, मुकेश पापड़ीवाल, पिंटू पाटनी, धर्मचंद पाटनी, राजकुमार बैद, विनोद पाटनी बडायली वालें, सुशील काला, मनीष बड़जात्या के साथ पूर्व सभापति गुणमाला पाटनी, बसंती गोधा, प्रेमलता पाटोदी, अनीता कासलीवाल, पुष्पा पांड्या सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

### दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर तहसीलदार सहित कार्यालय स्टाफ द्वारा धरना प्रदर्शन किया

**किशनगंज(हुक्मनामा समाचार)।** लालसोट तहसीलदार अमितेश मीणा एवं कार्यालय स्टाफ के साथ अधिवक्ताओं द्वारा किए गएहमले के संदर्भ में त्वरित कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर तहसीलदार हुकुमचंद मीणा,कानूनगो पटवारी सहित तहसील स्टाफ ने तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। पटवार कानुगो संघ ने अपनी मांगों में इस प्रकरण में शामिल सभी नाम जद आरोपियों को गिरफ्तारी किया जाए। एफ आई आर दर्ज करने में 7 घंटे की देरी के लिए जिम्मेदार थाना अधिकारी को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए और अन्य दोषियों पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाए भविष्य में कार्यपालक मजिस्ट्रेट की सुरक्षा करना और तत्काल प्रभाव से एफ आई आर दर्ज करना पुलिस का दायित्व सुनिश्चित किया जाए।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वितरित किए चेक

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** दिशा की समीक्षा बैठक के दौरान शुक्रवार को झालावाड़-बारां सांसद दुष्यन्त सिंह द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के माध्यम से 696 महिला उद्यमियों को 2 करोड़ 67 लाख की राशि चेक के माध्यम से वितरित की गई, इस राशि से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पाद तैयार किए जाएँगे। सांसद द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डेयरी के क्षेत्र में कार्य हेतु प्रोत्साहित किया गया और इस हेतु समस्त प्रकार की योजनाओं का लाभ महिलाओं को देने का आश्वासन दिया गया। साथ ही इस दौरान राजस्थान महिला निधि के स्थापना दिवस के अवसर पर सांसद द्वारा 5 करोड़ का चेक वितरण किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी, मनोहरथाना विधायक गोविन्द रानीपुरिया, डग विधायक कालूराम मेघवाल, खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर, जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भूदयाल मीणा, राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक के. एम. वर्मा सहित महिला निधि से स्टेट जयपुर से शिव दान यादव, रीजनल मैनेजर केशव चौरसिया, राजीविका के समस्त स्टॉफ एवं महिला निधि के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय जांच शिविर का शुभारंभ



**सरवाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में शनिवार को भारत विकास परिषद सरवाड़ के तत्वावधान में तीन दिवसीय रक्तदान शिविर का शुभारंभ विश्व स्तरीय थायरोकेयर लेब मुंबई द्वारा आदिनाथ भवन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंवर सिंह कक्कड़ व समाजसेवी राजेंद्र हेड़ा ने की। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परिषद के अध्यक्ष विजय कुमार शारदा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रातः 7ः00 बजे से 11ः00 बजे तक आदिनाथ भवन में संचालित होगा। शिविर में 70 प्रकार की जांच होगी जिसमें विटामिन, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, लीवर, किडनी,शुगर, खून, हीमोग्लोबिन, जोड़ों के दर्द, कैल्शियम, यूरिक एसिड, प्रोटीन आदि जांच होगी। उन्होंने बताया कि जांच कराने के लिए भूखे पेट आना होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजय कुमार शारदा, सचिव प्रतीक जैन, वित्त सचिव सुनील कुमार पारीक, उपाध्यक्ष सतीश कुमार गौड़, बबलू हरवानी, महिला संयोजिका ओमा मालाकार, रिया दीदी, गौरव पानगढ़िया, राहुल मेवाड़ा, रविंद्र सोनी, अभिषेक जैन, विजय पोखरणा, अमित लड्ढा आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रतीक जैन ने किया।

# नगरीय निकाय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ली बैठक दिए निर्देश



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय के सभागार में नगरीय निकाय, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, बैठक लेते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चाएं करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए,बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए ।बैठक में जिला कलेक्टर ने शहरी रोजगार गारण्टी योजना, मौसमी बीमारियों, पेयजल आपूर्ति ,साफ सफाई वृक्षारोपण,तालाब सौंदर्यकरण तथा मॉडल टायलेट पिंक टॉयलेट निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही बारिश के मौसम में हो रही मौसमी बीमारियां डेंगू मलेरिया की रोकथाम को लेकर फागिंग करने तालाबों के पास साफ सफाई करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सभी अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर के द्वारा विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई, समीक्षा करते हुए सभी से कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए,अधिकारियों को दिए गए सभी कार्यों को शीघ्र करने के निर्देश प्रदान किए गए।

# आईटी संघ ने अपनी मांगों को लेकर जिला कलक्टर को दिया ज्ञापन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा जिले में विभिन्न विभागों में सूचना सहायक एवं सहायक प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है। सूचना सहायक से सहायक प्रोग्रामर के पद पर पदौन्नत हुए कार्मिकों को जुलाई माह में पदस्थापन आदेश राज्य स्तर से जारी किए गए थे परन्तु कतिपय विभागाध्यक्ष द्वारा कार्मिकों को कार्यमुक्त नहीं किया गया। इसके पश्चात् सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग जयपुर द्वारा विभागीय स्तर से कार्यमुक्त नहीं हुए कार्मिकों को स्वतः कार्यमुक्त कर बिना किसी पत्राचार के नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण करने हेतु आदेश प्रदान किया गया ।कपिला नागर, सहायक प्रोग्रामर को पदौन्नती उपरान्त पदस्थापन आदेश जारी होने के लगभग 15 दिवस बाद भी सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, परबतसर द्वारा कार्यमुक्त नहीं किए जाने पर राज्य स्तर से जारी स्वत कार्यमुक्त आदेश की पालना में चार्जहस्तान्तरित कर कार्यालयाध्यक्ष को सूचित करते हुए नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण किया। इसके बावजूद भी 15 दिवस बाद उपखण्ड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी परबतसर द्वारा पूर्वाग्रह से हैषतापूर्ण राजस्थान सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही हेतु ज्ञापन जारी किया गया। उपखण्ड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी परबतसर द्वारा राजस्थान सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1958 के नियम 17 के तहत कार्मिक विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के दुरुपयोग करने, महिला कार्मिक को मानसिक परेशान करने, कार्मिक पर द्वेषतापूर्ण कार्यवाही करने एवं उच्चाधिकारीयों द्वारा जारी आदेशों की अवहेलना करने के कारण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ, द्वारा जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान मोहम्मद आरिफ, सुरजा राम राजेश राजपुरोहित, राजकुमार शर्मा, रंजना भारती, मुवोश, रामकरण आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# गंगापुर में पर्युषण पर्व का चौथा दिन वाणी संयम दिवस के रूप में मनाया



**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** पर्युषण पर्व के चौथे दिन वाणी संयम दिवस के अवसर पर मुनि प्रसन्न कुमार ने अपने प्रवचन में कहा कि नहीं बोला इसका पश्चाताप नहीं होता, कटु क्यों बोला इसका पश्चाताप होता है ।,उन्होंने बताया कि न केवल मौन का महत्व है बल्कि मधुर और संयमित वाणी का भी विशेष महत्व है। कटु सत्य, अप्रिय वचन और असत्य वचन पर संयम रखना आवश्यक है। सकारात्मक और मधुर वचन मैत्री, प्रेम और सौहार्द का माध्यम बनते हैं। मुनि ने कहा कि भाषा और बोली में इतनी ताकत होती है कि उत्तेजित और कटु शब्द महाभारत जैसे संघर्ष का कारण बन सकते हैं। आजकल नेताओं के भाषण तक समीक्षा के घेरे में रहते हैं, एक आपत्तिजनक या जाती सूचक शब्द भी सीधे जेल तक पहुँचा सकता है। इसलिए धर्मगुरुओं और प्रवक्ताओं को भी अपनी भाषा में संयम और मर्यादा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पैर में लगे शूल को तो निकाला जा सकता है, लेकिन कटु वचन रूपी तीर हृदय में लगकर जन्म-जन्मांतर की शत्रुता तक पैदा कर सकता है।

# पर्व पर्युषण महापर्व के चौथे दिन कल्प सूत्र के बारे में बताया, वही शास्त्र जी का नगर भृह्मण हुआ

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ धरियावद पर्युषण पर्व का चौथा दिन प्रवचन में बताया कि जो 21 बार कल्पसूत्र सुन लेता है वो 7-8भव में मोक्ष प्राप्त करता हैं । कल्पसूत्र की रचना भद्रबहुस्वामी ने की थी । प्रवचन में महावीर स्वामीजी का 27 भाव के बारे मे बताया और 25 वे भव में प्रभु ने 11 लाख 80 हजार 645 मासक्षमण किए और तीर्थंकर नाम कर्म को पाया वही आज की पूजा अगरर्चना प्रभावना कन्हैयालाल सजन सिंह प्रतापसिंह भुपेन्दसिंह राजेश कुमार, मनिष प्रितम, हिमाशु मेहता ने लाभ लिया व्ही कल्पसूत्र मस्तक पर धारण करके बाजार मे यात्रा की। जीसका लाभ पारसमल राहुल भैरवीयाने लिया रातको भक्ती भावना में प्रभावना भी वितरीत की गई अर्हम वीर अभिषेक भाईअनुष भाई ध्रुव भाई पधारे जो प्रवचन भक्ति आदि अच्छी तरह से सभी को करा रहे हे ।जहा परम पवित्र जैन शास्त्र कल्पसूत्र पर आधारित प्रवचन सुबह और दोपहर 4 दिन श्रावक सुनते है ।कल्पसूत्र चौदह पूर्व में से लिया गया है। इसके रचयिता भद्रबाहु स्वामीजी है। कल्पसूत्र में 24 तीर्थंकर के चरित्र का वर्णन है। महावीर स्वामीजी के पूर्व भवो का वर्णन सभी श्रावक श्राविकाओं ने सुना । कर्म को किसी की शर्म नहीं होती। जो कर्म बांधता है उसको उसका भुगतान करना पड़ता है। भ. महावीर ने भी अपने पूर्व भव में कर्म बांधे थे जिसका उनको भी भयंकर कष्ट सहन करना पड़ा लेकिन अंतिम भव में उन्होने अपने सारे कर्मों की निर्जरा की और मोक्ष में पधारे ।. हमको भी किसी व्यक्ति, जानवर आदि को मन से, वचन से, काया से कष्ट नही पहुंचाना चाहिए और अगर हमसे किसी को कष्ट हुआ हो तो हमको इस परम पवित्र पर्व के दौरान जरूर जरूर क्षमा मांगनी चाहिए।



# बाबा रामदेवजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शोभायात्रा आज

**मांगलियावास(हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम जेठाना में स्थित खाबिया टेन्ट हाउस परिसर में बाबा रामदेवजी मंदिर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन सोमवार भादवा सुदी दूज को होगा। कार्यक्रम में सुबह 7ः15 बजे मूर्ति की स्थापना यज्ञाचार्य पंडित अभिषेक गौड़ के निर्देशन में संपन्न होगी। रविवार को भविष्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। धर्म प्रेमी अशोक खाबियां ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत रविवार को होगी, जिसमें दोपहर 2ः15 बजे प्रतिमा का नगर भ्रमण आर्दश विद्या मंदिर, जेठाना से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, रावला, मेंन बाजार, तेजा चौक, रामदेवरा, गैना पोल, आचार्य मौहल्ला होते हुए वापस खाबियां टेंट हाउस पहुंचेगा। इसके बाद शाम को सत्संग व जागरण का आयोजन होगा। इसी दिन दोपहर 3ः15 बजे प्रतिमा का स्नापन (अभिषेक) भी संपन्न होगा। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य अतिथि जेठाना सरपंच पदमचन्द छाजेड रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान गांव में रविवार कलश यात्रा, गाजे-बाजे, ढोल, भजन व हवन का आयोजन होगा। शाम को प्रसाद वितरण किया जाएगा ।यह आयोजन बाबा रामदेव सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी जेठाना के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

### राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

# सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि अब 3 सितम्बर

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सैकेण्डरी और सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की तिथियों में संशोधन किय गया है। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सैकेण्डरी और सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा-2026 के लिए 24 जुलाई से आवेदन ऑनलाईन भरे जा रहे है। सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि अब 3 सितम्बर तब बढ़ाई गई है, पूर्व में यह 23 अगस्त थी। परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर तथा आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर तक बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित आवेदन पत्र 4 सितम्बर से ऑनलाईन भरे जाएंगे। आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर हैं। परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालयों पर स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए 11 सितम्बर से असाधारण परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरे जाएंगे। आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर तक हैं। परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर है। इन आवेदन पत्रों एवं चालान को सीधे बोर्ड कार्यालय में जमा करवाना होगा।

बोर्ड सचिव शर्मा ने बताया कि नियमित परीक्षार्थी के लिए परीक्षा शुल्क 600 रूपए, स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए 650 रूपए निर्धारित है। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क प्रति विषय 100 रूपये देय होगा। विशेष आवश्यकता वाले छात्र, दृष्टबाधित एवं दिव्यांग परीक्षार्थी, युद्ध में वीरगति को प्राप्त अथवा अपाहिज सैनिकों के पुत्र व पुत्रियां, पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को परीक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया है। इन्हें केवल टोकन शुल्क के 50 रूपए जमा कराने होंगे। उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों की उच्च माध्यमिक स्तर की सम्बद्धता संबंधी कार्यवाही अभी तक लम्बित है वह विद्यालय अविलम्ब कार्यवाही पूर्ण करे लेवे। कार्यवाही पूर्ण नहीं होने पर से विद्यालयों के परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जाएंगें। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरते से संबंधित आवश्यक निर्देश बोर्ड की वेबसाईट पर देख सकते है। अन्य जानकारी के लिए बोर्ड कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर अथवा एसीपी के दूरभाष नम्बर 0145-2627454 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## चौपाटी स्थित बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने की मांग

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु के संरक्षक कमल गंगवाल व सचिव विजय पांड्या ने जिला कलेक्टर से रीजनल कॉलेज वाले तिराहे के पास बनी चौपाटी के पाथवे पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने की मांग की है। गंगवाल व पांड्या ने बताया कि पिछले दिनों से बंद स्ट्रीट लाइटों के कारण रात को घूमने आने वाले आमजन व पर्यटकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है और भय बना रहता है कि अंधेरे में कोई असामाजिक तत्व किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम न दे दे, आगामी दिनों कई पर्व आ रहे है ,व सार्वजनिक अवकाश के दौरान आमजन व पर्यटकों की भीड़ यहां हमेशा बनी रहती है। संजय कुमार जैन ने जिला कलेक्टर से मांग की कि शीघ्र बंद पड़ी लाइटों को आमजन की सुरक्षार्थ ठीक कराया जाए।

## अजमेर में विवाहिता की मौत पर हंगामा परिवार का आरोप- बीपी लो में भी ऑपरेशन किया, गलत इंजेक्शन लगाया

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर में हॉस्पिटल में विवाहिता की मौत पर हंगामा हो गया। महिला को गांठ होने पर भर्ती करवाया गया। परिवार का आरोप है कि ऑपरेशन से पहले वो बिल्कुल सही थी। बातचीत कर रही थी। ऑपरेशन के बाद गलत इलाज और मेडिसिन के कारण मौत हो गई।

मामला समर्पण हॉस्पिटल का है। मौत के बाद पीहर और ससुराल पक्ष के सभी लोग हॉस्पिटल पहुंचे। परिजन हॉस्पिटल और संबंधित डॉक्टर का लाइसेंस रद्द करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। हंगामे को देखते हुए 4 थानों का जाब्ता मौके पर तैनात किया गया है। परिवार के लोगों ने हॉस्पिटल के अंदर घुसने की कोशिश की तो पुलिस से बहस हो गई। एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ भी मौके पर पहुंचे और समझाइश की। इसके बाद शव को जेएलएन हॉस्पिटल ले जाया गया। अब मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। विवाहिता को गांठ होने पर करवाया था



भर्ती फागी निवासी मृतक महिला के भाई गिरधर सिंह ने बताया- उनकी बहन परबतसर तहसील थांवला निवासी विवाहिता नीतू कंवर (23) पत्नी राम सिंह राठौड़ परबतसर तहसील थांवला की रहने वाली थी। उनकी 3 साल पहले ट्रैवल कारोबारी राम सिंह राठौड़ से शादी हुई थी। विवाहिता के एक 2 साल की बच्ची है। मृतका के भाई फागी निवासी गिरधर सिंह ने कहा- उनकी बहन की डॉक्टरों के गलत इलाज के कारण मौत हुई है। परिजनों की 3 मांग परिजनों ने हॉस्पिटल प्रशासन के सामने अपनी मांग रखी है, जिसमें 50 लाख रुपए की मांग अस्पताल को बंद किया जाए लापरवाही करने वाले डॉक्टर का लाइसेंस रद्द हो।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जारी की 3 भर्ती एग्जाम की मॉडल आज से कैंडिडेट्स दर्ज करा सकेंगे आपत्ति, 25 अगस्त लास्ट डेट

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से असिस्टेंट फिशरीज डेवलेपमेंट ऑफिसर, ग्रुप इंस्ट्रक्टर/सर्वेयर/असिस्टेंट अप्रेंटिशिप एडवाइजर, वाइस प्रिंसिपल/ सुपरिटेंडेंट आईटीआई भर्ती 2024 के एग्जाम की मॉडल आंसर की जारी कर दी गई है। इन परीक्षाओं का आयोजन 29 से 30 जुलाई 2025 तक किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तरकुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ आज यानि 23 से 25 अगस्त 2025 को रात्रि 12ः00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन दर्ज करवा सकता है। मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया- आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न-पत्र के क्रम अनुसार ही प्रविष्ट करनी होगी इन परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करनी होगी। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज नहीं करा सकता। यह रहेगा शुल्क और प्रोसेस आयोग की ओर से हर प्रश्न के लिए आपत्ति शुल्क 100 रुपए (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन ऑब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करानी होगी। प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क 100 रुपए (सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा अभ्यर्थी स्वयं भी रिक्रूटमेंट पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे पर भुगतान कर आपत्तियां दर्ज कर सकता है। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्तियां केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्तियां केवल एक बार ही ली जाएगी। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 23 से 25 अगस्त 2025 को रात्रि 12 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।

### अजमेर में घर के बाहर खड़ी दो-स्कूटी में लगाई आग

## पिता ने बेटे पर लगाया आरोपी, कहा मुझे और परिवार को जान का खतरा

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर के रामगंज थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी दो गाड़ियों में आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने बेटे पर एक्टिवा में आग लगाने का आरोप लगाया है। साथ ही जान को खतरा होने की आशंका बताते हुए थाने में शिकायत दी है। 21 अगस्त की रात हुई घटना के बाद रामगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का वीडियो भी शनिवार को सामने आया है। रामगंज थाना पुलिस के अनुसार लोहार बस्ती सोमलपुर रोड अजयनगर निवासी पुरुषोत्तम देवानी की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि वह मार्केटिंग का काम करता है। उसके पास दो एक्टिवा हैं। इसे वह अपने घर के बाहर खड़ी रखता है। 21 अगस्त को रात्रि में उसकी दोनों एक्टिवा घर के बाहर खड़ी थी। तभी उसके बेटे दीपक ने दोनों गाड़ियों में आग लगा दी। दोनों गाड़ियां जलकर राख हो गई। आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन गाड़ियां जल चुकी थी। पिता ने पुलिस को बताया कि बेटे दीपक से उसे जान का खतरा है। उन्हें आशंका है कि उसे और उसके परिवार के साथ कुछ भी कर सकता है। रामगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दादाबाड़ी में आज होगा महावीर जन्मोत्सव

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** पर्युषण महार्णव के पांचवे दिवस रविवार को जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ दादाबाड़ी में भगवान महावीर स्वामी जन्मोत्सव मनाया जायेगा। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ प्रवक्ता रिखब सुराणा ने बताया कि महावीर जन्मोत्सव के तहत भगवान महावीर स्वामी की माता त्रिशला को भगवान महावीर स्वामी के जन्म से पूर्व 14 स्वप्न आये थे उनको अवतरित किये जायेगें जिसमें बताया गया है कि मेरा पुत्र सुर्य के समान तेज होगा, गजराज के समान बलिस्त होगा और उसके पास रतनो का ठेर होगा, लक्ष्मी जी की उस पर कृपा होगी। जन्मोत्सव के पत्शात् ज्ञान चन्द मालू परिवार की और से स्वर्धमीवात्सल्य आयोजित होगा। पर्युषण महापर्व के दौरान आज अजमेर दादाबाड़ी में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव एवं स्वर्धमीवात्सल्य (सामूहिक भोज) का आयोजन होगा।

## अजमेर में महिला टीचर के घर दिनदहाड़े चोरी छत के रास्ते से अंदर घुसे चोर 10 लाख के जेवर लेकर गए

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर के दरगाह थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक घर में चोरी की घटना से सनसनी फैल गई। चोरों ने बेखौफ होकर घर में घुसकर अलमारी के ताले तोड़े और सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया। इसके बाद वे 10 लाख रुपए की ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला, जो कि एक टीचर हैं, घटना के समय अपनी ड्यूटी पर गई हुई थीं। चोरी की सूचना मिलने पर दरगाह थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शिक्षिका की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके। ड्यूटी पर सर्वे के लिए गई हुई थी लाखन कोटड़ी निवासी महिला टीचर सोनी सतलानी ने बताया कि वह बीएलओ की ड्यूटी पर सर्वे के लिए गई हुई थी।

जब शाम को वापस घर पहुंची और अंदर पूरा सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारी के भी ताले टूटे हुए थे। ज्वेलरी सहित अन्य सामान गायब था। इसकी सूचना दरगाह थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया गया। महिला टीचर ने बताया कि छत के रास्ते से चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। करीब 10 लाख रुपए की ज्वेलरी चोरी कर फरार हुए हैं। पीड़ित टीचर की ओर से दरगाह थाने में इसकी शिकायत दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में चला बचाव कार्य

# सेना के 3 कॉलम, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने बोटों के सहारे लोगों को सुरक्षित निकाला

**प्रशासन ने संभाला मोर्चा, रेस्क्यू किए गए लोगों के लिए भोजन-आवास के पुख्ता इंतजाम**

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही अतिवृष्टि के कारण नदी-नाले उफान पर हैं और कई निचले इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। सबसे विकट स्थिति मालियो की बाड़ी में देखने को मिली, जहां खेत और बस्तियां एक टापू में तब्दील हो गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए पानी के बीच फंस गए। मामले की गंभीरता को



देखते हुए सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा और पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लेने के बाद उन्होंने तुरंत एक बड़े संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन का निर्देश दिया। सेना, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) की टीमें देवदूत बनकर मौके पर पहुंचीं। घंटों चला ऑपरेशन, सुरक्षित निकले 162 लोग कलेक्टर और एसपी की निगरानी में बचाव कार्य शुरू हुआ। सेना के 3 कॉलम के जवान, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम अपनी-अपनी बोटों और बचाव उपकरणों के साथ पानी के तेज बहाव के बीच फंसी जिंदगियों को बचाने में जुट गई। घंटों की कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के बाद, बचाव दलों ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित कुल 162 लोगों को सफलतापूर्वक सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने के बाद उनकी अटकी हुई सांसें वापस लौटीं और उन्होंने प्रशासन व सेना का आभार व्यक्त किया। मौके पर मौजूद जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया, हमारी पहली प्राथमिकता हर एक नागरिक की जान बचाना है। जिले में जहां कहीं भी जलभराव से लोगों के फंसे होने की सूचना मिल रही है, वहां तत्काल टीमें भेजकर रेस्क्यू किया जा रहा है। सभी रेस्क्यू किए गए लोगों के लिए भोजन, आवास, और चिकित्सा सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिए गए हैं।

राहत और बचाव कार्य लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि पुलिस बल भी बचाव कार्यों में पूरा सहयोग कर रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें और किसी भी आपात स्थिति में जिला कंट्रोल रूम को सूचित करें।

## उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 324 अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

**उदयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** उदयपुर पुलिस ने जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है, जिसके तहत 324 अपराधियों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक गौरव वास्तव और जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर शनिवार 23 अगस्त कोअलसुबह की गई। इस विशेष अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और अजंना सुखवाल के सुपरविजन में 115 से अधिक टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में 510 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने जिले में 780 से अधिक स्थानों पर एक साथ दबिश दी। गिरफ्तार किए गए 324 अभियुक्तों में से 7 ऐसे थे जो हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, और डकैती जैसे जघन्य अपराधों में वांछित थे। इसके अलावा, 54 स्थायी/गिरफ्तारी वारंटी और 23 सामान्य मामलों में वांछित अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई के तहत 228 व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान पुलिस ने आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम के तहत 17 नए मामले दर्ज किए और 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। टीमों ने 32 हिस्ट्रीशीटरों के घर पर भी दबिश देकर उनसे पूछताछ की। एसपी गोयल ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे अपराध और अपराधियों के बारे में पुलिस को जानकारी दें और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## चूरू पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी एक करोड़ की अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार



**जयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** सरदारशहर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब निर्मित अवैध शराब की भारी खेप पकड़ी है। पुलिस ने करीब 1 करोड़ रुपये की शराब और बीयर जब्त करने के साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जय यादव के विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल और वृताधिकारी सत्यनारायण गोदारा के मार्गदर्शन व थानाधिकारी मदन लाल बिश्नोई के नेतृत्व में एएसआई प्रदीप कुमार की एक टीम का गठन किया गया। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध शराब से भरा एक ट्रक मेगा हाईवे रोड से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर तेजा गार्डन होटल के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। ट्रक में दो लोग सवार थे, जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। पुलिस ने ट्रक चालक इस्माइल खान और खलासी अय्यूब खान निवासी शेरगढ़ जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक से विभिन्न ब्रांड की पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब (रॉयल चैलेंज, ऑल सेसन, रॉयल ग्रीन) के 908 कार्टन और बीयर (गॉडफादर, किंगफिशर) के 360 कार्टन बरामद किए गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह शराब पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। इस पूरी कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी जयप्रकाश झाझड़िया की टीम की भी अहम भूमिका रही।

### अजमेर के बड़े नाले में बहा दिव्यांग दीवार के पास बैसाखी कृत्रिम पैर पड़ा मिला, एसडीआरएफ और पुलिस जांच में जुटी

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर के अलवर गेट क्षेत्र के गुर्जर बस्ती से गुजरने वाले आनासागर एस्केप चैनल में शुक्रवार देर शाम को एक दिव्यांग व्यक्ति गिर गया। पता चलने के बाद लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ को मौके पर बुलवा लिया। दिव्यांग का अब तक पता नहीं चल सका है। अलवर गेट के गुर्जर बस्ती क्षेत्र के सुखाड़िया उद्यानों के निकट से गुजरने वाले (नाला) आनासागर एस्केप चैनल की दीवार के पास शाम को करीब 7 बजे क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग व्यक्ति मनोज का कृत्रिम पैर और उसकी बैसाखी पड़ी हुई मिलने पर लोगों को पता चला। लोग मौके पर एकत्र हो गए। उनका मानना था कि मनोज नाले में गिर गया। लेकिन नाले में देखने पर वह कहीं भी दिखाई नहीं दिया। ऐसे में लोगों ने क्षेत्र की पार्षद चंचल बेरवाल और उनके पति निर्मल बेरवाल को फोन कर दिया, जिस पर बेरवाल दंपती मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस और सिविल डिफेंस को सूचना दी। इस पर अलवर गेट थाना पुलिस का दल मौके पर पहुंच गया। कुछ ही देर में सिविल डिफेंस की टीम भी पहुंच गई। जब मनोज का कुछ पता नहीं चला तो पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलवा लिया। उसकी तलाश शुरू की लेकिन अब तक पता नहीं लगा। निर्मल बेरवाल ने बताया कि मनोज जयपुर में कार्य करता है। वह राखी के त्यौहार पर अजमेर परिवार से मिलने के लिए आया था। तब से ही यहां रह रहा है। संतुलन बिगड़ने से वह एस्केप चैनल (नाले) में गिर गया।

## कोतवाली थाने में सी एल जी बैठक का सफल आयोजन



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सदर कोतवाली पुलिस थाने की आज थाने में आज शांति समिति व सी एल जी की बैठक का सफल आयोजन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए ष्टश्वह्र व थानाधिकारी रूद्र प्रकाश जी व दया राम चौधरी ने सायबर क्राइम, सोशल मीडिया आदि से फ्राड के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े हुए प्रबुद्ध नागरिक हो। हम सब मिलकर साथ और सहयोग करेंगे तो अपराध पर लगाम लगाई जा सकती हैं। थानेदार दयाराम चौधरी ने उपस्थित सभी शांति समिति व ष्टस्न सदस्यों से कहा कि आप किसी भी अपने क्षेत्र में होने वाली अपराधिक घटनाओं की आप जानकारी देंगे तो, तुरंत कार्यवाही होगी।

पूरी कोतवाली टीम आम जन में विश्वास, अपराधियों में भय के ध्येय वाक्य पर काम कर रहे हैं। आज इस अवसर पर किशन गुप्ता, कमल गंगवाल, विजय पांड्या, अशोक मुदगल, अशोक बिंदल, अशोक दुलानी, अमित डानी, राजेन्द्र गांधी, सुरेश तम्बोली, राजकुमार गर्ग, राजकुमार वर्मा हीरालाल जीनगर, महिला सखी व समस्त थाना स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय...

### अतिक्रमण हटाओ अभियान



राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश में सड़क व फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए इन्हें हटाने के लिए राज्य सरकार को नगर निगम, नगर परिषदों के माध्यम से अभियान चलाने का निर्देश दिया है कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि अतिक्रमण चिह्नित करते समय मास्टर प्लान में जोनल डेवलपमेंट प्लान के मानकों का ध्यान रखा जाए अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देने में किसी अधिकारी या पुलिस अधिकारी की भूमिका सामने आए तो उसे बक्शा नहीं जाए, अतिक्रमण करने वालों के प्रति सहानुभूति नहीं दिखा सकते, लेकिन कार्यवाही से पहले प्रभावित व्यक्ति को 7 से 8 दिन का समय दिया जाए, इस संदर्भ में 7 अक्टूबर को कार्रवाई रिपोर्ट प्लीज करने के भी अदालत में निर्देश दिए हैं, अदालत ने नगरीय विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सहित अन्य विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा के मुखिया की भी अदालत में उपस्थित अनिवार्य की है।

अदालत ने अपनी फैसले में कहा है कि शेहै किरों को जोड़ने वाले मार्गों पर अतिक्रमण चिह्नित करते समय मास्टर प्लान का ध्यान रखा जाए सड़कों और फुटपाथ पर कोई भी अतिक्रमण नहीं रहना चाहिए किसी ग्राम अधिकारी की ओर से जारी या कोर्ट का आदेश भी अतिक्रमण हटाने में आडे नहीं आना चाहिए अतिक्रमण हटाने से पूर्व प्रभावित व्यक्ति को 7 से 8 दिन का समय दिया जाए जिससे वह कब्जा हटा सके, इसी तरह अतिक्रमण करने वाले कब्जा नहीं हटाए तो प्रशासन कब्जा करे और उसका खर्च अतिक्रमणकारियों से वसूल करें। अदालत ने यह सब फैसला करते हुए राज्य स्तर पर बड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिया है और उसकी समय-समय पर अदालत को रिपोर्ट देने को भी कहा है माला जा रहा की अदालत मॉनिटरिंग करेगी तो ऐसे कई अतिक्रमण मुख्य मार्गो से हट जाएंगे जो पिछले 20 साल तक जमे हुए हैं।

**वैभव लोढ़ा...**

## इतिहास में आज

1690 – कलकत्ता शहर का स्थापना दिवस।
1969 – वाराहगिरि वेंकट गिरि भारत के चौथे राष्ट्रपति बने।
1974 – फ़ख़रुद्दीन अली अहमद भारत के पांचवें राष्ट्रपति बने।
2000 – कल्याणजी – हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध संगीतकर का निधन।

-धर्म चंद मेहता

## क्रॉस फायर

❑ प्रधानमंत्री मोदी बोले घुसपैठियों को देश से निकाल कर रहेंगे।
◆ 10 साल में आने क्यों दिया।

❑ सुप्रीम कोर्ट ने कहा बिहार में हटाए गए मतदाता आधार कार्ड के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरे।
◆ इतने पढ़े-लिखी और जागरूक होते तो नाम क्यों कटते ।

❑ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले भारत ने मेहनत से फरारी कार जैसी इकोनामी बनाई।
◆ फेरारी बना दी पर चलने के लिए पेट्रोल तो भरवाते।

❑ गृहमंत्री शाह बोले विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार वामपंथी उग्रवाद के मददगार।
◆ कितने आरोप लगाए उतने कम है अभी तो

❑ सुप्रीम कोर्ट बोला आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण कर उन्हें छोड़ें।
◆ उनका काटना बंद नहीं होगा।

❑ पूर्व सेना प्रमुख बोले भारत और चीन के रिश्ते सुधर रहे हैं।
◆ इसके लिए ट्रंप को धन्यवाद दो।

❑ राहुल गांधी के बिहार यात्रा में हर जगह जनसैलाब।
◆ समझने वाले अब तक नहीं समझ रहे हैं।

❑ राजस्थान के 5 जिलों में बाढ़ के हालात।
◆ भगवान मालिक है राजस्थान का

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### रविवार 24 अगस्त 2025

**मेष राशि:** व्यवहार में आये परिवर्तन से लोग अचंभित होंगे। अपने कार्य में मन नहीं लगेगा। मेहनत के अनुरूप धन नहीं मिलने से नौकरी छोडने् का मन बना रहे हैं। थोड़ा संभल कर रहें विवाद हो सकते हैं।

**वृषभ राशि:** आर्थिक पक्ष कमजोर होने से परेशानी बढ़ सकती है। परिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अपने हुनर से ख्याति मिलेगी। प्रशासनिक सेवा से जुड़े जातको को नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन राशि:** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते हैं। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आप की उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी। समय रहते उचित विद्वानों का मार्गदर्शन लें। समय अभी अनुकूल नहीं हैं।

**कर्क राशि:** आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते की आप आगे बढ़ें, थोड़ा सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भितरघात वालों से सावधान रहें। कार्यस्थल पर विवाद की स्थिति निर्मित होगी।

**सिंह राशि:** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वयं को गंभीर रखें। आप का व्यवहार ही लोगों को आकर्षित करता है। व्यापार विस्तार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कन्या राशि:** रुके कार्यों में गति आएगी। स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। न्यायालयीन फैसला आप के पक्ष में हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा। समय अनुकूल है।

**तुला राशि:** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग है। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है।

**वृश्चिक राशि:** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए हैं। आप के कार्य की प्रशंसा होगी। अध्ययन के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है।

**धनु राशि:** आय के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट आशीर्वाद से नई सफलता को प्राप्त करेंगे। नए शत्रु उभर सकते हैं। पारिवारिक खर्च बढ़ेगा।

**मकर राशि:** अध्ययन में अवरोध आ सकते हैं। कार्यस्थल पर कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते है। जीवनसाथी से अनादर प्राप्त हो सकता है। वाहन सुख संभव है।

**कुम्भ राशि:** पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्य पद्धति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। विरोधी परास्त होंगे। परिवार में किसी वृद्धजन का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**मीन राशि:** आज दिन की शुरुआत में क्रोध हावी रहेगा। आत्मविश्वास में कमी होगी एवं कार्यों में सफलता मिलने में संदेह है। पूर्व में हुई गलतियों को सुधारने का मौका मिलेगा। संतान सुख प्राप्त होगा।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## आज-अमर शहीद शिवराम हरि राजगुरु जयंती

# जीवन की लंबाई नहीं, ऊँचाई मायने रखती है–राजगुरु, फाँसी का फंदा भी जिसे उत्सव लगा–शहीद राजगुरु



प्रो. आरके जैन

कल्पना करें उस पल को, जब एक युवा, जिसकी उम्र मुश्किल से इक्कीस-बाईस वर्ष होगी, आँखों में आजादी का सपना लिए, चेहरे पर न डरने वाली हँसी और दिल में मातृभूमि के प्रति अटूट जुनून लिए, फाँसी के तख्ते की ओर इस तरह बढ़ता हो, मानो वह कोई उत्सव मनाने जा रहा हो। यह महज एक काल्पनिक चित्र नहीं, बल्कि शिवराम हरि राजगुरु की अमर गाथा है, जिन्होंने अपने साहस, बुद्धिमत्ता और अनूठे हास्य से भारत के स्वतंत्रता संग्राम को एक नई चमक दी। उनकी जयंती पर जब हम उनके जीवन को स्मरण करते हैं, तो इतिहास के वे पन्ने सजीव हो उठते हैं, जो न केवल गौरव से भरे हैं, बल्कि आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का अखंड स्रोत हैं। राजगुरु का जीवन सिर्फ एक क्रांतिकारी की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसी ज्योति है, जो हमें आत्मबल, बौद्धिक गहराई और निर्भीकता का सबक देती है। शिवराम हरि राजगुरु का जन्म 24 अगस्त 1908 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ा (अब राजगुरुनगर) में एक मध्यमवर्गीय मराठा परिवार में हुआ। बचपन साधारण रहा, पर सोच असाधारण थी। कम उम्र में बनारस जाकर उन्होंने संस्कृत और तर्कशास्त्र का गहन अध्ययन किया। लाहौर षड्यंत्र मामले में पूछताछ के दौरान संस्कृत में जवाब देकर अंग्रेजों को चकित कर दिया, जो उनकी विद्वता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक था। राजगुरु केवल क्रांतिकारी नहीं, बल्कि एक विद्वान थे, जिन्होंने ज्ञान को राष्ट्रसेवा का हथियार बनाया। राजगुरु का व्यक्तित्व केवल विद्वता तक सीमित नहीं था; उनकी शारीरिक शक्ति और अनुशासन भी अद्भुत थे। बनारस में 'हनुमान प्रसारक मंडल' से जुड़कर उन्होंने कुश्ती, व्यायाम और आत्मरक्षा में निपुणता हासिल की। क्रांतिकारी आंदोलन के चरम पर उन्होंने अपने शरीर को लोहे-सा दृढ़ बनाया, जो किसी भी यातना को झेल सके। एक बार चंद्रशेखर आज़ाद ने ब्रिटिश पुलिस की यातनाओं का ज़िक्र किया। जवाब में राजगुरु ने चुपके से अंगीठी से जलती लोहे की छड़ उठाई और उसे अपने शरीर पर सात बार रखा, बिना दर्द की शिकन के। आज़ाद के चिंतित पूछने पर उन्होंने हँसते हुए कहा, 'यातना शरीर को छू सकती है, आत्मा को नहीं।' यह उनकी अटूट सहनशक्ति और आत्मबल का प्रेरक उदाहरण है, जो इतिहास में कम ही उजागर हुआ। उनकी यह तपस्या ने साथियों में जोश का संचार किया। राजगुरु की निशानेबाजी की कला अद्वितीय थी, जिसने उन्हें क्रांतिकारी आंदोलन का नायाब सिपाही बनाया। 17 दिसंबर 1928 को लाहौर में जॉन सांडर्स की हत्या की योजना में उनकी भूमिका उनकी अचूक निशानेबाजी के कारण थी। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी (HSRA) ने उनकी सटीकता पर अटूट भरोसा जताते हुए उन्हें यह ज़िम्मेदारी सौंपी। भले ही गोली स्कॉट के बजाय सांडर्स को लगी, इस कार्रवाई ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी। कार्रवाई के बाद राजगुरु की निर्भीक सहजता देखते बनती थी। उन्होंने हल्के अंदाज़ में कहा, निशाना सिर पर था, गोली सीने में लगी। यह हास्यबोध उनकी निर्भीकता का प्रतीक था। मृत्यु की छाया में भी उनकी हँसी अडिग रही, जो उनके साहस और जीवटता को दर्शाती है। राजगुरु का हास्यबोध उनकी सबसे अनोखी विशेषता थी, जो उन्हें अन्य क्रांतिकारियों से अलग करता था। भगत सिंह और सुखदेव के साथ उनकी दोस्ती केवल क्रांति की साझेदारी नहीं थी, बल्कि एक ऐसा रिश्ता था जो हँसी और आत्मीयता से भरा था। जेल में भी वे अपने साथियों का हौसला बढ़ाने के लिए मजाक करते। एक बार भूख हड़ताल के दौरान जब साथियों ने उनसे पूछा, 'अगर तुम पहले मर गए तो?' तो राजगुरु ने ठहाका लगाते हुए कहा, 'तो मैं वहाँ तुम्हारे लिए एक कमरा बुक कर दूँगा।' यह हल्का-फुल्का जवाब उस युवक की मानसिक दृढ़ता को दर्शाता है, जो मृत्यु को भी एक खेल की तरह लेता था। उनकी सहजता का एक और उदाहरण तब देखने को मिला जब सांडर्स हत्याकांड के बाद भगत सिंह और राजगुरु को भागना पड़ा। भगत सिंह और उनकी पत्नी दुर्गावती (जो साथ थीं) ने अंग्रेज साहब और मैम का वेश बनाया, जबकि राजगुरु ने नौकर की भूमिका निभाई। ट्रेन में उनका अभिनय इतना स्वाभाविक था कि अंग्रेज अधिकारी भी धोखा खा गए। यह उनकी चपलता और बुद्धिमानी का परिचय था, जो इतिहास में कम ही उजागर होता है। लाहौर सेंट्रल जेल में राजगुरु का अटल आत्मबल कभी नहीं डिगा। भगत सिंह और सुखदेव के साथ उनकी बातचीत गंभीरता और हास्य का अनूठा संगम थी, जो जेल की दीवारों को उनके ठहाकों से गूँजने देती थी। फाँसी से कुछ घंटे पहले उन्होंने साथियों से कहा, जीवन का मूल्य उसकी लंबाई में नहीं, उसकी ऊँचाई में है। यह वाक्य उनके जीवन का सार है। महज 22 वर्ष की उम्र में राजगुरु ने ऐसी ऊँचाई छुई, जो आज भी हर दिल को प्रेरित करती है, साहस और बलिदान की अमर गाथा बनकर। राजगुरु को प्राय: भगत सिंह और सुखदेव की छाया में देखा जाता है, किंतु यह एक भ्रांति है। वे उस त्रयी का अपरिहार्य अंग थे, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा और गति प्रदान की। उनकी विद्वता, साहस और हास्यबोध ने इस त्रयी को पूर्णता दी। कम लोग जानते हैं कि जेल में राजगुरु ने संस्कृत में एक डायरी लिखी, जिसमें उनके गहन विचार झलकते थे। अफसोस, वह डायरी आज लुप्त है, पर यह उनके बौद्धिक सामर्थ्य का प्रतीक है। उनकी जयंती पर हमें यह स्मरण करना होगा कि राजगुरु केवल क्रांतिकारी नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा थे। उन्होंने सिखाया कि क्रांति केवल बारूद और बंदूकों का शोर नहीं, बल्कि ज्ञान, आत्मबल और हृदय की निर्मलता का संगम है। उनकी जिंदादिली और निर्भीकता आज की युवा पीढ़ी के लिए एक चुनौती है—जब तन, मन और हृदय एक लक्ष्य के लिए एकजुट हों, तो कोई बाधा अजेय नहीं। राजगुरु का जीवन हमें पुकारता है कि हम अपने भीतर की ज्वाला को प्रज्वलित करें और असंभव को संभव बनाएँ। 23 मार्च 1931 को, जब राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव फाँसी के तख्ते पर चढ़े, उन्होंने न केवल अपनी जान कुर्बान की, बल्कि एक ऐसी ज्योति प्रज्वलित की जो आज भी धधक रही है।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल–'मनोरंजन, रोजगार और सामाजिक ज़िम्मेदारी के बीच संतुलन की तलाश'

डॉ. सत्यवान सौरभ

***लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 को लेकर गहन बहस हुई। सरकार ने इसे समाज में जुए और लत जैसी प्रवृत्तियों को रोकने के लिए आवश्यक बताया, जबकि विपक्ष ने इसे रोजगार और उद्योग पर चोट मानते हुए संशोधन की माँग रखी। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिल केवल रियल-मनी गेमिंग और सट्टेबाज़ी पर रोक लगाता है, जबकि ई-स्पोर्ट्स और कौशल आधारित खेलों को प्रोत्साहित करेगा। कुछ सांसदों ने युवाओं की मानसिक सेहत और परिवारों की सुरक्षा पर चिंता जताई, वहीं उद्योग से जुड़े हितों पर विशेष समिति गठित करने का सुझाव आया।***

भारत में डिजिटल क्रांति के बाद से मोबाइल और इंटरनेट ने जिस तरह लोगों के जीवन को प्रभावित किया है, उसमें ऑनलाइन गेमिंग का संसार सबसे अधिक आकर्षक और विवादित रहा है। स्मार्टफोन की बढ़ती पहुँच, तेज़ इंटरनेट और युवाओं के बीच डिजिटल प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता ने इस क्षेत्र को तेजी से विस्तार दिया है। लेकिन जहाँ एक ओर ई-स्पोर्ट्स और कौशल-आधारित खेलों ने भारत को विश्व मानचित्र पर जगह दिलाई है, वहीं दूसरी ओर पैसे के दाँव पर खेले जाने वाले खेल, बेटिंग ऐप्स और जुए जैसी प्रवृत्तियों ने समाज और सरकार दोनों को चिंतित किया है।

इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग बिल को मंजूरी दी है। यह बिल न केवल आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि भविष्य में भारत की डिजिटल नीति की दिशा भी तय करेगा। यह बिल स्पष्ट रूप से कहता है कि कोई भी वास्तविक धन पर आधारित गेमिंग या ऑनलाइन सट्टेबाज़ी प्रतिबंधित होगी। इसके साथ ही ऐसे खेलों के विज्ञापन, प्रचार और वित्तीय लेन-देन पर भी रोक लगाने का प्रावधान है। इसका सीधा मतलब है कि बैंक और वित्तीय संस्थान किसी भी रूप में ऐसे खेलों से जुड़े लेन-देन को प्रोसेस नहीं करेंगे। इस प्रावधान से सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि पैसे के लालच में जुए जैसी प्रवृत्तियाँ समाज में न फैलें। परंतु इस बिल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ई-स्पोर्ट्स और कौशल-आधारित गैर-आर्थिक गेमिंग को बढ़ावा देता है। सरकार ने साफ किया है कि उसे खेल के रूप में ई-स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करना है। आने वाले समय में 'नेशनल ई-स्पोर्ट्स अथॉरिटी' जैसी संस्था की स्थापना की जा सकती है, जो ई-स्पोर्ट्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधि बनाने की दिशा में काम करेगी। यह कदम न केवल डिजिटल खेलों को वैधता देगा बल्कि उन लाखों युवाओं को भी अवसर देगा जो गेमिंग को कैरियर बनाना चाहते हैं। इस बिल का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके तहत सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (ऱूद्वह्लङ्क) को केंद्रीय नियामक की भूमिका सौंपी गई है। मंत्रालय को यह अधिकार होगा कि वह गैर-पंजीकृत या अवैध गेमिंग प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर सके। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी और अवैध गतिविधियों से बचाने के उद्देश्य से की गई है। भारत में अब तक ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े नियम अलग-अलग राज्यों में अलग थे।

कहीं इसे वैध माना गया तो कहीं प्रतिबंधित। ऐसे में एक राष्ट्रीय स्तर की रूपरेखा बनाना समय की मांग थी। यह बिल केवल नियम-कानून का दस्तावेज़ नहीं है बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी हैं। पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि ऑनलाइन बेटिंग और वास्तविक धन से जुड़े खेलों की लत ने कई युवाओं की ज़िंदगियाँ बर्बाद कर दी हैं। कई मामलों में लोगों ने कर्ज़ लेकर खेला और परिवार तबाह हो गए। बच्चों में भी मोबाइल गेम्स की लत मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रही है। सरकार को यह भी एहसास है कि इस समस्या को रोकना उतना ही ज़रूरी है जितना मादक पदार्थों की लत को रोकना। कई विशेषज्ञों ने तो इसे नशे से भी खतरनाक बताया है क्योंकि यह बिना किसी भौतिक पदार्थ के सीधे दिमाग़ पर नियंत्रण कर लेती है। हालाँकि उद्योग जगत का पक्ष बिल्कुल अलग है। गेमिंग इंडस्ट्री का कहना है कि इस बिल से लगभग दो लाख नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है और सरकार को हर साल मिलने वाले बीस हज़ार करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व पर भी असर पड़ सकता है। 'ड्रीम11', 'गेम्स24×7', 'विन्ज़ो' जैसी कंपनियाँ लंबे समय से करोड़ों रुपये का कारोबार कर रही हैं। उनका कहना है कि यदि घरेलू प्लेटफॉर्म को पूरी तरह रोक दिया गया तो उपयोगकर्ता विदेशी और ऑफशोर प्लेटफॉर्म की ओर रुख करेंगे, जहाँ न तो सरकार का कोई नियंत्रण होगा और न ही उपभोक्ताओं की सुरक्षा। इससे उल्टा नुकसान ही होगा। इस बहस में दोनों पक्षों की अपनी-अपनी दलीलें हैं। सरकार का तर्क है कि समाज को जुए और नशे की लत से बचाना ज़रूरी है, वहीं उद्योग जगत मानता है कि यह क्षेत्र देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है और इसे खत्म करना युवाओं के रोजगार और नवाचार दोनों के लिए नुकसानदायक होगा। असली चुनौती यही है कि सही संतुलन कैसे कायम किया जाए। बिल के समर्थकों का कहना है कि इस कदम से न केवल सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लगेगी।

ई-स्पोर्ट्स को प्रोत्साहन देकर भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत सकता है, जैसा कि हमने बैडमिंटन, कुश्ती या क्रिकेट में देखा है। इसके अलावा गैर-आर्थिक गेम्स को बढ़ावा देने से बच्चों का मनोरंजन भी सुरक्षित दायरे में रहेगा। दूसरी ओर आलोचकों का मानना है कि सरकार को 'पूर्ण प्रतिबंध' की बजाय 'कड़े नियमन' का रास्ता चुनना चाहिए था। यदि धन-आधारित गेमिंग को लाइसेंस प्रणाली और कड़े कराधान के तहत नियंत्रित किया जाता तो न केवल सरकार को राजस्व मिलता बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा भी बनी रहती। पूरी तरह प्रतिबंध लगाने से समस्या यह है कि लोग भूमिगत या विदेशी प्लेटफॉर्म की ओर भागेंगे और सरकार का नियंत्रण और भी कमजोर हो जाएगा। यह बहस केवल भारत तक सीमित नहीं है। विश्व के कई देशों में ऑनलाइन गेमिंग को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। अमेरिका और यूरोप के कई हिस्सों में इसे सख्त नियमों और टैक्स प्रणाली के तहत वैध किया गया है। वहीं चीन जैसे देशों ने बच्चों के लिए गेमिंग के समय पर ही पाबंदी लगा दी है। भारत ने अब तक इस दिशा में कोई स्पष्ट राष्ट्रीय नीति नहीं बनाई थी, यही कारण है कि राज्यों के स्तर पर भ्रम और असमानता बनी रही। अब सवाल यह उठता है कि आगे क्या होगा? यह बिल लोकसभा में पेश किया जाएगा और संभव है कि इसमें संशोधन हों। उद्योग जगत की चिंताओं को देखते हुए सरकार कुछ नरमी दिखा सकती है। उदाहरण के लिए 'फैंटेसी स्पोर्ट्स' को कौशल-आधारित खेल मानकर सीमित अनुमति दी जा सकती है। इसी तरह कराधान और नियमन के ज़रिए सरकार और उद्योग के बीच समझौता हो सकता है। परंतु एक बात तय है कि यह बिल भारत की डिजिटल यात्रा का अहम पड़ाव है। यह देश को यह सोचने पर मजबूर करता है कि तकनीक और समाज का संतुलन कैसे बनाया जाए। तकनीक अपने आप में न अच्छी है न बुरी, उसका इस्तेमाल उसे अच्छा या बुरा बनाता है।

यदि ऑनलाइन गेमिंग युवाओं को कैरियर, रोजगार और अंतरराष्ट्रीय पहचान दे सकती है तो यह सकारात्मक है। लेकिन यदि वही गेमिंग परिवारों को तोड़ दे, युवाओं को कर्ज़ में डुबो दे और अपराध को बढ़ावा दे, तो यह खतरनाक है। इसलिए ज़रूरी है कि सरकार, उद्योग, समाज और परिवार – सभी मिलकर समाधान निकालें। अभिभावकों को बच्चों पर नज़र रखनी होगी, शिक्षा संस्थानों को डिजिटल साक्षरता सिखानी होगी, उद्योग जगत को आत्मनियंत्रण और पारदर्शिता अपनानी होगी और सरकार को नियमन और प्रोत्साहन के बीच संतुलन बनाना होगा। ऑनलाइन गेमिंग बिल केवल एक कानून नहीं है, यह हमारे समाज के भविष्य की रूपरेखा है। यह हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हम डिजिटल क्रांति को सिर्फ मनोरंजन और जुए का साधन बनने देंगे या इसे शिक्षा, रोजगार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का अवसर बनाएँगे।

# बिहार में मोदी और राहुल की आक्रामक चुनावी जंग



बाल मुकुन्द ओझा

बिहार विधानसभा चुनाव की अब तक कोई अधिकृत घोषणा नहीं हुई है मगर चुनावी बिगुल बज चुका है। एनडीए और महागठबंधन के बीच आक्रामक चुनावी जंग की बिसात बिछ गई है। सियासी पार्टियों ने चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड और भेद को अपना चुनावी हथियार बना लिया है। ये चुनाव एनडीए और महागठबंधन के लिए करो या मरो का रूप ले चुका है। इस समय कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के जरिये जनमानस की नब्ज टटोल रहे है और वोट चोरी का मामला पूरी ताकत से उठा रहे है। राहुल आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ 17 अगस्त से मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा भी बुलंद का रहे है। इसी बीच प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गयाजी में एक लक्खी रैली को सम्बोधित कर चुनावी प्रचार को धार दे दी। इस रैली में जुटी भारी भीड़ ने बिहार के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। मोदी ने कांग्रेस और राजद पर घुसपैठियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस और राजद वाले वोटबैंक को बढ़ाने के लिए बिहार का हक घुसपैठियों को देना चाहते हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल बिहार को हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी, बल्कि विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। मोदी ने रैली में भ्रष्टाचारियों को ललकारते हुए कहा कि नया संविधान संशोधन कानून बन रहा है, जिसमें अगर 30 दिन के भीतर जमानत नहीं मिली तो 31 वें दिन कुर्सी छोड़नी होगी। जेल में रहकर सरकार चलाने का कोई अधिकार नहीं है। जो भी जेल जाएगा उसे कुर्सी छोड़नी ही होगी। सियासी समीक्षकों का कहना है इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का असर राष्ट्रीय राजनीति पर निश्चित रूप से पड़ेगा। यह कहने वालों की कोई कमी नहीं है कि मगध में सता की हनक दिल्ली तक शिद्दत से महसूस की जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडी यू के पास लोकसभा की 12 सीटें है। यदि नीतीश और मोदी बिहार का चुनाव हार जाते है तो इसका असर नीतीश की पार्टी पर पड़ेगा और आरजेडी सुप्रीमों को विश्वास है उस स्थिति में नीतीश के गिरते स्वास्थ्य का फायदा उठाकर उनकी पार्टी में सेंध लगाने में सफल हो जायेंगे। हालाँकि हाल फिलहाल यह दूर की कौड़ी है। बिहार चुनाव को लेकर समय एनडीए एकजुट है। आरजेडी सुप्रीमो लालू के बेटे तेजस्वी को विश्वास है कि यदि बिहार फ़तेह कर लिया तो नीतीश की पार्टी में भगदड़ मच जाएगी और अंततोगत्वा इसका सीधा नुक्सान मोदी सरकार को होगा। इसके बाद चंद्रबाबू नायडू को भी मोदी से भटकाया जा सकता है।

एनडीए के सूत्रों का कहना है सपना लेने का अधिकार सब को है। उनका सपना तो टूटेगा ही साथ ही एनडीए फिर बिहार में अपनी सरकार बना लेगा । बहरहाल चुनावी सरगर्मियां बिहार में बहुत तेजी पर है। यह चुनाव एक राज्य का चुनाव न होकर राष्ट्रीय स्थिति पर सियासी तस्वीर बदलने वाले चुनाव के रूप में लड़ा जा रहा है । वक्फ संशोधन कानून बनने के बाद बिहार में यह पहला चुनाव होगा। देखना होगा कि नीतीश मुस्लिम मतदाताओं का वोट अपनी झोली में ले जाते है या नहीं। वक्फ विधेयक के चलते मुस्लिम नेताओं के इस्तीफे से पार्टी के अल्पसंख्यक चेहरों की कमी हुई है। नीतीश को मुस्लिम वोटों का नुक्सान होने का अंदेशा है मगर कहा जा रहा है इसकी भरपाई भाजपा और चिराग पासवान की पार्टी से हो जायेगा। बिहार में एनडीए का मुकाबला महागठबंधन से होगा जिसका नेतृत्व लालू और तेजस्वी की बाप बेटे की जोड़ी के हाथ में है। इस गठजोड़ में कांग्रेस सहित वामपंथी पार्टियां शामिल है। दिल्ली में जीरो हैट्रिक के बाद बिहार में कांग्रेस को अग्नि परीक्षा से गुजरना होगा। लालू ने अपने बेटे तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की सार्वजनिक घोषणा कर रखी है।

# पहले जापान फिर चीन...कूटनीति में यात्रा का क्रम कई संदेश देता है, एशियाई राजनीति में संतुलन साधेंगे मोदी

-नीरज कुमार दुबे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अगस्त से 1 सितंबर तक जापान और चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। यह दौरा केवल दो देशों की यात्रा भर नहीं है, बल्कि एशिया तथा वैश्विक राजनीति की दिशा और संतुलन को प्रभावित करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इतना ही नहीं, इसके प्रभाव वॉशिंगटन तक भी पहुँचेंगे। सबसे पहले, 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी जापान जाएंगे, जहाँ वह प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ 15वें भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे। यह मोदी का जापान का आठवाँ दौरा और इशिबा के साथ उनकी पहली मुलाक़ात होगी। हम आपको बता दें कि भारत और जापान के बीच 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' है, जिसमें रक्षा-सुरक्षा, व्यापार, तकनीकी सहयोग और जन-से-जन संपर्क प्रमुख आधार हैं। इस यात्रा के माध्यम से मोदी यह संदेश देंगे कि भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक, पारदर्शी और नियम-आधारित व्यवस्था का प्रबल समर्थक है। जापान के लिए यह संकेत भी स्पष्ट होगा कि भारत उसके साथ गहरी साझेदारी चाहता है और चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच वह अकेला नहीं है। इसके बाद, 31 अगस्त-1 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (स्ष्टह्र) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

एससीओ भारत की एशिया नीति का अहम हिस्सा है, जहाँ सुरक्षा, आतंकवाद और क्षेत्रीय सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होता है। इस मंच पर मोदी की मौजूदगी चीन के लिए यह संदेश है कि भारत टकराव नहीं बल्कि संवाद और बहुपक्षीय सहयोग का पक्षधर है। साथ ही यह भी स्पष्ट संकेत है कि भारत जापान जैसे देशों के साथ सामरिक सहयोग बढ़ाकर बीजिंग पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाए रखने की क्षमता रखता है। कूटनीति में यात्रा का क्रम भी संदेश देता है। मोदी ने पहले जापान और फिर चीन का दौरा तय कर यह जताया है कि भारत एशिया में अपनी स्वतंत्र रणनीतिक प्राथमिकताओं पर चलता है। बीजिंग को संकेत दिया गया है कि भारत उसकी शर्तों पर नहीं झुकेगा और जापान को आश्वस्त किया गया है कि चीन के साथ संवाद उसकी कीमत पर नहीं होगा। इसके अलावा, जापान के साथ रक्षा सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का संतुलन साधने में मदद कर सकता है, वहीं जापान निवेश और तकनीकी सहयोग का भी बड़ा स्रोत है। दूसरी ओर, चीन के साथ सीधे संवाद बनाए रखने से भारत को सीमा विवाद और स्ष्टह्र जैसे मंचों पर अपनी स्थिति मजबूती से रखने का अवसर मिलता है। इस क्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का हालिया बयान उल्लेखनीय है, जिसमें उन्होंने संकेत दिया कि परिस्थितियाँ मांगने पर चीनी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) पर लगी पाबंदियों की समीक्षा की जा सकती है। यह संकेत ऐसे समय आया है जब अमेरिका के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों में तनाव देखा जा रहा है और चीन के साथ तालमेल की संभावनाएँ खुल रही हैं। अमेरिकी दृष्टि से यह यात्रा बेहद अहम है। वॉशिंगटन इसे गहराई से देखेगा, क्योंकि यह उसकी इंडो-पैसिफिक रणनीति, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा और जापान की भूमिका— तीनों से जुड़ी है। भारत यहाँ अमेरिका को यह संदेश देना चाहता है कि वह किसी एक खेमे का हिस्सा नहीं है। जापान में जाकर भारत अपने 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' को मजबूत करता है, जो अमेरिका की इंडो-पैसिफिक दृष्टि से मेल खाता है। वहीं चीन जाकर मोदी यह दिखाएंगे कि भारत अपने पड़ोस और बहुपक्षीय मंचों की अनदेखी नहीं करेगा। बहरहाल, मोदी की जापान और चीन यात्रा अमेरिका को यह याद दिलाती है कि भारत उसका 'नेचुरल पार्टनर' तो है, लेकिन 'जूनियर पार्टनर' नहीं। भारत सहयोग का पक्षधर है, पर अपनी स्वायत्तता से समझौता नहीं करता। यह दौरा साफ़ तौर पर दिखाता है कि भारत किसी एक ध्रुव का हिस्सा बनने के बजाय संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति को प्राथमिकता देता है।

## सांसद दुष्यन्त सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक



**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक शनिवार को झालावाड़-बारां सांसद श्री दुष्यन्त सिंह की अध्यक्षता में जिला परिषद् के सभागार में आयोजित की गई।जिसमें विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई. बैठक की शुरुआत सांसद दुष्यंत सिंह ने मुकन्दरा टाइगर रिजर्व के उप वन संरक्षक से शुरू की गई. उन्होंने मुकन्दरा टाइगर रिजर्व की सीमा, इसके विकास से जिले को होने वाले लाभ, विकास में आ रही बाधाओं एवं अग्रिम कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली गई. दिल्ली मुंबई कॉरिडोर को झालावाड़ जिले के भवानीमंडी से जोड़ने के बारे में से जानकारी ली. शीघ्र ही जोड़ने की कार्यवाई के निर्देश दिए. सांसद सिंह ने जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से चल रहे विभिन्न सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों की निविदा एवं अन्य क्रियान्विति के संबंध में चर्चा करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए। इसी दौरान प्रधान सीता कुमारी भील ने चर्चा में भाग लेते हुए कहां कि सड़क निर्माण के दौरान सामरिया गांव के पास नाला का निर्माण नहीं हुआ. फतेसिंह सोनगरा जिला परिषद सदस्य ने बताया कि सड़क के साईड में नालियों का निर्माण नहीं हुआ. राहुल के बोलने पर आपत्ति जताते हुए विधायक गोविन्द रानीपुरिया ने कहां की आप जिला परिषद सदस्य नहीं हो इसलिए आपको सदन में बोलने का अधिकार नहीं है. इस बात को लेकर गरमा गर्मी हुई. जिले में सिंचाई विभाग के कार्यों के संबंध में दिए निर्देश' सांसद सिंह ने जिले में सिंचाई विभाग के तहत चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए परवन वृहद सिंचाई परियोजना, गागरिन परियोजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

जिले में की जा रही विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की' बैठक में सांसद ने जिले में की जा ही विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित समयानुसार विद्युत आपूर्ति करवाने सहित ढीले तारों व झुके हुए खंबों को नियमित रूप से सही करवाने के निर्देश जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता को दिए।

## युवा बदल सकते भारत का भविष्य, हर प्रकार के व्यसन व नशे से दूर रहे- कुमुदलताजी



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के अष्ट दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन के चौथे दिन शनिवार को अरिहन्त भवन में जिनवाणी श्रवण करने के लिए श्रावक-श्राविकाएं बारिश के बीच इस कदर उमड़े कि विशाल प्रांगण छोटा प्रतीत हुआ। तेला तप करने वाले करीब 700 तपस्वियों का सामूहिक पारणा भी सुभाषनगर स्थानक में कराया गया। पर्युषण के पांचवे दिन रविवार को प्रवचन के दौरान ही भगवान महावीर जन्म कल्याणक प्रसंग मनाया जाएगा। चौथे दिन धर्मसभा में साध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने ''उज्जवल भविष्य की ओर युवा'' विषय पर प्रवचन में कहा कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ी युवा शक्ति है। युवा व्यसन मुक्त जीवन जीकर देश का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ समाज बदल सकते है, रिवाज बदल सकते है। कल को बदलने से पहले आज का बदलना होगा।

युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद जैसे व्यक्तिव प्रेरणास्त्रोत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए शराब,सिगरेट,बीडी,गुटखा,तंबाकू जैसे नशे ओर व्यसन से खुद को बचाना होगा। ये नशा जिंदगी को बर्बाद कर देता है। युवा होटल कल्चर से भी बचे ओर शराब व मांसाहार से खुद को दूर रखे। नौजवान सुधर गए तो देश का भविष्य बदल जाएगा। हमे भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए ओर पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से बचना चाहिए। साध्वी कुमुदलताजी ने कहा कि विदेशों में जाए तो हमारी वेशभूषा भारतीयता के अनुरूप होनी चाहिए। हमे घर में विदेशी उत्पादों का मोह त्याग अधिकाधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए। धर्मसभा में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि पर्युषण महापर्व आस्त्रव को छोड़ संवर की ओर बढ़ने, बुराई छोड़ भलाई करने, अधर्म का त्याग कर धर्म की ओर बढ़ने, पाप को छोड़ पुण्य की तरफ बढ़ने का अवसर है। कलयुग में पुण्य कम पाप ज्यादा होता है। जिनशासन आराधकों के लिए पर्युषण जीवन की गाड़ी सुधारने का अवसर बनकर आता है। उन्होंने मधुर प्रेरणादायी भजन '' पाप खपाने आए है आज'' की प्रस्तुति भी दी। धर्मसभा में वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने अतंगडदशा सूत्र के मूल पाठ का वाचन एवं विवेचन करते हुए तीसरे,चौथे एवं पांचवे अध्याय का वाचन किया। उन्होंने कहा कि इस वाचन के माध्यम से हम उन संयमी आत्माओं के जीवन का वर्णन सुन रहे है जिनके गुणों को हम अपने जीवन में अंगीकार कर सकते है। पर्युषण पर्व हमारे जीवन में बदलाव का माध्यम बनना चाहिए। दोपहर में विद्याभिलाषी राजकीर्तिजी म.सा. द्वारा कल्पसूत्र का वांचन किया गया। पर्युषण पर्व के तहत 20 से 22 अगस्त तक सामूहिक तेला तप करने वाले करीब 700 तपस्वियों का सामूहिक पारणा शनिवार सुबह सुभाषनगर स्थानक में कराया गया।

## न्यूज़ विंडो

## शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय चिंतन शिविर का समापन




**कुंभलगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मेवाड़ की पावन भूमि राजसमंद में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय चिंतन शिविर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम साबित हुआ। शिविर का समापन शनिवार को हुआ। सभी सत्रों में शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर व्यक्तिश: उपस्थित रहे और प्रत्येक सुझाव को गंभीरता से सुना। शिविर का उद्देश्य शिक्षा में संस्कारों, नैतिक मूल्यों, सामाजिक सद्भावना और जीवन मूल्यों का समावेश करते हुए गुणवत्तापूर्ण, समावेशी, और रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करना था। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस शिविर को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यहाँ से निकले निष्कर्ष राजस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शिविर में शिक्षा के विभिन्न आयामों पर गहन मंथन हुआ। विशेषज्ञों ने समग्र शिक्षा, मिड-डे मील, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी कार्यान्वयन, भारतीय ज्ञान परंपरा के विस्तार और विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विचार-विमर्श किया। शिक्षा का उद्देश्य केवल सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि सार्थकता और सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देना भी है। नैतिक शिक्षा, जीवन मूल्यों, और संस्कारों को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए ठोस उपायों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सुरक्षित भवनों, स्वच्छ और हरित परिसर, पोक्सो मामलों पर जागरूकता, तनाव प्रबंधन, और विद्यार्थियों की दिनचर्या जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षा और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी रणनीतियाँ प्रस्तुत की गईं। शिविर में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया। संस्थागत सुधारों के तहत स्टेट ओपन स्कूल, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, पाठ्यपुस्तक मण्डल, और डाइट जैसे संस्थानों को और सशक्त करने पर जोर दिया गया। खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता, वित्तीय प्रबंधन, और लेखा आक्षेपों के समयबद्ध समाधान पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने इन क्षेत्रों में सुधार के लिए प्रभावी सुझाव प्रस्तुत किए, जो शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी और कुशल बनाएंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए सभी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और प्रतिभागियों का इस चिंतन शिविर को सफल बनाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मूल्य आधारित शिक्षा के क्षेत्र में यह चिंतन शिविर एक ऐतिहासिक कदम है। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और यहाँ से निकले निष्कर्षों के आधार पर राजस्थान शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह शिक्षा चिंतन शिविर न केवल राजस्थान की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि यह भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्यों, और आधुनिक तकनीकी शिक्षा के समन्वय का एक अनुपम उदाहरण भी है। यहाँ से निकले विचार और सुझाव शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेंगे। शिविर में उपस्थित राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, हर बच्चे में कोई न कोई विशेष काबिलियत होती है। उचित काउंसलिंग और मार्गदर्शन के माध्यम से बच्चों को उनके रुचि के क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसी तरह विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मुकेश को 11000, उपहार देकर किया सम्मानित




**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** कुचेरा शहर के निकटवर्ती ग्राम गाजू के स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणित विषय में विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार परिणाम रहा है। प्रधानाचार्य सत्तार खान कायमखानी ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक राम किशोर भाकर जो गणित विषय का अध्यापन करवाते हैं, ने अपनी कहानी सुनाते हुए बताया कि मैंने माध्यमिक परीक्षा में गणित में 98 अंक प्राप्त किए और कहा कि जो विद्यार्थी इस सत्र 2024-25 में गणित विषय में शत-प्रतिशत अंक लाएंगे उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप 11000 रुपए देने की घोषणा की । इस घोषणा की अभिप्रेरिणा से इस सत्र में चौदह विद्यार्थियों में से नौ विद्यार्थियों के गणित में प्रथम श्रेणी के प्राप्तांक है और होनहार विद्यार्थी मुकेश पुत्र माधाराम ने 99 अंक लाकर अपने गणित गुरूजी रामकिशोर भाकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी खुशी में गुरू रामकिशोर भाकर ने अपने विद्यार्थी मुकेश को ग्यारह हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय में बजरंग लाल, प्रहलाद राम, सुशील कुमार टेलर, श्रीपाल छरंग ,अभिषेक, निर्मला शर्मा, विजयलक्ष्मी, इंदिरा सामरिया, केसर गुर्जर ,विष्णु दयाल शर्मा, आत्माराम तक, रामेश्वर लाल उपस्थित थे। गुरूजी द्वारा अभिप्रेरणा से विद्यार्थियों में गणित जिस कठिन विषय पढ़ने की प्रेरणा बनी और शानदार अध्ययन करके बेहतरीन परीक्षा परिणाम दिया यह शिक्षा के लिए एक मोटिवेशनल काम है।

## पूरे दिन रिमझिम वर्षा ने ठिठुराया

**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित आस पास के गांवों में शनिवार को दिन भर कभी तेज कभी रिमझिम वर्षा का दौर चला। दिन भर वर्षा के चलते अधिकांश लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। कस्बे में शुक्रवार को रात भर रिमझिम वर्षा चली वहीं शनिवार को सुबह करीब आधा घंटे तक तेज मूसलाधार वर्षा का दौर चला। वर्षा के कारण कस्बे के पहाड़ी नाले में पानी आने के साथ ही शिव सागर तालाब व बडा तालाब में पानी की आवक हुई। शिव सागर तालाब एक बार पुन: लबालब होकर छलकने को तैयार नजर आया। वहीं सड़कों के खड्डों में जगह जगह पानी भर जाने से वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## महासाध्वी प्रवीणाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में पर्युषण पर्व की आराधना

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** हमारी आत्मा में अनंत खजाना भरा हुआ है लेकिन उस पर कर्मो का ताला लगा हुआ है। उस ताले को खोलने के लिए 5 घूमावों का प्रयोग करना होगा। इनमें हिंसा नहीं करना, झूठ नहीं बोलना, निंदा चुगली नहीं करना, चोरी नहीं करना ओर व्यसन मुक्त रहना शामिल है। इन पांच घूमावों का उपयोग नहीं किया तो आत्मा का अनंत खजाना अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत सुख सुकुन नहीं मिलने वाला है। ये विचार युगदृष्टा आचार्य ज्ञानचंद्रजी म.सा. की आज्ञानुवर्ति परम विदुषी तप दीप्ति महाश्रमणी रत्ना महासाध्वी प्रवीणाश्रीजी म.सा. ने अरिहन्तमार्गी जैन महासंघ के तत्वावधान में भीलवाड़ा के प्राज्ञ स्वाध्याय भवन में शनिवार को पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना के चौथे दिन प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आत्मा के कल्याण के लिए उसे कर्मो से हल्का बनाने का प्रयास करे। कर्मो का क्षय कर लिया तो हमारे भव सुधर जाएंगे। हमारे सबसे निकट उपकारी भगवान महावीर है। भगवान ने नयसार के भव में समकित की प्राप्ति की। तीर्थकर भव में भगवान की दीक्षा लेने के बाद बहुत कष्ट आए। समभाव से कष्टों को सहन कर अनंत खजाना केवल ज्ञान रूपी लक्ष्मी का प्राप्त किया। जीवन में जो समभाव से कष्टों को सहन कर लेता है वह समय आने पर मुक्ति को प्राप्त कर सकता है। धर्मसभा में साध्वी नम्रताश्रीजी म.सा. साध्वी जागृतिश्रीजी म.सा., साध्वी स्वर्णरेखाजी म.सा.,अतुलप्रभाजी म.सा., निर्जराश्रीजी म.सा., निसर्गश्रीजी म.सा., केवलीश्रीजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। पर्युषण पर्व में महसाध्वी मण्डल की प्रेरणा से त्याग तपस्या का दौर निरन्तर गतिमान है। कई श्रावक श्राविकाओं के तेला, चौला, तेला,पचोला ओर उससे उपर की तपस्या गतिमान है। उपवास, एकासन, आयम्बिल आदि तप के पच्चक्खान भी लिए गए। साध्वी मण्डल ने सभी तपस्वियों के प्रति मंगलभावनाएं व्यक्त की। श्री अरिहन्तमार्गी जैन महासंघ द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। धर्म सभा का संचालन महावीर पोखरना ने किया।

धर्मसभा में प्रभावना चन्द्रकांता, मनोज, रेखा,मुकेश भड़कत्या परिवार, उषा मोहित पूजा अनंत बोरदिया परिवार (केकड़ी वाले) एवं आजादसिंह अमितकुमार सुराणा परिवार की तरफ से रही। धर्मसभा में विभिन्न क्षेत्रों से गुरूभक्त पधारे ओर दर्शन व धर्मलाभ प्राप्त किया। पर्युषण में नवकार महामंत्र जाप की साधना भी चल रही है।

## अंतरराज्यीय मोटर साईकिल चोर गिरफ्तार, चार बाईक बरामद




**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटर साईकिल चोरी के आरोपी विनोद सेन को गिरफ्तार कर कस्बा निम्बाहेडा से विगत दिनों चोरी हुई मोटर साईकिल सहित कूल चार मोटर साईकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी विनोद सेन के विरूद्ध 12 से अधिक चोरी-नकबजनी के जिला नीमच मन्दसौर-निम्बाहेडा-प्रतापगढ में प्रकरण पंजिबद्ध है। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गत 13 अगस्त को मालियो का कुआ निम्बाहेडा निवासी राजु पुत्र नन्दलाल धोबी की मोटर साईकिल हिरो पैशन प्रो नेहरू पार्क के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति मोटर साईकिल चोरी करके ले जाने के मामले में प्रकरण पंजिबद्ध कर अनुसंधान एएसआई सूरज कुमार के जिम्मे किया गया। वाहन चोरी की घटना को शीघ्र ट्रेस आउट कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिस पर एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के निर्देशन में थानाधिकारी रामसुमेर मीणा पु.नि. के निर्देश पर जांच अधिकारी एएसआई सूरज कुमार हैड कानि. हरविन्द्र सिंह, मेघराज, कानि. रामकेश, हेमन्त, महिपाल, सुमित कुमार व विरेन्द्र द्वारा कस्बा निम्बाहेडा एवं आसपास स्थित होटल ढाबे, हाईवे रोड के टोल नाको पर लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों के फुटेज देखे गये। आसूचना संकलन की गई। दौराने तलाश मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी 39 वर्षीय विनोद उर्फविष्णु पुत्र घीसालाल नाई निवासी आकली, थाना मनासा जिला नीमच (म.प्र.) को डिटेन कर मामले की घटना के सम्बन्ध में गहनता से पुछताछ की गई तो आरोपी विनोद उर्फविष्णु सेन ने प्रकरण की मोटर साईकिल के अलावा 03 और मोटर साईकिल चोरी करना बताया। जिसे मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी विनोद उर्फविष्णु की सूचना पर प्रकरण हाजा का मशरूका माल मोटर साईकिल बरामद की गई एवम् चोरी की अन्य 03 मोटर साईकिल को जब्त की गई है।

## करंट लगने से भैंस की मौत



**सीसवाली (हुक्मनामा समाचार)।** सीसवाली के गोपालपुरा बस्ती के काकंरिया के पास सीमेन्ट के पौल मे करंट आने से पास मे चारा चर रही भैंस करंट की चपेट मे आने से मौत हो गई! बस्ती के अरविन्द सुमन ने भैंस को पौल के पास झटपटाते हुऐ देखा तो लोगो को इसकी जाकर दि इस पर घटना स्थल के फास लोगो की भीड़ जमा हो गई! पौल मे करंट आने की सूचना विधुत विभाग के जिम्मेदारों की दि गई तुरंत सप्लाई बंद कर लाइन को दुरूस्त किया गया!

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल का एमआईएस 1.0 बंद, अब सभी आवेदन एमआईएस 2.0 पर ऑनलाइन

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) 1.0 से नई आवेदन प्रक्रिया को पूर्णत: बंद करने का निर्णय लिया है। एमआईएस 1.0 पर प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण ग्रीन चैनल के माध्यम से किया जाएगा। अब उद्योगों के नए आवेदन केवल एमआईएस 2.0 पर ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 5 जून, 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने हेतु एमआईएस 2.0 का लोकार्पण किया गया था। इस प्रणाली के तहत सभी आवेदन बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के पूरी तरह ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। उद्योगों के लिए निरीक्षण सूचना, त्रुटि सूचना एवं निर्धारित समय सीमा जैसी सुविधाएं एमआईएस 2.0 के वेब पोर्टल एवं मोबाइल ऐप पर उपलब्ध हैं। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने के लिए ऑटो रिन्यूअल सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही, एमआईएस 2.0 पर सिटीजन पोर्टल भी संचालित है, जहां आमजन मंडल से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ ही अपनी शिकायतें भी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने सभी उद्योगपतियों से आग्रह किया है कि वे एमआईएस 2.0 एवं इसके ऑटो रिन्यूअल सिस्टम का उपयोग कर त्वरित, पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रिया का लाभ उठाएं।

## सक्रियता के साथ जल्द सुबह ही जनता के बीच पहुंचे विधायक हरिमोहन शर्मा

**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)।** गत दो दिनों से बूंदी में हो रही अत्यधिक बारिश के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा आमजन के बीच पहुंचे। इस दौरान शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र बूंदी के शहरी क्षेत्र जैतसागर रोड, मीरागेट, नैनवा रोड, देवपुरा, खटकड़ क्षेत्र में उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति को देखने के लिए मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थितियों का जायजा लिया। शर्मा ने वहां पहुंचकर बारिश के पानी के कारण बेघर हुए लोगों की राजकीय विद्यालय में ठहरने और उन सभी लोगों के भोजन की व्यवस्था करवायी। इस दौरान शर्मा ने लोहली क्षेत्र में माली बस्ती में नदी के बीच फंसे लोगों को निकलवाने हेतु जिला कलेक्टर बूंदी से दूरभाष पर संपर्क कर तत्काल रेस्क्यू टीम का प्रबंध करवाकर उनकी सहायता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय में दी जानकारी शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र में उत्पन्न बाढ़ की स्थितियां एवं अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों तथा ग्रामीण हल्को में कच्चे मकान के टूटने सहित विभिन्न स्थितियों की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय में दूरभाष से दी और संपूर्ण क्षेत्र में विशेष सर्वे करवाकर हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित करने को कहा। तालेड़ा, डाबी, नमाना क्षेत्र के लोगों से भी शर्मा द्वारा दूरभाष पर संपर्क कर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलवाया। साथ ही दिन भर बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के कार्यालय से लगातार क्षेत्र वासियों से संपर्क बना रहा और स्थिति को जायजा लेकर शीघ्र प्रशासन को सूचित कर हर संभव मदद पहुंचाने का काम किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर बूंदी, उपखंड अधिकारी, बूंदी वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन, रायथल थानाधिकारी राजाराम जाट, यशवंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व सरपंच जगदीश मीणा, सरपंच मानमल मीणा भी मौजूद रहे।

## किसानों की खेती में अत्यंत आवश्यक व महत्वपूर्व साधन होता है ट्रैक्टर आंजना



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** युवा उद्योगपति एवं ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरन आंजना ने स्वराज ट्रैक्टर कंपनी के नए मॉडल का ट्रैक्टर से पर्दा उठा कर किया लॉन्च। निंबाहेड़ा में यहां राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के सामने स्थित पारख ट्रैक्टर एजेंसी (शोरुम) पर शनिवार को दोपहर में युवा उद्योगपति एवं चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पूरण आंजना ने स्वराज ट्रैक्टर कंपनी के ट्रैक्टर का निंबाहेड़ा में लॉन्च के अवसर पर उद्घाटन किया। यहां स्वराज ट्रैक्टर शोरुम पर नए ट्रैक्टर के लॉन्च के अवसर पर युवा उद्योगपति एवं चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरन आंजना,स्वराज ट्रैक्टर कंपनी के एरिया मैनेजर राजीव रंजन व टी एम शुभम् वाजपेयी के पहुंचने पर स्वराज ट्रैक्टर शोरुम के ऑनर राजेश पारख, मुकेश पारख एवं राजेंद्र राव मराठा ने अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर और माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया। स्वराज कंपनी के नए ट्रैक्टर के लॉन्च के अवसर पर महिंद्रा फाइनेंस कम्पनी के एरिया मैनेजर नरेश गोस्वामी, गुड्डा तेली, अर्शी खान, विक्रम गुर्जर, रमेश गुर्जर एवं समस्त पारख, ट्रैक्टर शोरुम के स्टाफ गण, किसान साथी एवं नगर के गणमायजन इत्यादि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पांच वर्ष विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** एबीआरएसएम राजस्थान उच्च शिक्षा की स्थानीय इकाई बांगड़ महिला महाविद्यालय के तत्वावधान में नीति से परिवर्तन तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पांच वर्ष विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में संगठन के प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री डॉ. अशोक महला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आवश्यकता क्यों हुई, पिछले 5 सालों में इसमें क्या-क्या परिवर्तन हुए, क्या हम इन परिवर्तनों को समझते हैं तथा इसके क्रियान्वयन के मार्ग में प्रमुख चुनौतियां कौन-कौन सी हैं, आदि विषयों को विस्तारपूर्वक संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के सम्मुख रखा। डॉ महला ने कहा कि दुर्भाग्य से देश में यह नेरेटिव खड़ा करने की कोशिश की गई कि यह शिक्षा नीति भारत को प्रतिगामी पीछे ले जाने वाली निजीकरण करने वाली आदि-आदि है,

परंतु हमारे लिए महत्वपूर्ण यह है कि पॉलिसी की शब्दावली और प्रावधान क्या हैं, यह नीति ग्राम पंचायत तक के लाखों प्रस्ताव लेकर तैयार की गई है। इस नीति को बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत के युवाओं को वैश्विक दृष्टि से सक्षम बनाना और उनको उस कौशल से युक्त करने के लिए भारतीय शिक्षा प्रणाली में आमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकता के रूप में देखना होगा। पिछले कुछ वर्षों में ज्ञान के क्षेत्र में बड़े तेजी से परिवर्तन हुए, अचानक तकनीक ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू कर दिया, प्री-कॉविड तथा पोस्ट-कोविड की तुलना करते हैं तो शिक्षा भी इसे अछूती नहीं रही, परिणामत: बदलाव की गति को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सही समय पर आना प्रासंगिकता सिद्ध होती है। इसकी प्रस्तावना लिखती है कि भारतीय होने में गर्व करने वाला युवा जो 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो। यह एक स्टैटेटिक डॉक्यूमेंट नहीं है बल्कि एक डायनेमिक डॉक्यूमेंट है। यह गुरु को पुन: केंद्र में स्थापित करने वाली नीति है। यह एक ऐसा डॉक्यूमेंट है जो भारत के युवा को मन विचार, आचार वह सोच से पूर्ण रूप से भारतीय बनाता है। अन्त में महाविद्यालय प्राचार्या सीमा तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इंद्रदेव हुए मेहरबान, लगातार बरसात के कारण कस्बे की कई सड़कों पर भरा पानी

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार से शुरू हुई झमाझम बारिश शनिवार को भी जारी रही। रुक-रुककर हो रही वर्षा ने मौसम को सुहाना बना दिया। ठंडी हवाओं और बारिश की फुहारों से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। लगातार बरसात के कारण कस्बे की कई सड़कों पर पानी भर गया। मुख्य मार्गों पर जलभराव से राहगीरों और वाहनों को धीमी गति से गुजरना पड़ा। हालांकि,



बच्चों और युवाओं ने बारिश का खूब आनंद लिया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक-दो दिनों तक क्षेत्र में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। यदि इसी तरह बादल मेहरबान रहे तो इस बार अच्छी बरसात होने की संभावना है, जिससे फसलों को भी लाभ मिलेगा। लम्बे समय के बाद बारिश होने से फसलों को मिली संजीवनी। किसानो के चहरे पर लोटी मुस्कान।वही गर्मी से मिली निजात।इंद्रदेव हुए मेहरबान क्षेत्र मे लंबे इंतज़ार के बाद आखिरकार बरसात ने दस्तक दे दी है। बादल छाने के साथ ही रिमझिम बूंदाबांदी शुरू हुई, जो कुछ समय बाद झमाझम बारिश में तब्दील हो गई। बारिश शुरू होते ही मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने गर्मी व उमस से राहत की सांस ली। किसानों के लिए यह बरसात किसी वरदान से कम नहीं रही। कई दिनों से खेतों में खड़ी फसलें पानी की कमी से मुरझाने लगी थीं। बारिश से फसलों को जीवनदान मिलने की उम्मीद जगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे व युवा बारिश का आनंद लेने घरों से बाहर निकल पड़े। सड़क मार्गों पर जगह-जगह पानी भर जाने से राहगीरों को थोड़ी परेशानी का सामना भी करना पड़ा, लेकिन लंबे समय बाद आई इस बरसात ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में और बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। यदि ऐसा होता है तो किसानों को काफी लाभ मिलेगा और खरीफ फसलों की स्थिति में सुधार होगा।

# सामाजिक दिवस आज

**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** जैन पर्यूषण पर्व के दौरान पन्नालाल जी महाराज साहब की परंपरा के अन्तर्गत जहां चतुर्मास नही होते वहा वहा वरिष्ठ स्वाध्याय बंधु चिरंजीलाल जी तातेड, पुखराज जी सा मेहता, अशोक जी सा लोढा भिनाय प्रवचन हेतु पधारे हुए हैं। उन्होंने रविवार को पंचम दिवस को सामाजिक दिवस के रूप में मनाने की प्रेरणा दी। इसके अंतर्गत सभी श्रावक श्राविकाएं पांच-पांच सामयिक करके इस दिवस को मनाएंगे। महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर तप के महत्व को समझाते हुए तप की महिमा का वर्णन किया गया। जीवन में अगर मोक्ष पाना है तो तप ही एक ऐसा मार्ग है इससे मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। तब एक विमान की तरह होता है जैसे विमान हमें आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाता है

इसी प्रकार तप हमें मोक्ष मार्ग की ओर ले जाता है ।तप ही एक मार्ग है तप में उपवास बेल तेला आठ श्रद्धा अनुसार तप कर सकते हैं ।तप की महिमा का शास्त्रों में वर्णन उपलब्ध है। भगवन महावीर ने भी साढ़े बारह वर्ष घोर तप किया ओर मोक्ष प्राप्त किया। इसका जितना वर्णन किया जाए उतना ही कम है तप त्याग की महिमा से ही हमारा सभी का कल्याण संभव है सभा में उपवास एकासन चार उपवास के बखान हुए अन्त में वंदन के बाद बड़ा मांगलिक सुनाया गया। उक्त जानकारी संघ प्रवक्ता योगेश कुमार कावड़िया ने दी।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में पांच हजार से अधिक रोगी लाभान्वित



**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** लियो क्लब निम्बाहेड़ा द्वारा शनिवार को ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ग्राम बाड़ी में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। लियो पुनीत चिमनानी एवं सौम्य चपलोत ने बताया कि शिविर में बाड़ी सहित आस - पास के ग्रामीण क्षेत्र के 1500 से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। 300 रोगियों की ब्लड शुगर एवं 500 से अधिक रोगियों के रक्तचाप की जांच कर परामर्श दिया गया। आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया। शिविर में लगातार पांच हज़ार से अधिक व्यक्तियों ने लाभ लिया। उक्त शिविर आयुर्वेदिक चिकित्सालय निम्बाहेड़ा, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र बाड़ी के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में लियो क्लब निम्बाहेड़ा, लायंस क्लब निम्बाहेड़ा, बाड़ी शनिदेव मंदिर समिति के सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

# सीसवाली आधे कस्बे मे दूसरे दिन भी अंधेरा रहा



**सीसवाली (हुक्मनामा समाचार)।** सीसवाली आधा कस्बा दूसरे दिन भी अंधेरे मे रहा! शुक्रवार को ऊपरी क्षेत्र मे भारी बारिश होने से खाडी नदी भारी उफान आने से निचले ऐरिया के 7 ट्रास्फार्म पानी मे डूब गये थे, शनिवार को पानी का लेवल कम होने से तीन से चार ट्रास्फार्म की सप्लाई चालू कर दी गई थी लेकिन खाडी नदी मे पानी का उतार धीरे होने से निचली मज्जिद एव श्मशान घाट कालुपुरा के विधुत सप्लाई ट्रास्फार्म पानी मे डूबे रहने से दूसरे दिन भी इन बस्तियों विधुत सप्लाई बंद रही! निचली मज्जिद, इमाम चोक ,जामा मज्जिद , काला मंदिर की गली, गौशाला स्कूल की गली! वही कालुपुरा पप्पू कहार वाला मौहल्ला की विधुत सप्लाई बंद रही! शुक्रवार को खाड़ी नदी मे पानी की आवक ज्यादा होने से साथ ही कोई जनहानि ना हो इसको लेकर तकरीबन सात ट्रास्फार्मो कि सप्लाई बंद करनी पड़ी, शनिवार को खाड़ी मे पानी का उतार होने से तीन से चार ट्रास्फार्मो की सप्लाई चालू कर दी गई है सभी कर्मचारी जनता की सेवा मे लगे हुऐ है!

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर साइबर जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना जिला मुख्यालय पर जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देशन में डीडवाना पुलिस के जवानों स्कूली बच्चों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय एवं जन-सुरक्षार्थ साइबर क्राइम जागरूकता को लेकर रैली निकाली गई। डीएसपी धरम पूनिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया,रैली भगत सिंह सर्किल से हॉस्पिटल चौराहा तक निकाली गई, जिसमे पुलिस, शिक्षा विभाग, बैंकिंग सेक्टर सहित स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जागरूकता रैली में सभी ने हाथों में साइबर फ्रॉड और उनसे होने वाले नुकसान को लेकर जागरूकता पोस्टर तख्तीया लेकर निकले एव लोगों को साइबर ठगों द्वारा किए जा रहे,ठगी के प्रयासों से जागरूक रहने का संदेश दिया। डीएसपी धरम पूनिया ने लोगों से साइबर फ्रॉड से जागरूक उनके अवेयरनेस को लेकर बताया कि तकनीकी युग के अंदर साइबर ठग रोजाना नए अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं, अब आमजन को ज्यादा सतर्क एवं जागरूक होना होगा। हमारे मोबाइल पर अननोन नंबरों से आने वाले लिंक फोटो को डाउनलोड नहीं करें,उनके अंदर साइबर ठग एक वायरस छोड़कर आपके मोबाइल को अपने कंट्रोल में लेकर आपके बैंक खातों में जमा राशि को कुछ ही समय में निकाल लेते हैं,इसलिए अननोन नंबरों से आए हुए ऐसे किसी भी लिंक फोटो को डाउनलोड नहीं करें,अपने परिवार आसपास के लोगों को भी साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक करें। साइबर जागरूकता आज के समय में बहुत ही जरूरी है,सबसे ज्यादा साइबर फ्रॉड बैंकिंग के माध्यम से होते हैं, इसलिए बैंकिंग के संबंधित अधिकारी भी इस साइबर जागरूकता रैली में सम्मिलित हुए हैं, इसके लिए बच्चों द्वारा पुलिस के जवानों के द्वारा साइबर जागरूकता को लेकर आमजन को जागरूक किया गया, साथ ही अन्य कार्यक्रम भी साइबर जागरूकता को लेकर होगे। साइबर जागरूकता रैली में पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा डीडवाना थाना के थानाधिकारी राजेंद्र सिंह कमांडो बैंकिंग अधिकारी नवेंदु चौधरी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी इस रैली में सम्मिलित हुए।

# कैंसर पीड़िता बोली कथा के दौरान मेरा शरीर घर पर लेकिन मन पांडाल में रहेगा

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व विख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की मेवाड़ भूमि पर भीलवाड़ा में पहली बार शिव महापुराण कथा का आयोजन संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी महाराज के सानिध्य में 9 से 15 सितंबर तक मेडिसिटी ग्राउंड आज़ाद नगर में होगा। इस कथा को लेकर भीलवाड़ा की लोगों में उत्साह बना हुआ ओर सभी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं । कथा आयोजन के लिए सहयोग राशि जुटाने के दौरान एक प्रेरणादायी एवं भावपूर्ण प्रसंग आज़ाद नगर क्षेत्र में कैंसर पीड़िता की पहल से सामने आया। शिव



महापुराण कथा समिति के कार्याध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया की कथा आयोजन के लिए आज़ाद नगर क्षेत्र में आयोजन समिति के मंत्री बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वर ईनाणी, दिनेश सेन, रोहित गगरानी जन सहयोग के लिए विभिन्न परिवारों से संपर्क कर रहे थे।

एक परिवार लांपिया बनेड़ा के नारायण सिंह बल्ला ने कॉल करके कहा की उसकी पत्नी कैंसर पीड़िता है और वह कथा के लिए समर्पण करना चाहती हे, आप घर पधारे। समिति के सदस्य वहां पहुंचे तो परिजनों के संग कैंसर पीड़िता भंवर कंवर नारायण सिंह बल्ला ने एक लाख रुपए अपने कर कमलों से समर्पित किए। उन्होंने कहा की में नियमित उनकी कथा टीवी पर सुनती हूं और भीलवाड़ा की कथा में मेरा शरीर यहां रहेगा पर मेरा मन पांडाल में रहेगा। इस अवसर पर उनके पुत्र पुत्रियां भी उपस्थित थी।

समिति के पदाधिकारियों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और कथा पांडाल में पधारने का भी आग्रह किया।

# ब्रम्हाकुमारि सेवा संस्थान का रक्तदान शिविर कल

**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के समाजसेवा प्रभाग द्वारा राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविरो की श्रृंखला में देशभर में 6000 से अधिक सेवा केंद्रों पर 22 से 25 अगस्त तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में अजमेर जिले के स्थानीय सेवाकेंद्र ब्रह्माकुमारीज़ केकड़ी शहर में राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी में 25 अगस्त को प्रात: 9ः00 बजे से 2ः00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान की अपील संस्था द्वारा की गई है जिससे किसी जरूरतमंद को खुशी मिल सके। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## शाहपुरा में आज रविवार को 'सन्डे ओन साईकिल अभियान', साइक्लिंग के साथ योग व जु बा गतिविधियां भी होंगी

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** आज दिनांक 24 अगस्त 2025 (रविवार) को शाहपुरा कस्बे में सन्डे ओन साईकिल अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 7 बजे उपखंड अधिकारी (स्ष्ठरू) कार्यालय परिसर से होगी। यहां से अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं नगरवासी मिलकर साइकिल रैली निकालेंगे, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए शाहपुरा थाना तक पहुंचेगी। रैली के साथ ही आयोजन स्थल पर योग, जु बा और फिटनेस संबंधी अन्य गतिविधियां भी करवाई जाएंगी, जिनमें युवाओं से लेकर महिलाओं और बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सन्डे ओन साईकिल अभियान का उद्देश्य लोगों को फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के लिए प्रेरित करना है। साइकिल चलाने से जहां प्रदूषण कम होता है वहीं स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा मिलता है। नगर में आयोजित इस विशेष गतिविधि को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है और प्रशासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से भागीदारी की अपील की है।

## भारी बारिश में भी बॉलीवुड स्टार चंकी पांडे के दीदार को डटे रहे आमजन

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** कजली तीज मेला मंच पर बॉलीवुड नाइट में फिल्मी सितारे चंकी पांडे ने भारी बारिश में अपनी परफॉर्मेंस की तथा कुछ दीवाने तो बारिश में भी नाचते दिखे। भारी बारिश के चलते से बॉलीवुड स्टार चंकी पांडे रात्रि 11 बजे के करीब मेला मंच पर पहुंचे, जहां तक भी उनको देखने वाले दीवाने डटे रहे। मंच पर आते ही चंकी पांडे ने जनता का अभिवादन किया मेला समिति द्वारा किए गए भव्य स्वागत सत्कार के बाद पांडे ने अपने पुराने अंदाज में कॉमेडी करते हुए सो गया यह जहां, मुंबई से आया मेरा दोस्त दोस्त को सलाम करो, ओ सद्दे नाल ऐश करोगे, जो दे उसका भी भला जो ना दे उसका भी भला, लाल दुपट्टे वाली तेरा नाम तो बता, लाल परी और लाल परी, मैं तेरा तोता तू मेरी मैना फूलों की जैसी तेरी जवानी गानों के साथ डांस की जमकर प्रस्तुति दी। इस दौरान चंकी पांडे बीच-बीच कॉमेडियन भी करते रहे। कजली तीज मेला मंच पर बॉलीवुड नाइट के अतिथि संदीप शर्मा विधायक कोटा दक्षिण, राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, कोटा नगर निगम महापौर राजीव अग्रवाल एवं संत राम लखन दास जी महाराज रहें। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सभी अतिथियों का माला,शॉल व साफा बंधवाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया अतिथियों के स्वागत की बेला में नगर परिषद सभापति व मेला संयोजक सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा, मेला समिति के सदस्य व वार्ड पार्षद ,बबीता दाधीच, कल्पना सैन, दिलबर बाई भील, संध्या रावल, किरण परिहार, संदीप यादव, मनीष सिसोदिया, संजय शर्मा, कस्तूरी बाई, त्रिलोक कुमावत, हरिशंकर सैनी, नवीन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नूपुर मालव, भाजपा जिला प्रवक्ता निर्मल मालव, पूर्व पार्षद राजेश शेरगड़िया सहित पार्षद गण मौजूद रहे।



## भीलवाड़ा कैडेट व सीनियर जूडो टीम का चयन 27 अगस्त को



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला जूडो अध्यक्ष गिरीराज चोबे (उस्ताद )ने बताया कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता जयपुर में भाग लेने हेतु ऑपन कैडेट व सीनियर वर्ग जूडो भीलवाड़ा टीम का चयन दिनांक 27 अगस्त 25 को दिन में 3.30 बजे श्रीराम व्यायामशाला जूडो सेन्टर पुर में ट्रायल के आधार पर किया जायेगा। केडेट वर्ग में जन्म वर्ष 2008 से 2010 वाले खिलाड़ी भाग ले सकेगें तथा सीनियर वर्ग 2010 वर्ष के बाद वाले अलग अलग वजन वर्ग में कोई भी भाग ले सकगें। इस आयोजन के संयोजक व कोच चेतन चोबे ने बताया कि जो खिलाड़ी कैडेट वर्ग में भाग लेना चाहते है वह तीन वर्ष पूर्व बना अपना जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड, दो फोटो तथा ए वी टी मेडिकल प्रमाण -पत्र की प्रतियां व मूल प्रमाण-पत्र लेकर जूडो सेन्टर कार्यालय पुर में जूडो प्रशिक्षक भगवती लाल शर्मा व जगदीश राजोरा के पास जमा करा सकते है. संयोजक चौबे ने सभी खिलाड़ियों को अपने खेल किट के साथ समय पर उपस्थित होने के लिए कहा है।

इस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी ही राजस्थान जूडो संघ के तत्वाधान मे तथा राज्य जूडो महासचिव महिपाल ग्रेवाल के सानिध्य में प्रस्तावित स्थल सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय कैडेट व सीनियर जूडो प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

## भीलवाड़ा में झमाझम जमकर बरसे बदरा



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** वस्त्रनगरी में शुक्रवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर शनिवार को भी दोपहर तक नजर आया। सुबह कभी टिप-टिप तो कभी झमाझम जहाजपुर में सर्वाधिक 92 मिमी पानी दर्ज हुआ, जबकि शहर में भी रुक-रुक कर तेज बरसात होती रही। कई इलाकों की सड़कें तालाब में बदल गईं और नालों में उफान आ गया। कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी कर शनिवार को सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी कर दी। जिले मे बारिश का आंकड़ा जिले में सभी स्थानों पर बारिश का दौर जारी है, शनिवार सुबह 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटों में जहाजपुर के बाद दूसरे नंबर पर शक्करगढ़ है। वहां 72 मिमी पानी बरसा। भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर 13 मिमी, गंगापुर 4, गुलाबपुरा 9, आसीद 5, बनेड़ा 22, हमीरगढ़ 10, हुरड़ा 27, कोटड़ी 42, मांडलगढ़ 39, रायपुर 2, सहाड़ा 3, शाहपुरा 33, फूलिया कलां 21, बिजौलियां 44, डाबला, 10, कारोई 12, रूपाहेली 7, पारोली 36, काछोला 24 व मौखुंदा में महज एक मिमी पानी गिरा। अब तक औसत का 96.02 प्रतिशत बरसात हो गई। यहां का औसत 601.79 मिमी है।

## कजली तीज मेला मंच पर 26 को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)।** कजली तीज मेला मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन अब 26 अगस्त मंगलवार की रात्रि को आयेजित होगा। पहले यह कवि सम्मेलन 23 अगस्त शनिवार रात्रि को होना था, जिसे भारी बारिश के चलते स्थगित कर दिया गया था। दो दिन से हो रही भारी बारिश के कारण बूंदी में निचले इलाकों में कई स्थानों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न होने के कारण नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, आयुक्त धमेन्द्र मीणा और मेला समिति के सदस्यों द्वारा किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव व सुरक्षा की दृष्टि से शनिवार 23 अगसत को होन वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

# रिमझिम फुहार के बीच कार्यकर्ताओं ने नदी के घाट की स्वच्छता कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** रिमझिम फु हार के बीच कार्यकर्ताओं ने नदी के घाट की स्वच्छता कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधि का मासिक हरित मिलन प्रत्येक अमावश्या को संगम महादेव पर आयोजित किया जाता है। इस बार के आयोजन की जानकारी देते हुए मिलन प्रमुख बाल किशन भोई ने बताया कि आज जहां बारिश की चेतावनी को देखकर जिले भर में स्कूलों की छुट्टियां है वही




पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कार्यकर्ताओं ने प्रात: रिमझिम के बीच पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सह प्रांत संयोजक धर्मपाल गोयल, व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश लड़ा, के सानिध्य में गंभीरी नदी के संगम स्थल के घाटों पर प्लास्टिक कचरे को हटाया तथा आसपास के परीसर से गाजर घास इत्यादि को हटाते हुए वृक्षों के ट्री गार्ड जालियां इत्यादि को सही किया, इस दौरान रिमझिम बारिश आती रही पर कार्यकर्ताओं ने आनंद के साथ पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य को किया। उसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने आगामी विषयों पर चर्चा के लिए एक बैठक का आयोजन किया जिसमें पर्यावरण के कई विषयों पर सामूहिक चर्चा एवं निर्णय किए गए। मंदिर को पर्यावरण युक्त बनाने के लिए नो प्लास्टिक जोन तथा सामाजिक कार्यक्रमों में भोजन के लिए स्टील की थालियां का सुझाव आया।

जिला संयोजक सतीश सोनी ने राष्ट्रीय पर्यावरण परीक्षा तथा हरित घर संपर्क एवं मिलन के संबंध में जानकारी दि, नगर संयोजक गोपाल कृष्ण दाधीच ने गठव्यवस्था की जानकारी दी। धार्मिक प्रमुख गोविंद सोनी ने नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों की सूची तथा वहां की जाने वाले पर्यावरण के कार्य के बारे में सुझाव दिया।

बैठक के अंत में सह प्रांत सयोंजक धर्मपाल गोयल ने कहा कि संगम से बाहर भी पर्यावरण का कार्य करना है इसलिए आगामी दिनों में हमें और स्थान का चयन करना होगा जहां पर हम पर्यावरण पूरक काम कर सकें, हमें हमारे घर, हमारे मोहल्ले, हमारे शहर, हमारे गांव को हमारा लक्ष्य बनाकर पर्यावरण को आगे बढ़ना होगा तथा समाज की सज्जन शक्ति को इस और जोड़ना होगा बैठक में बालकिशन भोई रतन लाल भोई नारायण कहार हेमंत भोई श्याम लाल भोई आदी उपस्थित रहे।

# विध्नहर्ता के दरबार में 4 दिवसीय धार्मिक आयोजन आज से परिसर रास में गणेश चतुर्थी पर चतुर्थ वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ



**ब्यावर (हुक्मनामा सामाचार)।** सीमेन्ट लिमिटेड, रास की बगतपुरा स्थित आवासीय कॉलोनी परिसर में विराजमान विध्नहर्ता महागणपति जी महाराज के भव्य मंदिर में आगामी गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर चतुर्थ वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रारंभ होगा। पुष्कर के विद्वान आचार्य लक्ष्मीनारायण जी एवं उनके साथ विद्वान पण्डितों द्वारा मंत्रोचार व विधि-विधान पूर्वक यह 4 दिवसीय आयोजन संपन्न होगा। इस सुअवसर पर पूरे मंदिर परिसर की आकर्षक साज-सज्जा की गई है। शुभारंभ के प्रथम दिवस, दिनांक 24 अगस्त को मंदिर में वार्षिकोत्सव पूजन महोत्सव प्रारंभ होकर विधिवत रूप से सुबह 8.30 बजे देव स्थापना एवं ब्राह्मण पूजन एवं सांयकाल में आरती उपरांत प्रसाद वितरित किया जाएगा। दिनांक- 25 व 26 अगस्त को सुबह 8-30 बजे से देव पूजन कर नाना विविद स्त्रोत पाठ एवं सांयकाल आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया जायेगा। कॉलोनी परिसर में वृंदावन से पधारे स्वामी पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांतीजी महाराज के मुखारविंद से भक्तमाल की कथा का आयोजन श्रृद्धालुओं हेतु दिनांक 24 व 25 को सायं 07 से रात्रि 10 बजे तक एवं दिनांक 26 को दोपहर 3 से 6 बजे तक किया जाएगा। गणेश चतुर्थी के दिन दिनांक-27.08.2025 को सुबह 7-00 बजे से देव पूजन कर गणराज का महाभि-ुनवजयोक किया जायेगा।

सुबह 9-30 बजे गणपति जी के श्रंगार के उपरांत हवन कर प्रात- 11-30 बजे 1008 मोदक अर्चना कर 56 भोग च-सजया़या जायेगा। दोपहर 12-30 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अपरान्ह् 05-30 बजे से कॉलोनी परिसर में भव्य -शोभा यात्रा निकाली जायेगी एवं महागणपतिजी के विग्रह के भ्रमण पष्चात् आरती कर भक्तजनों को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया जायेगा। बगतपुरा स्थित महागणपति जी का मंदिर अपने आप में एक अनूठा व उत्तर भारत का सबसे बड़ा मंदिर है, जिसमें काले ग्रेनाईट से बनी गणपति महाराज एंव रिद्धि सिद्धि की सुंदर मूर्ति श्रद्धालुओं के आक-ुनवजर्याण का केंद्र है। अन्य शहरों से भी वर्ष पर्यन्त गणेश स्तुति व वंदना हेतु श्रृद्धालु यहां आकर दर्ृशन लाभ प्राप्त करते हैं।

## चार स्काउट्स गाइड को पार्चमैंट प्रदान कर सम्मानित किया



**ब्यावर (हुक्मनामा सामाचार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला ब्यावर के चार स्काउट्स गाइड को पार्चमैंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सहायक लीडर ट्रेनर सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि माहेश्वरी पब्लिक स्कूल अजमेर आयोजित जिला परिषद के तृतीय अधिवेशन में ब्यावर जिले के रा. उ. मा. वि. अतीतमंड के स्काउट चम्पलाल सोलंकी, रा. उ. मा. वि. नूद्री महेंद्रातान के स्काउटर मनोहर लाल सोलंकी, रा. उ. मा. वि. देवाता की गाइडर मधुमति, रा. उ. प्रा. वि. भगवानपुरा की गाइडर पूजा शर्मा को हिमालय वुड बैज कोर्स करने सहायक राज्य संगठन आयुक्त विनोद दत्त जोशी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नरेन्द्र खोरखाल, जिला संगठन आयुक्त गाइड अनिता तिवारी ने हिमालय वुड बैज स्कार्फ, बीड्स पहनाकर प्रमाण पत्र और पार्चमैंट प्रदान कर सम्मानित किया।

## अनुभव एवं ज्ञान की बहुमूल्य धरोहर है वृद्धजन पेंशन समाज ब्यावर म वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया

**ब्यावर (हुक्मनामा सामाचार)।** राजस्थान पेंशन समाज, सेवा यतन ब्यावर मानवाधिकार समिति ब्यावर की ओर से पेंशनर कक्षा में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया व इस मौके पर ओम सिंह रावत की अध्यक्षता एवं छोटू लाल कुमावत के मुख्य अतिथि में शिरकत की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डूंगर सिंह रावत, प्रताप भानु सिंह एवं सत्यनारायण सांखला, ओमप्रकाश अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। छोटू लाल कुमावत ने कहा कि वृद्ध जन हमारे समाज की अनुभव एवं ज्ञान की बहुमूल्य धरोहर है। इनके मार्गदर्शन में हमें अपने भविष्य को तरासने के लिए प्रयास करना चाहिए। सेवायतन सचिव ने भी कहा कि परिवार के वरिष्ठ जनों के पास बैठकर उनके अनुभव ज्ञान के आधार पर अपना जीवन यापन करना चाहिए व कुछ पल अपने दादा-दादी नाना नानी एवं अन्य वरिष्ठ जनों के पास बिताने का प्रयास करना चाहिए, उनके पास ज्ञान का खजाना है। उनके ज्ञान के आधार पर ही हम अपने भविष्य की नींव रख सकते हैं। ओम सिंह रावत ने भी कहा कि सदैव हमें अपने वरिष्ठ जनों को उचित सम्मान प्रदान करना चाहिए। यदि संभव हो आसपास रहने वाले वृद्ध जनों की सहायता एवं सम्मान देने का प्रयास निश्चित करना चाहिए व वरिष्ठजन अपनी मेहनत लगन त्याग, परिश्रम से अपने बच्चों का भविष्य का निर्माण करते हैं और आशा रखते हैं की बड़े होकर बच्चे भी उन्हें इस प्रकार का उचित सम्मान एवं उनकी देखभाल करेंगे।

## उद्यमी एमआईएस 2.0 व ऑटो रिन्यूअल सिस्टम का लाभ उठाएं प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अपील उद्यमी करें ऑनलाइन आवेदन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) 1.0 से नवीन आवेदन प्रक्रिया को बंद करने का निर्णय लिया है। वे सभी आवेदन जो एमआईएस 1.0 पर प्राप्त हुए है उन्हें ग्रीन चैनल बनाकर एमआईएस 1.0 के माध्यम से निस्तारित किया जाएगा। अब उद्योगों के आवेदन केवल एमआईएस 2.0 पर ऑनलाइन प्रक्रिया से किए जाएंगे। राज्य में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 5 जून, 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमआईएस 2.0 का लोकार्पण किया गया था। इसके तहत सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के भरे जा रहे है। किसी भी उद्योग की निरीक्षण सूचना, त्रुटि सूचना, निश्चित समय सीमा जैसी सुविधाएं एमआईएस 2.0 के वेब पोर्टल एवं मोबाइल ऐप पर उपलब्ध करवाई जाती है। सिस्टम के अंतर्गत प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए ऑटो रिन्यूअल सिस्टम की उपलब्धता है। एमआईएस 2.0 में एक सिटीज़न पोर्टल भी उपलब्ध है जिसमें कोई भी व्यक्ति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है व ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करवा सकता है। सभी उद्योगपतियों से आग्रह है कि एमआईएस 2.0 व इसके ऑटो रिन्यूअल सिस्टम में आवेदन कर त्वरित एवं पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ उठाएं।

### झालावाड़ में स्वच्छता के लिए किए जाएँ विशेष प्रयास

## पानी, बिजली, सड़क संबंधी सेवाओं में तत्परता से कार्य कर जनता को बेहतर सुविधाओं से लाभान्वित करें

**झालावाड़ (हुक्मनामा सामाचार)।** झालावाड़-बारां सासंद दुष्यंत सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मिनी सचिवालय के सभागार में झालावाड़ जिले में पानी, बिजली, सड़क सहित नगरीय निकायों से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद सिंह ने कहा कि झालावाड़ जिले की जनता को पानी, बिजली, सड़क सहित आवश्यक सेवाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित कराना हमारी प्राथमिकता है। सभी विभागीय अधिकारी उनके विभागों के आम जनता से संबंधित कार्यों में कोई कोताही ना बरतें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में जहाँ भी सड़कों के निर्माण कार्य चल रहे हैं शीघ्र उन्हें पूर्ण करायें। साथ ही जहाँ कहीं भी सड़कों व पुलियाओं की मरम्मत की आवश्यकता है उनके प्रस्ताव तैयार करवाए ताकि उन्हें भी धरातल पर उतारकर झालावाड़ की जनता को बेहतर सड़कों व मजबूत पुलियाओं का लाभ दिलाया जा सके। सांसद ने जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता को झालावाड़ में विद्युत आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के संबंध में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कम से कम विद्युत कटौती की जाए। साथ ही जहां भी तार टूटने व ढीले होने तथा विद्युत पोल्स टूटने की शिकायत हो उसे तुरंत ठीक कराया जाए ताकि कोई घटना ना हो। इस दौरान झालावाड़ में पेयजल की शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए कि कहीं भी गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत ना आए। साथ ही पाइप लाइन टूटने का मामला आने पर बिना किसी देरी के उसे दुरुस्त कराने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि झालावाड़ की जनता को शुद्ध पानी उपलब्ध करायें इसमें कोई लापरवाही ना हो। बैठक में सांसद ने समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निकायों का महत्वपूर्ण कार्य शहरी क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई करना है जो आम जनता की अहम मांगों में से एक है। उन्होंने सभी निकाय अधिकारियों से कहा कि शहरी क्षेत्रों गंदगी के ढेर न लगें, नालों की नियमित रूप से सफाई हो ताकि गंदे पानी की निकासी अवरूद्ध न हो।

## शनि अमावस्या पर पीवणिया तालाब स्थित शनि मंदिर में विशेष पूजन



**शाहपुरा (हुक्मनामा सामाचार)।** भाद्रपद मास की शनि अमावस्या के अवसर पर पीवणिया तालाब स्थित शनि देव मंदिर में धूमधाम से पूजा-अर्चना हुई। मंदिर को आकर्षक झांकी व रोशनी से सजाया गया। पंडित सुनील कुमार भट्ट के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के बीच शनि प्रतिमा पर तेल अभिषेक किया। पंडित भट्ट ने शनि अमावस्या का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन शनि देव की आराधना से जीवन के संकट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मंदिर पुजारी जगदीश रामकुमार ने विशेष महा आरती कर शनि देव को 101 किलो लड्डुओं का भोग अर्पित किया। रिमझिम बारिश के बीच महिला मंडल की महिलाओं ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक रमेश मारू, राजाराम पोरवाल, पंकज सुगंधी, निखिल रामसिंह, राजेंद्र खटीक, प्रदीप शर्मा, प्रदीप भारद्वाज, फतेह लाल, गोविंद सेन, विशाल शर्मा, रामदेव खाना, कहार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

### फिट इंडिया मिशन के तहत राजस्थान पुलिस का फिटनेस डोज

## संडेज ऑन साइकिल अभियान से जुड़ेंगे 17,000 से अधिक लोग, राज्यभर में होंगे फिटनेस कार्यक्रम

**जयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** फिट इंडिया मूवमेन्ट, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 2019 में की गई थी, का उद्देश्य फिटनेस को सभी नागरिकों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। इसी पहल के अंतर्गत, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से राजस्थान पुलिस द्वारा 24 अगस्त, 2025 को संडेज ऑन साइकिल अभियान का एक विशेष संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य के सभी जिला मुख्यालयों, पुलिस/आर्म्ड बटालियन, प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य पुलिस इकाइयों में होगा। 'विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन' इस आयोजन में केवल साइकिलिंग ही नहीं बल्कि योग, जुम्बा, रनिंग और रोप स्कीपिंग जैसी अन्य फिटनेस गतिविधियां भी शामिल होंगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य आम जनता में उत्साह बढ़ाना है। इस आयोजन का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिक, स्थानीय साइक्लिंग क्लब, स्कूल और कॉलेज के छात्र, एनजीओ और अन्य समूह भी इसमें शामिल हो सकें। इस पहल का मुख्य संदेश फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज है, जिसे सभी तक पहुँचाया जाएगा। 'संभावित भागीदारी का अनुमान' इस विशेष अभियान में विभिन्न जिलों और इकाइयों से लगभग 16,950 से अधिक लोगों के भाग लेने का अनुमान है। जयपुर शहर पुलिस लाईन में योगा और साइकिलिंग में 700 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आरपीए में योग, साइकिलिंग और रनिंग में 600 लोग भाग लेंगे। जोधपुर ग्रामीण पुलिस, प्रशिक्षण संस्थान और आरएसी की तरफ से होने वाले कार्यक्रम में लगभग 1600 लोगों के हिस्सा लेने का अनुमान है। भरतपुर में पुलिस और आरएसी की तरफ से होने वाले योगा और साइकिलिंग कार्यक्रम में 500 लोग भाग ले सकते हैं। बूंदी में साइकिलिंग और रनिंग में 500 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। कोटा सिटी पुलिस, ग्रामीण पुलिस और आरएसी में योग, साइकिलिंग और जुम्बा में 300 लोग भाग लेंगे। उदयपुर में फतेहसागर लेक पर योगा, साइकिलिंग और जुम्बा में 150 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। यह अभियान फिटनेस को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बरसात के बाद हवा थमते ही खेतों में मूंग की फसल पर लट का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है

**पादूकलां (हुक्मनामा सामाचार)।** किसानों के लिए इस बार मानो मानसून आफत बनकर आया है कभी बारिश का नहीं होना तो कभी पूर्वी हवाओं के कारण फसलों में नुकसान हो रहा लेकिन अब बरसात के बाद हवा थमते ही खेतों में मूंग की फसल पर लट का (इल्ली/कीट) का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। खेतों में लगे पौधों के फल-फूल चट कर रही यह कीट किसानों के लिए आफत बनती जा रही है। जैसे-जैसे पौधों में फली भरने का समय आता है, वैसे-वैसे यह कीट हरे फली, फूल व कोमल हिस्सों को खा जाती है, जिससे उपज पर भारी असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि अच्छी बरसात के बाद उन्होंने मूंग की फसल से बंपर उत्पादन की उम्मीद जताई थी, लेकिन लटका कीट के अचानक फैलने से अब फसल पूरी तरह खतरे में है। कीट रात के समय ज्यादा सक्रिय होकर फूलों व फलियों को काट डालते हैं, जिससे पैदावार आधी से भी कम होने की आशंका है। ग्रामीण किसान भंवराराम, पूरा राम, आदि बताते हैं कि पिछले दिनों आई तेज हवा और उसके बाद बनी नमी के कारण खेतों में कीटों की संख्या अचानक बढ़ गई। अब हर खेत में मूंग की फलियों पर लट नुकसान कर रही है। किसान कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन अभी तक खास असर देखने को नहीं मिला है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि किसानों को समय-समय पर फसल का निरीक्षण कर तत्काल छिड़काव करना चाहिए। साथ ही वैज्ञानिक पद्धति से दवाओं का उपयोग कर नियंत्रण पाने का प्रयास करना जरूरी है,अन्यथा फसल को बड़ा नुकसान हो सकता है। किसान इस बात से चिंतित हैं कि अगर कीट पर जल्द नियंत्रण नहीं पाया गया तो मेहनत, लागत और उम्मीद - तीनों पर पानी फिर जाएगा।

## उप निरीक्षक से निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा पात्रता सूची जारी, 30 और 31 अगस्त को लिखित परीक्षा

**जयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** पुलिस विभाग में पदोन्नति की राह देख रहे उप निरीक्षकों के लिए खुशखबरी है। पुलिस मुख्यालय, जयपुर ने उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक (ए.पी./सी.पी.) पद पर पदोन्नति के लिए होने वाली योग्यतात्मक परीक्षा 2022-23 की अस्थायी पात्रता/अपात्रता सूची जारी कर दी है। चयन समिति के सदस्य और पुलिस अधीक्षक सीआईडी सीबी लक्ष्मणदास द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिन उम्मीदवारों को इस सूची में पात्र माना गया है, उनकी लिखित परीक्षा 30 और 31 अगस्त, 2025 को जयपुर में आयोजित की जाएगी। इस सूची में शामिल उम्मीदवारों को अपनी पात्रता की जांच करने और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर 21 अगस्त तक आपत्ति दर्ज कराने का भी मौका दिया गया था। यह सूची उन सभी आवेदन पत्रों की समीक्षा के बाद जारी की गई है, जो 1 अगस्त, 2025 तक प्राप्त हुए थे।

## पारिवारिक तानों से तंग आकर हुआ खूनी खेल, भाई और पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या

**जयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** आर्थिक तंगी और परिवार वालों के तानों से तंग आकर एक व्यक्ति ने अपने ही भाई और पत्नी की कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रेमचंद मीणा पुत्र खलिया (42) निवासी बिल्ली खेड़ा को धमोतर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह व पुलिस उप अधीक्षक गजेंद्र सिंह राव जैतावत के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई सो धमोतर घीसू लाल की टीम द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त की सुबह धमोतर पुलिस थाना को सूचना मिली कि गाँव बिल्लीखेड़ा में प्रेमचंद मीणा ने अपने बड़े भाई मुलचंद और अपनी पत्नी सविता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। इस हमले में मुलचंद का बेटा मनीष उर्फ मनोज और प्रेमचंद का अपना बेटा संतोष भी घायल हो गए थे। सूचना मिलते ही थानाधिकारी घीसूलाल मीणा पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे, जहाँ दो शव पड़े हुए थे। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए और प्रार्थी दिनेश मीणा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी प्रेमचंद मीणा को मौके से ही हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह अपनी खराब आर्थिक स्थिति और परिवार वालों के तानों से परेशान होकर इस घटना को अंजाम दिया। जुर्म स्वीकार करने के बाद आरोपी प्रेमचंद को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी घीसूलाल मीणा के नेतृत्व में एक टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें एसआई भगवानलाल, चौकी प्रभारी गोपीचंद और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### चौहान वंशीय हिंदू जातियों को मुस्लिम कैटेगरी से अलग किया जाए

# ओबीसी सूची में मेहरात-काठात, घोड़ात व चीता को मुस्लिम दर्शाना गलत है

**ब्यावर (हुक्मनामा सामाचार)।** राजस्थान चीता-मेहरात हिंदू मगरा मेरवाड़ा महासभा, राजस्थान चीता मेहरात चौहान सेना और सम्राट पृथ्वीराज चौहान वंशीय चौहान राजपूत गजट संशोधन समिति राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आक्रोश रैली निकाली गई जिसमें समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। जिसका विभिन्न समाज-संगठनों ने भी समर्थन किया। इस मौके पर भाजपा नेता अभिषेक सिंह ने घोषणा कि एक माह में यदि मांग पूरी नहीं हुई तो वे जयपुर कूच करेंगे। साथ ही जब तक चौहान वंशीय हिंदू जातियों को मुस्लिम कैटेगरी से अलग नहीं किया जाता तब तक वे भाजपा के किसी मंच को साझा नहीं करेंगे।

विधायक शंकरसिंह रावत, अभिषेक सिंह, पृथ्वी सिंह भोजपुरा, सूरज प्रताप सिंह राजियावास, विक्रांत सिंह रावत, नेमसिंह चौहान, रायपुर प्रधान कमला चौहान, नारायण सिंह, अशोक चौहान, वीरम सिंह चौहान, रसाल सिंह, नरेश कनोजिया आदि आमसभा को संबोधित किया। रैली एसडी कॉलेज खेल मैदान से शुरू हुई जो चांगगेट, पाली बाजार, भारत माता सर्किल, अजमेरी गेट होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कमलराम मीना को ज्ञापन सौंपा गया। सम्राट पृथ्वीराज चौहान वंशीय चौहान राजपूत गजट संशोधन समिति संरक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि हाल ही में जारी अधिसूचना में ओबीसी सूची के कॉलम संख्या 37 में मेहरात-काठात, मेहरात-घोड़ात और चीता को मुस्लिम श्रेणी में दर्शाया गया। यह निर्णय ना केवल तथ्यात्मक त्रुटिपूर्ण है बल्कि चौहान वंशीय हिंदू जातियों के इतिहास, परंपरा और धार्मिक पहचान के विरुद्ध भी है।



**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक:- न.नि.अ/भवन/2025-26/231 दिनाक :- 22/08/2025

-: आपत्ति सूचना :-

श्री आदिल अख्तर पुत्र श्री उमरदीन एवं श्री फिरोज खान पुत्र श्री उमरदीन निवासीगण 524/24 छोटी नागफणी बोराज रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 310/44 जो वाके बाबू गढ़ ऋषि घाटी गंज अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 57.60 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।

प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐ निम्नानुसार है।

पूर्व :- खुली भूमि — पश्चिम :- खुली भूमि जांबाद सरकारी नाला

उत्तर :- आम रास्ता बाबू गढ़ — दक्षिण :- आम रास्ता पैसेज

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम अजमेर

## आरबीएसई ने 10वीं-12वीं एग्जाम के आवेदन की डेट बढ़ाई

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी परीक्षा-2026 के लिए बिना लेट फीस ऑनलाइन आवेदन करने की डेट बढ़ा दी गई है। परीक्षा के लिए 24 जुलाई से आवेदन ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। 23 अगस्त लास्ट डेट थी। इसे अब बढ़ाकर 3 सितम्बर कर दी है। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया- सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी परीक्षा-2026 के लिए 24 जुलाई से आवेदन ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 23 अगस्त थी, जिसे अब बढ़ाकर 3 सितम्बर कर दी है। बैंक में शुल्क जमा कराने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर है। आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केंद्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि 18 सितंबर है। उन्होंने बताया- अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित आवेदन पत्र 4 सितम्बर से ऑनलाइन भरे जाएंगे। यह आवेदन पत्र 10 सितंबर तक भर सकते हैं। बैंक में शुल्क जमा कराने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केंद्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि 18 सितंबर है।

## 25 कुत्तों को गोली मारने वाले का स्वागत

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में हाथ में बंदूक लेकर दौड़ा-दौड़ा कर 25 कुत्तों को गोली मारने वाले व्यक्ति की जमानत हुई तो गांव में जश्न मनाया गया। ग्रामीणों ने डीजे बजाया, उसे माला पहनाई और पिकअप में बैठाकर पूरे गांव में रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों ने बस स्टैंड से गुजर रही बस को रुकवाया और उसमें बैठे यात्रियों को लड्डू बांटे। कुत्तों को गोली मारने वाले व्यक्ति को जब गांव में घुमाया गया तो वह हाथ जोड़कर उसके इस स्वागत सत्कार के लिए लोगों का अभिवादन करता रहा।स्वागत सत्कार का वीडियो सामने आने के बाद पशु प्रेमियों ने सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। लोगों ने इसे अपराध का महिमामंडन बताया।

### ई-साइकिल वितरण समारोह

### बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण, महिला उत्थान हमारी प्राथमिकता

# बेटियों की मुस्कान ही हमारी ताकत-मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने बालिकाओं एवं कामकाजी महिलाओं को वितरित की ई-साइकिल

### मुख्यमंत्री का आत्मीय संवाद- बेटियों ने जताया आभार, सरकार के प्रयासों को सराहा




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण और महिला उत्थान को प्राथमिकता मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों की मुस्कान ही हमारी ताकत है तथा हम प्रदेश की महिला शक्ति के उत्थान के लिए तत्पर हैं। महिलाओं एवं बेटियों के शिक्षित और सशक्त होने से ही देश और समाज सशक्त होगा। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर बालिकाओं को ई-साइकिल वितरण समारोह के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माताएं-बहनें हमारी संस्कृति एवं संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाती हैं। मातृशक्ति समाज एवं परिवार में बच्चों के पालन से लेकर बुजुर्गों की सेवा तक विभिन्न भूमिकाओं का बखूबी निर्वहन करती हैं।

**राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कर रही प्रयास** शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की दिशा में मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पांच साल में चार लाख सरकारी एवं निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियों के संकल्प को पूरा करेगी।

**'फिट इंडिया से शिक्षा तक ई-साइकिल से होगा सशक्तीकरण'** संवाद के दौरान निजी क्षेत्र में कार्यरत लाभार्थी आशा ने मुख्यमंत्री से कहा कि ई-साइकिल के मिलने से उनको आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा समय व पैसे की बचत होगी और वह फिट इंडिया मुहिम का हिस्सा भी बन सकेंगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली छात्रा रितिका ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी करने से बेहतर तैयारी हो पा रही है तथा पेपरलीक जैसी घटनाओं पर अंकुश लगने से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि उनके पिता विशेष योग्यजन हैं तथा मुख्यमंत्री को देखकर उन्हें परिवार के सदस्य जैसा प्रतीत होता है जिन्होंने ई-साइकिल का उपहार दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आह्वान किया कि वे सभी दृढ़ निश्चय एवं कड़ी मेहनत के साथ अपने सपनों को पूरा करें। राज्य सरकार बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बालिकाओं एवं कामकाजी महिलाओं को ई-साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में ईईएसएल की ई-बाईसाइकिल प्रोग्राम हैड रितु सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी बालिकाएं एवं कामकाजी महिलाएं उपस्थित रहीं।



### राज्य सरकार का प्रयास-कोई भी बेटी शिक्षा से नहीं रहे वंचित

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का मूलमंत्र देकर लिंगानुपात में सुधार तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में राज्य सरकार का प्रयास है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। राज्य सरकार द्वारा गार्गी पुरस्कार योजना के तहत 3.90 लाख बालिकाओं एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत लगभग 2 लाख बालिकाओं को प्रोत्साहन दिया गया है। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत गरीब परिवारों को बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये का सेविंग बॉन्ड मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक विभिन्न योजनाओं में लगभग 11 लाख से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान की है।

### बेटियों ने कहा .......

#### ई-साइकिल से बढ़ेगा आत्मविश्वास, पढ़ाई होगी आसान

**मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से आत्मीयता से संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं को पूरा किया। छात्रा सीमा यादव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ई-साइकिल से सपनों को नई उड़ान मिलेगी। वहीं, छात्रा अभिनीति ने कहा कि ई-साइकिल से आवागमन में होने वाली पैसे की बचत से वह कम्प्यूटर की पढ़ाई कर सकेंगी। इसी तरह, छात्रा विनीता गोठवाल के साइकिल चलाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से कहा कि उनके छात्र जीवन में स्कूल जाने के लिए वे साइकिल का उपयोग करते थे।**



### केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने लक्ष्मणगढ़ कस्बे में अमृत 2.0 पेयजल योजना का किया शिलान्यास

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर- भूपेन्द्र यादव

### 22.50 करोड़ रूपये की इस योजना से लक्ष्मणगढ़ में 24 घण्टें अन्तराल पर होगी जलापूर्ति

**अलवर, (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ में कस्बें की जलापूर्ति के लिए 22.50 करोड़ रूपये की लागत राशि की अमृत 2.0 योजना का शिलान्यास किया। यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प में सभी की सहभागिता की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौते जैसे असंतुलित जल समझौते को रदद् कर देश के किसानों व नागरिकों के हितों की रक्षा करने का काम किया है। इसी प्रकार पूर्वी राजस्थान के किसानों व नागरिकों को जल उपलब्धता के लिए ईआरसीपी-पीकेसी रामसेतु जल समझौता राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच कराया है। इस योजना का कार्य निविदा प्रक्रिया स्तर पर है। जल्द ही यह योजना धरातल पर आयेगी। पूर्वी राजस्थान को इसका लाभ मिलेगा।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा, सब की सहभागिता की महत्ती आवश्यकता** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले दस सालों में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है और कृषि के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बन गया है। इसमें केन्द्रीय सरकार की योजना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पीएम मोदी द्वारा लगातार कदम बढ़ाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अन्तरिक्ष में नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि चन्द्रयान की सफलता से देश के विद्यार्थियों में स्पेश के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने की भावना पैदा हुई है।

**पेयजल, सड़क व सीवरेज का होगा चरणबद्ध कार्य** उन्होंने कहा कि सांसद बनने पर लक्ष्मणगढ़ कस्बे के दो विषय सामने आये थे जिसमें पेयजल व कस्बे की सीवरेज व्यवस्था इन दोनों पर कार्य कराया जा रहा है। अमृत 2.0 योजना से कस्बें व आसपास के आधे दर्जन गांवों को पेयजल की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति होगी तथा सीवरेज व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आग्रह किया गया था जिस पर बजट में कस्बें के लिए 5 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी की है।

यह कार्य भी यथाशीघ्र प्रारम्भ होगा साथ ही उन्होंने कहा कि कस्बें व आसपास के क्षेंत्रों के साथ यहां के राष्ट्रीय राजमार्ग के विषय पर भी कार्य किया जा रहा है। सड़क के विषय पर केन्द्रीय सड़क मंत्री से भी प्रतिनिधित्व मंडल के भेंट कराई जाएगी। उन्होंने कस्बेवासियों से कहा कि पेयजल योजना के कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखें। अगर इसमें अनियमतता होवे तो अवगत करावें।



### युवाओं को शिक्षा व खेल में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

उन्होंने कहा कि लक्ष्मणगढ़ व गांव के बच्चों को अच्छी व आधुनिक शिक्षा मिल सके इसके लिए जिले में ई-लाईब्रेरी बनवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में इस दिशा में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सांइस व मैथ के प्रति अभिरूचि बढ़े इसके लिए केन्द्र सरकार अटल टिंकरिंग लैब बनवा रही है। उन्होंने कस्बेवासियों से कहा कि फूल माला व साफे के स्थान पर लाईब्रेरी के लिए पुस्तकें भेंट की जाए जिससे युवा पीढ़ी नये विषयों को जान व समझ सकें। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं को खेल व मैदान से जोडने व उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने के उदेश्य से अलवर सांसद खेल उत्सव प्रारम्भ किया गया है जो हर वर्ष आयोजित होगा।

### पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन

## जेईएन को चूड़ियां पहनाई, लिपस्टिक लगाने की कोशिश की

**जैसलमेर।** जैसलमेर में पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों के साथ आई महिलाओं ने कनिष्ठ अभियंता को चूड़ियां पहना दी। इसके बाद लिपस्टिक लगाने की कोशिश की, लेकिन साथ आए लोगों ने उनको रोक दिया। लोगों ने कहा- थाली बजा कर हम अधिकारियों की नींद उड़ाने आए हैं, ताकि उनको ये पता चल सके कि हमारे इलाके में पानी नहीं आ रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि 10 दिन से कॉलोनी में पानी नहीं आ रहा है। जलदाय विभाग के एईएन देवीलाल भील ने कहा- बिजली की ट्रिपिंग और वोल्टेज समस्या के चलते मोटर काम नहीं करती है, इसके कारण पेयजल की समस्या आ रही है। मामला बीपी टैंक स्थित जलदाय विभाग के एईएन ऑफिस का है। 10 दिन से नहीं आ रहा था पानी दरअसल, शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे इंदिरा कॉलोनी के लोगों के साथ ही आसपास के इलाकों के लोग पानी के समस्या को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे।

### पाबोलाव मंदिर के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

## रोडवेज बस बोलेरो की हुई जबरदस्त भिड़ंत, चार की मौत



**लाडनूं।** उपखंड क्षेत्र के जसवंतगढ़ थाना के पाबोलाव मंदिर के पास में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां लाडनूं से सुजानगढ़ की ओर जा रही सीकर डिपो की रोडवेज बस एवं बोलेरो कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई।भिड़ंत में टीयूवी कार के पर परखच्चे उड़ गए,एवं रोडवेज आगे से क्षतिग्रस्त हो गई,हादसे में कार में सवार तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई,जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक चूरू जिले के राजलदेसर एव मौमासर निवासी बताए जा रहे हैं।जानकारी अनुसार कार में सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे, जो पुष्कर दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक गौवंश के सड़क पर आ जाने से बोलेरो एव रोडवेज बस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई।हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए,एवं कार हाईवे से नीचे जा गिरी कार में फंसे शवों एव घायलों को निकालने के लिए पुलिस को क्रेन की मदद लेनी पड़ी।हादसे में महिलाओं शारदा उम्र 50 वर्ष लिछमा उम्र 70 वर्ष तुलछी उम्र 42 वर्ष पुरुष ओमसिंह उम्र 48 वर्ष की मौत हो गई। वहीं ममता उम्र 15 वर्ष, मुरली उम्र 11 वर्ष भोजराज उम्र उम्र 17 वर्ष एवं रूपा उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मृतकों को लाडनूं के राजकीय अस्पताल लाया गया।

## 12 सालों में पचपदरा रिफाइनरी की लागत दो गुना बढ़ी

### बीएस-6 फॉर्मूला पर होगी तैयार, 90 प्रतिशत काम पूरा

**बाड़मेर।** राजस्थान के सीएम और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी 24 अगस्त यानि कल रविवार को बालोतरा के पचपदरा में आने का प्रोग्राम प्रस्तावित है। निर्माणाधीन रिफाइनरी का विजिट करेंगे।

साथ ही अधिकारियों और कंपनी के अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। साल 2013 में शुरू हुए रिफाइनरी के प्रोजेक्ट को लेकर दावा था कि साल 2025 तक इसका काम पूरा हो जाएगा। हालांकि अभी 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इधर, इन 12 सालों में रिफाइनरी की लागत भी दो गुना हो चुका है।साल 2013 में रिफाइनरी की लागत 37 हजार करोड़ थी, जो साल 2024 में बढ़कर 72 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। अब यह आंकड़ा 90 हजार करोड़ से ज्यादा पहुंचने की संभावना है। एचपीसीएल और राजस्थान सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआर आरएल) की ओर से सालाना 9 मिलियन टन प्रोडक्शन किया जाएगा।

ये बीएस-6 मानक की अत्याधुनिक राजस्थान रिफाइनरी तैयार हो रही है। रिफाइनरी में क्रूड/वैक्यूम डिस्टीलेशन यूनिट व डिलेड कॉकर यूनिट का करीब 95.5 प्रतिशत, हाइड्रोजन जेनरेशन यूनिट और डीजल हाइड्रोजन यूनिट का 98.7 प्रतिशत से अधिक और वीजीओ-एचडीटी यूनिट आदि का काम 95.3 फीसदी कार्य किया जा चुका है।

## बाड़मेर में वकील का संथारा उत्सव, बैकुंठी यात्रा निकाली

**बाड़मेर।** बाड़मेर में पहली बार संथारा (देह-त्याग) का उत्सव मनाया गया। वकील मीठालाल चोपड़ा ने 84 साल की उम्र में संथारा लिया, जो शुक्रवार शाम को पूरा हुआ। शनिवार को बैंड-बाजे के साथ उनकी बैकुंठी यात्रा निकाली गई। वकील मीठालाल चोपड़ा ने 4 दिन पहले ही खाना-पीना छोड़ दिया था। यात्रा से पहले रात-भर भजन कीर्तन हुए और णमोकार मंत्र का जाप हुआ। बैकुंठी यात्रा में हजारों की संख्या में लोग उमड़े। ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे, डीजे के साथ लोग णमोकार मंत्र का जाप करते हुए मुक्तिधाम पहुंचे।

### भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई

## चित्तौड़गढ़ में सहायक उप निरीक्षक 9,000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजस्थान ने एक और बड़ी सफलता अर्जित करते हुए पुलिस विभाग में कार्यरत एक अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आज चित्तौड़गढ़ जिले के चन्देरिया थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव को परिवादी से 9,000 रुपये की अवैध राशि लेते हुए एसीबी की टीम ने दबोच लिया।

एसीबी मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि थाना चन्देरिया में दर्ज एक प्रकरण में परिवादी के पुत्र को राहत दिलाने के नाम पर आरोपी एएसआई द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को बताया कि आरोपी लगातार परेशान कर रहा था और मामले में मदद करने की एवज में 9,000 रुपये की घूस की मांग की गई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ ने त्वरित कार्रवाई की योजना बनाई। यह पूरी कार्रवाई उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस प्रहलाद सिंह कृष्णिया के सुपरविजन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में की गई। ब्यूरो की टीम ने विधिवत ट्रैप की योजना बनाकर आज आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता प्राप्त की। कार्रवाई के दौरान जैसे ही परिवादी ने तयशुदा 9,000 रुपये की राशि आरोपी एएसआई को सौंपी, एसीबी की टीम ने तत्काल दबिश दी और उसे रिश्वत लेते हुए मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। टीम द्वारा बरामद की गई राशि को जब्त कर लिया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मति स्मिता वास्तव ने बताया कि इस प्रकार की शिकायतें आने पर ब्यूरो तुरंत सख्त कदम उठाता है ताकि आमजन को न्याय मिल सके और सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि एसीबी की प्राथमिकता है कि जनता को किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार का सामना न करना पड़े।

## बांसवाड़ा में क्षेत्रीय वन अधिकारी और वनपाल 20 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

**बांसवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बांसवाड़ा इकाई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सज्जनगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रीय वन अधिकारी और वनपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई, जिसमें दोनों अधिकारियों को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया। एसीबी के अनुसार, सज्जनगढ़ क्षेत्रीय वन अधिकारी शांतिलाल चावला और डूंगरा के वनपाल लालजी गरासिया पर एक व्यक्ति से फाइल पास कराने और आवश्यक अनुमति दिलाने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी टीम ने योजना बनाकर दोनों अधिकारियों को ट्रैप किया। शिकायतकर्ता से मांगी गई 20,000 रुपये की राशि जैसे ही दोनों अधिकारियों ने ली, टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई है और दोनों अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और दोनों आरोपियों के कार्यालय और आवासों की भी तलाशी ली जाएगी। इस कार्रवाई से वन विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की उम्मीद की जा रही है।

CMYK

# अखण्ड हरिकिर्तन खड़ी सप्ताह के समापन पर निकाली जायेगी शोभायात्रा



**आनन्दपुर कालू (हुक्मनामा समाचार)।** लक्ष्मीनाथ मन्दिर में रविवार 17 अगस्त दोपहर सवा बारह बजे से अखण्ड हरिकिर्तन खड़ी सप्ताह समारोह का शुभारम्भ किया गया जिसका समापन 24 अगस्त रविवार दोपहर को होगा अखण्ड हरिकिर्तन खड़ी सप्ताह में सात दिन तक चौबीस घण्टा लगातार हरिकिर्तन किये जा रहा हे जिसमे भजन गायक रमेश जांगीड,पियुष प्रजापत,जयदीप सोनी बर,यशवन्त सोनी कंचन वैष्णव,भावना सैन,सुशीला देवी वैष्णव,विमला भाटी पीकी माहेश्वरी,जीया सोनी,दुर्गा टेलर द्वारा रोजाना हरिकिर्तन किया गया समापन पर आज रविवार 24 अगस्त को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी सात दिवसीय आयोजन को सफल बनाने मे लक्ष्मीनारायण भजन मण्डल संरक्षक मुन्नीलाल शर्मा, सयोजक बाबुलाल नागर,कैलाश चन्द बाहेती,अध्यक्ष शिम्भु सिह राजपुत,सचिव ललित जैन,उपाध्यक्ष लक्ष्मण सोनी,प्रचार मंत्री नौरत माली,महामंत्री लखाराम प्रजापत,कोषाध्यक्ष विक्रम शामर्,पुजारीतेजराज पाराशर,धनश्याम सोनी,सुनिल सैन बद्रीनारायण रुणवाल,राजेश सोनी,रामावतार माहेश्वरी,सुभाष पाराशर अमरचन्द व्यास,बाबूलाल सारस्वत,कैलाश सारस्वत,, प्रकाश सैन,पुरुषोत्तम वैष्णव,लोकेश टेलर, आशीष शर्मा,सोहनलाल सैन गोपालदास,राकेश जोशी सहित धर्मप्रेमी बन्धु का विशेष सहयोग रहा सात दिवसीय आयोजन मे साय कालीन आरती में विशेष आयोजन के तहत रामदरबार,शिव ,पार्वती गजानन्द,की झॉकीया का प्रदर्शन किया गया

भक्तजनों द्वारा रोजाना मावा मिठाई व खीर प्रसाद के रूप में वितरण किया गया

## चारभुजा नाथ को बांके बिहारी की पोशाक धारण कराई

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के बडा मंदिर में शनिचरी अमावस्या एवं देव कार्य अमावस्या के विशेष अवसर पर चारभुजा नाथ को मोर पंख, डायमंड से जड़ित बांके बिहारी की सतरंगी पोशाक धारण कराई गई ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर शनि अमावस्या होने के वजह से ट्रस्ट की ओर से चारभुजा नाथ के शिखर पर ध्वजा अर्पण की गई इस अवसर पर समिति संरक्षक उदयलाल समदानी, रामेश्वर तोषनीवाल , ट्रस्ट मंत्री प्रहलाद भदादा सहित मंदिर पुजारी भक्त गण उपस्थित थे

## अज्ञात व्यक्तियों ने विद्यालय के कमरे में रखें कागजात फाड़कर कर और कम्प्यूटर को गंदे पानी फैंक दिया

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शुक्रवार शाम को अज्ञात व्यक्तियों ने कमरे में रखे विद्यालय के कागज, विद्यालय डॉयक्मेंट, विद्यार्थियों के प्रवेश फार्म, विद्यालय की जरूरी फाइलें सहित अन्य जरूरी कागज को फाड़कर फैंक दिए और उसी कमरे में रखे कम्प्यूटर का सीपीओ बहार पड़े गंदे पानी में फेंक दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद नांगलिया ने खुनखुना थाना में पेश होकर एक लिखित रिर्पोट दर्ज कराई। रिर्पोट में बताया हमारे विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय छोटीखाटू के विद्यालय समय के पश्चात अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाती है। जिसका समय 5 पीएम है विधार्थी लगभग 4.45 पीएम तक आ जाते है इसी समयानुसार 22 अगस्त को भी लगभग इसी समय 4.45 से 5 बजे के बीच बच्चे पढ़ने के लिए आये थे बच्चों ने देखा की ऊपर कमरा का गेट खुला है एवम सारा समान बिखरा हुआ है बच्चों ने तुरन्त पडोस से फोन व.अ. कुलदीप चन्द राखेचा को किया जो एक्स्ट्रा क्लास लेते हैं उनको करवाया इन्होंने स्थानीय स्टॉफ साथियों को फोन किया हम लोग आये तो देखा कि ऑफिस में, सारा रिकॉर्ड विखरा हुआ है कम्प्यूटर का सीपीओ बाहर गंदे पान मैं फेंका हुआ था तथा एलईडी (मॉनीटर) तोडी हुई थी की बोर्ड एवं माह वार का भी पता नही साथ ही विद्यालय रिकॉर्ड में आवक रजिस्ट्रर व जावक रजिस्ट्रर व आवक जावक फाइले, आदेश पंजिका कर्मचारी उपस्थिती रजिस्ट्रर, टीचर एरजेमेन्ट, टीचर मीटिंग रजिस्ट्रर बजट कंट्रोल रजिस्ट्रर, पुस्तक अवदान पजिंका प्रवेश फाईलें कक्षा 1 से 10 तक फाड़ी हुई व सम्पूर्ण रिकार्ड बिखरा पड़ा था पाठय पुस्तक बिखरी हुई थी, यह घटना किसी असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय को नुकसान पहुंचाया की नियत से की गई है। और प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद नांगलिया ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। खुनखुना पुलिस ने रिर्पोट दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर जल्द ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

## 25 व 26 को निकलेंगे 40वें के मोहर्रम

**छीपाबड़ौद (हुक्मनामा समाचार)।** हरनावदाशाहजी. कस्बे में शहीदाने ए कर्बला व हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में 25 अगस्त को रात्रि और 26 अगस्त को दोपहर में मातमी धुन के बीच ताजिये निकाले जाएंगे। जामा मस्जिद सदर शराफत अली ने बताया की कस्बे में 40वें के मोहर्रम मातमी धुन के बीच निकाले जाएंगे। इस मौके पर ताजिये की जियारत करने के लिए जुलूस में बड़ी संख्या में कस्बे सहित आसपास के इलाके के लोग शिरकत करेंगे। युवा आशु मंसूरी ने बताया की नोजवान युवाओं की और से छबील लगाई जाएगी। मोहर्रम का जुलूस फकीर मोहल्ले से शुरू होकर कुम्हार मोहल्ला, हरछोड मोहल्ला, मुख्य मार्ग व विवेकानंद सर्किल से होते हुए फिर से फकीर मोहल्ले में पहुंच ताजिये का मुकाम लगाकर देर शाम कर्बला पर ठंडा किया जाएगा। मोहर्रम के जुलूस में मांगरोल, सुकेत, खिलचीपुर, मोई कलां, अकलेरा, बिलेंडी, मृगवास सहित अन्य जगहों की मातम व अखाड़ेबाजों की टीमें आएगी। जिसमें अखाड़ेबाज हैरतअंगेज कलाकारी का प्रदर्शन करेंगे।

## खुनखूना में भामाशाह का सम्मान



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती ग्राम खुनखुना स्टेशन पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शनिवार को भामाशाह गिरधारी सोनी अशोक सोनी का सम्मान समारोह रखा गया। भामाशाह ने स्कूल में पंखे भेंट किए थे। इस उपलक्ष में प्रधानाचार्य प्रदीप सेवदा तथा सहायक अध्यापकों ने मिलकर गिरधारी सोनी अशोक सोनी प्रेरक समाज सेवक मनोज सिंह शेखावत संदीप कामदार का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। अशोक सोनी ने स्कूल के बच्चों को उपहार के तौर पर अल्पआहार करवाया प्रधानाचार्य सेवदा बताया की सीए अशोक सोनी इसी स्कूल से पढ़कर मुंबई में कार्यरत है सभी बच्चों से कहा की आप भी इसी तरह अपने माता-पिता स्कूल का नाम रोशन करें और बताया की सभी भामाशाहों का योगदान होता है तो संस्थाएं आगे बढ़ती है और मनोज सिंह शेखावत भी इस स्कूल के परिवार की तरह हैं जब भी सेवा कार्य होता है तो शेखावत स्कूल में हाजिर होकर सहभागिता निभाते हैं।

## प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था का सम्मान समारोह आज

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था कोटा द्वारा रविवार को अपराह्न 2 बजे सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन समारोह रामधाम आश्रम दादाबाड़ी पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष हुकुमचंद मंगल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा आईजी राजेंद्र प्रसाद गोयल होंगे।अध्यक्षता एडीएम सिटी अनिल सिंघल करेंगे। महामंत्री प्रकाश तापड़िया तथा कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि रामधाम आश्रम के महंत लक्ष्मण दास महाराज, एडिशनल एसपी अंकित जैन, राजेश डागा आरएएस राजेश जी गोयल आईएएस, महेश गुप्ता शिव ज्योति, राकेश जैन जिला अध्यक्ष भाजपा, अशोक माहेश्वरी व्यापार संघ, राजीव अग्रवाल महापौर, एडिशनल एसपी पवन जैन, एडिशनल एसपी अरुण कांत सोमानी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम प्रारंभ में हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा उसके बाद सम्मान समारोह प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराने पर महिला को समाज से बहिष्कृत करने का आरोप,अदालत के आदेश पर दर्ज हुई महिला की एफआईआर

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराने पर महिला को समाज से बहिष्कृत करने का मामला सामने आया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट नसीराबाद के आदेश पर थाना मांगलियावास पुलिस ने 42 वर्षीय विधवा महिला ज्ञान पत्नी भूरालाल कहार निवासी नदी द्वितीय की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की है। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री अमन के ससुरालवालों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराने के बाद गांव के पंचपटेलों ने मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाना शुरू किया। आरोप है कि पंचायत के सीताराम, देवीलाल, मुंशीलाल, पप्पू और कालू ने महिला को धमकी दी कि जब तक वह मुकदमा वापस नहीं लेती और 1 लाख रुपये सामाजिक दंड व 2 लाख रुपये अतिरिक्त राशि नहीं देती, तब तक उसे समाज से बहिष्कृत रखा जाएगा। महिला ने बताया कि गांव में एलान कर दिया गया कि कोई भी दुकानदार उसे सामान नहीं देगा। दबाव व धमकियों के चलते उसे अपनी पुत्री के साथ अजमेर में किराये का मकान लेकर रहना पड़ रहा है। महिला के भाई-भाभी ने उसका साथ दिया तो उन्हें भी सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ा। न्यायालय ने परिवाद पर कार्रवाई करते हुए मामला थाना मांगलियावास पुलिस को भेजा। थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच का जिम्मा एएसआई गोपाराम को सौंपा है।

## एमवीएएफ फॉउन्डेशन द्वारा स्टेशनरी वितरण एवं पौधारोपण कार्यक्रम



**रूपनगढ (हुक्मनामा समाचार)।** मानव विकास अधिकार फॉउन्डेशन (एमवीएएफ) के शिक्षा सहयोग अभियान के तहत शनिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मालियों की ढाणी, ग्राम काठोदा में जरूरतमंद 50 छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। इसमें कॉपियाँ, पेन, पेंसिल, रबड़, शार्पनर व स्केल शामिल रहे। कार्यक्रम में फॉउन्डेशन अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद लवास, उपाध्यक्ष कमल सिंह राठौड़, सचिव रमेश चंद बंसल, कोषाध्यक्ष बैंजामीन, उपसचिव मोहनलाल सॉखला, जे.पी. नागर, वीरेन्द्र सिंह यादव, वासुदेव वर्मा व यश बंसल ने बच्चों को स्टेशनरी सामग्री भेंट की। इसी क्रम में विद्यालय परिसर में 40 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती कैलाश कँवर, वरिष्ठ अध्यापक दौलत सिंह शेखावत, अध्यापक मुरारीलाल मीणा, किरण सिंह, सुश्री पिंकी कुमारी, सुश्री चंचल चौधरी, पीटीआई रामकरण मीणा व राम रतन गुर्जर मौजूद रहे।

## 400 से अधिक को नि:शुल्क परामर्श

# नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर सम्पन्न



**भवानी मंडी (हुक्मनामा समाचार)।** भवानी मंडी राजस्थान के सबसे प्रतिष्ठित व प्रमाणिक पत्रकार संगठन जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) जिला झालावाड़ इकाई व स्थानीय नून हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें आने वाले सभी मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया। साथ ही मोतियाबिंद की जांच व ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इस दौरान आयोजन के मुख्य अतिथी एवं नून हॉस्पिटल के संरक्षक, समाजसेवी व भामाशाह डॉ. जगदीश कुमार अरोड़ा रहे । वहीं मुख्यवक्ता जार प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा रहे एवं जार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सदस्य जगदीश पोरवाल, रणवीर सिंह चौहान, जार जिला महासचिव दिलीप कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम कल्याणमल मेघवाल,डॉ. कासिम अली व डॉ. अंजू पाटीदार विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। वहीं सभी अतिथियों ने विधिवत रूप से दीप प्रजव्वलन कर आयुर्वेद और चिकित्सा के देवता भगवान विष्णु के अवतार भगवान धनवन्तरी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारम्भ किया। इसके पश्चात जार के पदाधिकारियों का नून हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से फूलमाला पहनाकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मुख्यवक्ता जार के प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा ने कहा कि जार पत्रकारिता के साथ साथ अपने सामाजिक सरोकारों के प्रति भी सजग है और जार ने परिंडे अभियान, पौधारोपण व चिकित्सा शिविर भी किए हैं। इस दौरान उन्होंने इस हॉस्पिटल के संस्थापक स्वर्गीय जीके नून को भी याद किया जिन्होंने इस संस्था का निर्माण पीड़ित मानवता की सेवा के लिए किया था। कछवाहा ने कहा कि ऐसे शिविर आयोजित होते रहने चाहिए

## दो कारों की हुई भिड़ंत पैदल चल रहे दो व्यक्ति हुए घायल

## घायलों को लाया गया राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल चिकित्सकों ने किया उपचार

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के रहने वाले दो व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार हो गए,यह व्यक्ति फलोदी में दो कारों की भिड़ंत हुई,जिसमें सड़क हादसे का शिकार हो गए,जिन्हें उपचार हेतु डीडवाना लाया गया। मिली जानकारी अनुसार अर्जुन राम एवं दुर्गाराम दोनों हलवाई का कार्य करते हैं,दोनों रामदेवरा पैदल संघ में सम्मिलित थे,खाना बनाकर बचे हुए खान को गायों को डालने के लिए जा रहे थे,इसी दौरान फलोदी में हाईवे पर आपस में दो कारों की भिड़ंत हो गई,भिड़ंत में दोनों कारों की चपेट में यह पैदल चल रहे दोनों व्यक्ति आ गए,एवं घायल हो गए,घायलों को पैदल संघ में चल रहे लोगों के द्वारा नजदीक अस्पताल ले जाया गया,जहां पर चिकित्सकों ने उपचार करते हुए रेफर कर दिया,जिन्हें डीडवाना शहर के राजकीय बांगड जिला अस्पताल लाया गया,जहां पर चिकित्सकों के द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार जारी किया गया,यह हादसा फलोदी में हुआ

## ट्रैक्टर में बैठकर पहुंचे किशनगंज उपखंड अधिकारी बालिका आवासीय छात्रावास

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** किशनगंज कस्बे के अमलावादा रोड पर स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका छात्रावास तखडियातलाई खाल में पानी का उफान आने से अमलावद रोड बंद हो गया और इस रोड पर पानी भरने से कस्तूरबा आवासीय बालिका छात्रावास में भी तीन-चार फीट पानी भरने की जानकारी मिलने पर कस्बे के एक दर्जन ग्रामीण छात्रावास में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया उसके बाद उपखंड अधिकारी व विधायक ललित मीणा को अवगत कराया।

## खस्ता हाल सड़क में फिसल कर गिरा बाइक सवार की मौत



**खरवा (हुक्मनामा समाचार)।** खस्ता हाल सड़क पर एक सप्ताह पूर्व फिसल कर गिरने मोटरसाइकिल चालक के कंधे में फैक्चर हो गया था ।उस व्यक्ति का शुक्रवार रात्रि को निधन हो गया। ग्रामीणों ने सड़क की दुर्दशा तथा सड़क निर्माण ठेका होने के बावजूद सड़क निर्माण शुरू नहीं होने पर रोष जताया। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कब तक लोग दुर्घटना ग्रस्त होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि खरवा काशीपुरा संपर्क सड़क निर्माण के बाद से ही घटिया सामग्री उपयोग के चलते उखड़ गई थी। रही सही कसर गत वर्ष बरसात में तालाब की चादर चलने पर सड़क और क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग की जिस पर सरकार ने खरवा काशीपुरा सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की तथा सड़क निर्माण के टेंडर भी हो गए। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ ।देवपुरा पंचायत के गुवाड़िया निवासी कालू (55) पुत्र लाला सप्ताह भर पहले जब मोटर साइकिल से खरवा से गुवाड़िया अपने घर जा रहा था

# फोगडी ग्राम में मनरेगा कार्य पर जा रही महिला हुई सड़क हादसे का शिकार



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना जिले के नजदीक ग्राम फोगडी में एक महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई,जिसे निजी वाहन की सहायता से राजकीय बांगड़ जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्साको ने महिला का उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां महिला ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जानकारी अनुसार हसीना पत्नी आलम खान उमर 45 वर्ष निवासी फोगड़ी ग्राम के तालाब के पास चल रहे,मनरेगा कार्य पर जा रही थी,इसी दौरान एक बाइक चालक ने महिला को टक्कर मार दी,जिसकी वजह से महिला वही नीचे गिर गई,एव गंभीर घायल हो गई,जब परिजनों ने देखा तो महिला को निजी वाहन की सहायता से राजकीय बांगड़ जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने घायल महिला का उपचार जारी किया,एव गंभीर अवस्था को देखते हुए महिला को रेफर कर दिया,जहां पर महिला ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया,महिला के शव को राजकीय बांगड जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया,एव घटना की जानकारी पुलिस को दी,जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची, एवं सारे घटनाक्रम की जानकारी लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाया,शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया,एव परिजनों के द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अपनी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## शनि अमावस्या पर पादूकलां में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

# पद्मावती सरोवर स्थित सियाराम धाम परिसर में हुआ विशेष आयोजन, भक्तों ने की पूजा-अर्चना और दान-पुण्य



**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के पद्मावती सरोवर किनारे स्थित सियाराम धाम परिसर का शनि मंदिर शनिवार को शनि अमावस्या के पावन अवसर पर भक्तिभाव से सराबोर रहा। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ पड़ीं। श्रद्धालुओं ने भगवान शनि देव के चरणों में धोक लगाकर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर श्रद्धामय माहौल से गूंजता रहा। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और शनि महाराज को तिल, तेल, उड़द व पुष्प अर्पित किए। दिनभर दान-पुण्य और भक्ति रस में डूबे कार्यक्रम चलते रहे। गौ-सेवा कर श्रद्धालुओं ने पुण्य अर्जित किया और दान-दक्षिणा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**विशेष आयोजन और प्रवचन**

सियाराम धाम के महंत महामंडलेश्वर संतदास जी महाराज एवं महंत राधादास त्यागी जी महाराज ने बताया कि हर शनिवार को शनि देव को खिचड़ी का भोग अर्पित किया जाता है, लेकिन शनि अमावस्या पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और प्रवचन का दौर भी चला।महंत राधादास त्यागी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को शनि देव की महिमा का गुणगान सुनाया और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से जानकारी दी। प्रवचन के दौरान भक्त शनि देव के जयकारों से पूरे मंदिर परिसर को गुंजायमान करते रहे।भक्तों की आस्था का केंद्र इस दौरान दूर-दराज़ के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भी शिरकत की। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। कई श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास कर शनि देव का विशेष पूजन किया। मंदिर परिसर और पद्मावती सरोवर क्षेत्र में भारी भीड़ होने से पूरा इलाका मेले जैसा नजर आया। दान-पुण्य का रहा विशेष महत्व ।

## कठौती में नव निर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण कल

**जायल (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम कठौती में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम राजकीय विद्यालय के नव निर्मित आधुनिक भवन का लोकार्पण समारोह आज 25 अगस्त को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। करीब चार करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण भामाशाहों के सहयोग से तैयार यह भवन आधुनिक संसाधनों से युक्त है, जो विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण प्रदान करेगा। समारोह में राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार मुख्य अतिथि होंगी, जबकि राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम सुबह 10=15 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, खींवसर विधायक रेवन्तराम डागा, प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट, नागौर पूर्व विधायक मोहनराम चौधरी, भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह जौधा, जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी तथा प्रधान जिमनादेवी गोदारा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। विद्यालय की प्रशासक कमली देवी चोयल व जन प्रतिनिधि सुखदेव चोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भामाशाह सम्मान समारोह भी आयोजित होगा, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा।भजन संध्या का भी आयोजनलोकार्पण के उपलक्ष्य में सोमवार शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें ख्यात राष्ट्रवादी कलाकार प्रकाश माली, आशा वैष्णव व नीता नायक अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे।

## झूठे मर्डर कर कहीं फेकने के आरोपों की निष्पक्ष जांच को लेकर उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

**छीपाबड़ौद ( हुक्मनामा समाचार )।** छीपाबडौद क्षेत्र के आखाखेडी निवासी धनराज मीणा के उपर पुलिस थाने मे लगाऐ झूठे मर्डर कर कहीं फेकने के आरोपों की निष्पक्ष जांच को लेकर ग्रामीणों व समाज के लोगों ने छीपाबडौद उपखण्ड अधिकारी अभिमन्यु सिंह कुंतल और पुलिस थाने मे ज्ञापन सौंपा। वही झूठी शिकायत एवं रिपोर्ट दर्ज करवाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की धनराज मीणा ने बताया की मेरे खिलाफ पुलिस थाना छीपाबडौद मै अप्रार्थीगण जमनालाल परमानन्द कल्याण व कल्याण की पत्नी ममता संदीप शेतान निवासीगण लाडपुरिया तथा सुरजमल श्योराम इंद्रसिंह नटीबाई निवासीगण आखाखेडी आदी ने मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराई की बनवारी लाल पुत्र जमनालाल जाती मीणा निवासी आखाखेडी का धनराज मीणा ने मर्डर कर कहीं फेंख दिया है इस आशय की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई तथा 18 अगस्त को फोन करके मुझे बुलाया और पुलिस थाना छीपाबडौद मे सुबह दस बजे पूछताछ करके रखाना कर दिया तथा दिन मे एक बजे पुनः थाने मे बुलाया जहाँ पर रुक्मणि कल्याण पुत्र जमनालाल मीणा व संदीप लाडपुरिया मौजूद थे जिन्होंने मेरे खिलाफ बयान दिऐ की बनवारी लाल को मारकर धनराज मीणा ने कहीं फेंख दिया है इस दौरान धनराज मीणा को पुलिस द्वारा पाबंद किया की जबतक मामला पंजीबद्द है आप गांव छोडकर कहीं मत जाना। गौरतलब रहेगी जिसके मर्डर का आरोप धनराज मीणा पर लगा रहे थे परिजन वह कहि से सकुशल घर लौट आया।

## झूला चकरी लगे, सजने लगी दुकानें, उड़ने लगी चाट पकौड़ी की महक, 12 दिवसीय जीएडी गणेश मेले का शुभारंभ कल

**कोटा ( हुक्मनामा समाचार )।** जीएडी गणेश मेला समिति की ओर से श्रीनाथपुरम स्टेडियम के पास स्थित जीएडी सर्किल पर लगने वाले 12 दिवसीय गणेश मेले का शुभारंभ सोमवार को किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी मामा ने बताया कि 15 वर्ष से लग रहे जीएडी गणेश मेले में दुकानें सज चुकी हैं। वहीं मनोरंजन के लिए चकरी झूले भी लगना प्रारंभ हो गए हैं। खाने पीने के स्टाल भी आ चुके हैं। अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी मामा ने बताया कि 26 अगस्त को भगवान गणेश जी को धूमधाम से कलशयात्रा के साथ जीएडी सर्किल पर लाया जाएगा। वहीं, 27 अगस्त को प्रातः 9 बजे 14 फीट की गणेश प्रतिमा की भव्य आतिशबाजी, पूजा पाठ और मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत स्थापना की जाएगी। इस दौरान मेले में 28 अगस्त से 6 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं जीएडी गणेश जी का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें विविध छटा नजर आएगी। गणेश जी को छप्पन भोग लगाया जाएगा। मेले में बच्चों के झूले, चौपाटी, गुब्बारे की दुनिया, ट्रेन, नाव जैसे मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 28 और 29 अगस्त को डांस कंपीटिशन होगा। वहीं 30 अगस्त को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इसके बाद 31 अगस्त को जयपुर की डांसर दिशा के द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके बाद 1 सितंबर को हाडोती केसरी दंगल में पहलवान दांव पेच आजमाएंगे। 2 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं 3 सितंबर को लाफ्टर शो में पन्या सेपट राजस्थानी कार्यक्रमों के द्वारा गुदगुदायेंगे। 4 सितंबर को स्टार नाइट आयोजित होगी। जिसमें सोनी टीवी सुपर डांसर चेप्टर 4 की विनर फ्लोरिना गोगोई की प्रस्तुतियां होंगी। वहीं 5 सितंबर को भजन संध्या तथा 6 सितंबर को गणपति शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय, पीसांगन के चुनाव आज

**मांगलियावास ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के वार्षिक चुनाव 24 अगस्त को पीसांगन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीसांगन में होंगे। उपशाखा अध्यक्ष गुरु प्रसाद ओर मंत्री राजपाल राजोरा ने बताया कि रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीसांगन में प्रातः 8.00 बजे मतदात सूची का प्रकाशन होगा एवं उसके बाद निर्वाचन के आवेदन पत्र भरे जाएंगे। उपशाखा चुनाव में सभाध्यक्ष, दो उपसभाध्यक्ष,अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, मंत्री, महिला मंत्री, कोषाध्यक्ष, अध्यापक सदस्य, पंचायत समिति शिक्षक, वरिष्ठ अध्यापक, प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक प्रतिनिधि सहित 23 जिला महा समिति सदस्यों ओर 6 प्रदेश प्रतिनिधियों का निर्वाचन होगा। उपशाखा चुनाव के लिए जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह नरूका निर्वाचन अधिकारी और नवीन मेघवाल पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। आजीवन सदस्य करण सिंह राठौड़ तथा प्रदेश विभाग संगठन मंत्री रमेश गोयल ने उपशाखा के सभी शिक्षक साथियों से चुनाव में भाग लेने की अपील की है।

## सभापति ने लिया बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा



**बून्दी ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने आज पूरे नगर परिषद लवाजमे के साथ शहर के जल भराव क्षेत्रो का जायजा लेकर लोगों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना। सभापति सरोज अग्रवाल ने जल भराव क्षेत्रों में अवरोध बने अतिक्रमणों को जेसीबी से ध्वस्त करवाकर पानी की निकासी करवाई। सरोज अग्रवाल स्वयं देवपुरा क्षेत्र के गणेश बाग रोड़ पर पानी में उतरी और नगर परिषद के कर्मचारियों को अतिवृष्टि के कारण होने वाले नुकसान और बाढ़ ग्रस्त इलाकों में अंतिम छोर तक पहुंच कर जलभराव की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कर्मचारियों को भोजन के पैकेट तैयार कर वितरित करने के आदेश भी दिए। उन्होंने छत्रपुरा, रेलवे कॉलोनी, गणेश बाग, नवल सागर, मेंढक दरवाजा, जैतसागर आदि क्षेत्रों का दौरा किया। साथ ही सभापति सरोज अग्रवाल ने आमजन से सतर्कता से रहने और एक दूसरे की मदद करने की करने सहित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि आवश्यक कार्य होने के बाद ही घर से निकले। इन्होंने कहा कि आमजन किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर शहर में चल रहे सभी रेनबसेरो में आश्रय ले सकते हैं। इन रैन बसेरों में भोजन और ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। सभापति के साथ दौरे में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा सहित नगर परिषद के कर्मचारियों का लवाजमा साथ रहा।

## फसलों के लिए वरदान साबित होगी बारिश, खेतों में लौटी रौनक किसानों के चेहरे पर खुशी

**पादूकलां ( हुक्मनामा समाचार )।** लम्बे इंतजार और कठिन हालातों के बाद आई बरसात अब किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है। लगातार सूखे जैसी स्थिति के कारण खेतों में खड़ी फसलें मुरझाने लगी थीं, लेकिन 22 अगस्त को हुई झमाझम बारिश ने खेतों को नई जान दे दी। फसलें फिर से लहलहाने लगी हैं और खेतों में हरियाली छा गई है। बारिश से खेतों में न सिर्फ नमी बढ़ी है बल्कि किसान अब समय पर अच्छी पैदावार की उम्मीद भी कर रहे हैं। कई जगह मूंग, बाजरा और अन्य खरीफ की फसलें पानी की कमी से खराब होने लगी थीं, लेकिन अब उनमें फिर से जीवन का संचार होता दिख रहा है। गांव-गांव के खेतों में अलग ही रौनक नजर आ रही है।

## शनि अमावस्या पर वड्डमान मंत्र अनुष्ठान का आयोजन

# प्रज्ञालोक में वड्डमान मंत्र अनुष्ठान सम्पन्न, भक्तों ने मंगलमय जीवन की कामना की



**कोटा ( हुक्मनामा समाचार )।** गुरु आस्था परिवार कोटा के तत्वावधान में तथा सकल दिगंबर जैन समाज कोटा के आमंत्रण पर, तपोभूमि प्रणेता, पर्यावरण संरक्षक एवं सुविख्यात जैनाचार्य आचार्य 108 प्रज्ञासागर जी मुनिराज का 37वां चातुर्मास महावीर नगर प्रथम स्थित प्रज्ञालोक में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हो रहा है। इसी क्रम में शनि अमावस्या के अवसर पर प्रज्ञालोक में आचार्य प्रज्ञासागर जी महाराज की पावन सान्निध्य में वड्डमान मंत्र अनुष्ठान का आयोजन किया गया। पंडित उदय शास्त्री के निर्देशन में सम्पन्न इस अनुष्ठान में 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से बैठकर हवन में भाग लिया। महामंत्री नवीन जैन दौराया ने बताया कि महायज्ञ नायक विमल जैन, दीपक जैन (नांता) तथा सौधर्म इंद्र मोहन लाल खेडावाला व यतिश जैन (खेडावाला परिवार) रहे। दीपप्रज्वलन का सौभाग्य निहाल बज (चाकसू) को प्राप्त हुआ। शांतिधारा के पुण्यार्जक श्रवण, शैलेन्द्र बज, सौरभ सम्मेद और रावत लाल मंदिर रहे। 108 आहूतियों के साथ प्रातः 7.30 से 11 बजे तक हवन का आयोजन हुआ,

जिसमें अर्पित जैन ने संगीतमय मंत्रोच्चारण से वातावरण को पवित्र बना दिया। संचालन अध्यक्ष लोकेश जैन (सीसवाली) ने किया। शहर में आयोजित इस अनुष्ठान में भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान महावीर के चरणों में वड्डमान मंत्र का सामूहिक जाप कर पुण्य अर्जित किया। विद्वान आचार्यगणों के मार्गदर्शन में संस्कार, पूजा-अर्चना, हवन व अर्घ्य समर्पण आदि धार्मिक क्रियाएँ सम्पन्न की गईं।

आचार्य प्रज्ञासागर महाराज ने अपने संदेश में कहा कि—शनि अमावस्या के पावन अवसर पर कोटा की सुख-शांति और सर्वांगीण विकास के लिए यह हवन आयोजित किया गया। वड्डमान मंत्र जप से मानसिक शांति, रोग-निवारण और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से इस अनुष्ठान में भाग लेकर अपने जीवन की सुख-समृद्धि और जगत कल्याण की मंगल कामना की। इस अवसर पर जगदीश जिंदल, अर्पित जैन, कपिल आगम, विनय शाह, शैलेन्द्र जैन, अजय जैन, गुलाब लुहाड़िया, मिलाप अजमेरा, नवीन बाबरिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बच्चों व शिक्षकों को वास्तविक सम्बलन प्रदान करें मीना चौहान



**बून्दी ( हुक्मनामा समाचार )।** शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बूंदी में जिला अकादमिक समूह की तृतीय बैठक का आयोजन डाइट प्रधानाचार्य मीना चौहान की अध्यक्षता में किया गया। अपने संबोधन में डाइट प्रधानाचार्य मीना चौहान ने शिक्षा अधिकारियों से आवाहन किया कि वे जब भी विद्यालय के सम्बलन के लिए जाएं तो बच्चों व शिक्षकों को वास्तविक सम्बलन प्रदान करें। विजिट रजिस्टर में अपने सुझाव लिखें, ताकि राज्य सरकार की सभी योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो सके व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को मिल सके।

माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी प्रीति बाला शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी एफएलएन के सभी कौशलों को समय पर पूरा करवाने का प्रयास करें। जिला अकादमी बैठक में प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार माथुर आशुतोष मथुरिया, ज्योत्सना चतुर्वेदी, राकेश कुमार मीणा, डाइट से वरिष्ठ व्याख्याता आशा कुमारी, जगदीश गुंजल, हनुमान जाट तथा जयप्रकाश त्रिपाठी ने अपने प्रभागों की जानकारी देते हुए जिला आकादमिक समूह की बैठक में अपने सुझाव रखें। बैठक का संचालन डाइट व्याख्याता जयप्रकाश त्रिपाठी ने किया तथा वरिष्ठ व्याख्याता आशा कुमारी ने आभार जताया। इस अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य मीना चौहान, माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी प्रीति बाला शर्मा, एडीपीसी दिलीप गुर्जर, एडीओ माध्यमिक शिक्षा प्रहलाद शर्मा, हिंडोली के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हारी, एमजीजीएस नमाना के प्रधानाचार्य आशुतोष मथुरिया, जैतपुर पीएम विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार माथुर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोक फैक्ट्री के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार मीणा, समसा से परियोजना अधिकारी सुनीता कटारा, राजेश चतुर्वेदी मौजूद रहे।

## तेज बारिश की वजह से फसली हुई खराब, ग्रामीणों ने सरकार से रखी मुआवजे की मांग



**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में अचानक दो दिनों से बारिश हुई है,बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है,वहीं किसानों के लिए बारिश एक आफत बन चुकी है,जिस तरह दो दिनों से अचानक बारिश आई है,बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से आमजन को राहत मिली है,वहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फसले खराब हो चुकी है,अचानक कोई तेज बारिश की वजह से सारी फसले नीचे गिर गई, जिसकी वजह से फसले खराब हो हो गई,फसले खराब होने की वजह से किसानों की चिंता भी बढ़ चुकी है, जिस तरह यह अचानक बारिश हुई, बारिश के चलते मुंग मोठ बाजरे की जो फसल बोई गई है, वह फसले आड़ी गिर चुकी है, जिसकी वजह से किसानों को काफी नुकसान हुआ है, किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। किसान भगवाना राम पावड़िया ने बताया कि भारी तूफान की वजह से ग्राम पंचायत ललासरी आस पास के क्षेत्र में फसलों में भारी नुकसान हुआ है,ग्राम लूणोद ललासरी नेतड़ो की ढाणी दयालपुरा बेमोठ सेवा सुपका कनवाई सभी ग्रामीण क्षेत्र में बाजरे मूंग ग्वार की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिस पर किसानों ने सरकार से मांग की है के संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए जो फसले खराब हुई है,उनका ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलवाया जाए।

## पौधारोपण से धरा पर छाएगी हरियाली, जीवन में आएगी खुशहाली: रमन



**झालावाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** पौधारोपण से धरा पर छाएगी हरियाली, जीवन में आएगी खुशहाली उक्त विचार प्रदेश अध्यक्ष रमन धाकड़ ने मुख्य अतिथि के पद से धाकड़ महासभा युवा संघ द्वारा सुनेल नगर पिडावा रोड बाईपास स्थित निर्माणाधीन श्रीधरणीधर मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम में व्यक्त किए.उन्होंने कहां कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। इनका भी हुआ स्वागत- प्रभुलाल कोटवार के रामेश्वरम तीर्थयात्रा से लौटने पर उपस्थित सभी धाकड़ समाज बंधुओ ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष दौलतराम धाकड़, रामनारायण धाकड़, मंदिर निर्माण समिति कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़ फाउखेडी, प्रभुलाल नागर, भगवानसिंह रायती,पीरुलाल उस्ताद, जिला मंत्री रामकरण रायती, प्रदेश संगठन मंत्री बाबुलाल नागर, दुर्गेश नागर प्रदेश संगठन मंत्री प्रकाशचंद नागर खडेतिया, डां प्रहलाद ,दुर्गाशकर, जिला संगठन बालचंद नागर सामरिया, जिला प्रवक्ता जयलाल धाकड़, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र धाकड़, गोविंद धाकड़ सामरिया, जिला मीडिया प्रभारी धाकड़ युवा फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष बलवंत धाकड़, जिला उपाध्यक्ष मनोज धाकड़ , तह अध्यक्ष देवेश धाकड़ , तह वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव प्रकाश धाकड़, तहसील महामंत्री विष्णु धाकड़, एवं गिर्राज नागर ,सुरेश पटेल, डा आर्यन धाकड़ मोटिवेशनल स्पीकर, बलवंत भंडारी संगठन मंत्री मनोहर धाकड़ सुनेल तह अध्यक्ष प्रहलाद भंडारी राहुल नागर एकाउंटेंट सहित समाज बंधु मौजूद रहे।

## नव नियुक्त एवं पदोन्नति, सेवानिवृत्त कार्मिक सम्मान समारोह आयोजित

**छीपाबड़ौद ( हुक्मनामा समाचार )।** शनिवार को बालाजी की डूंगरी छीपाबड़ौद पर नव नियुक्त एवं पदोन्नति, सेवानिवृत्त कार्मिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ब्लॉक छीपाबड़ौद के मंत्रालयिक कर्मचारी संघ द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुमार कुशवाह अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छीपाबड़ोद (शिक्षा विभाग) के नेतृत्व में,दिनांक 31.07.2025 को सेवानिवृत हुए सूरजभान महावर प्रशासनिक अधिकारी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय छीपाबड़ौद की सेवानिवृत्ति होने,नवआगंतुक कार्मिक एवं पदोन्नत कार्मिकों का आज शनिवार को सम्मान समारोहबालाजी की डूंगरी छीपाबड़ौद पर रखा गया। जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ राजेंद्र कुमार शर्मा तथा ब्लॉक अध्यक्ष विजय मीणा तथा ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्य अटरू तथा ब्लॉक छीपाबड़ौद के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सहभोज का भी आयोजन किया गया।

## नागौर जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वॉकपीठ संगोष्ठी का समापन कुचेरा में




**कुचेरा ( हुक्मनामा समाचार )।** 2 दिवसीय नागौर जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक संगोष्ठी का समापन समारोह आज दिनांक 23-08-25 को सीनियर स्कूल कुचेरा में आयोजित हुआ खेल विशेषज्ञों ने अपने अपने खेल के बारे में विभिन्न प्रकार की वार्ताएं पेश की तथा नवीन खेलों के नियमों के बारे में जानकारियां दी गई समापन समारोह में इस सत्र के दौरान सेवानिवृत होने वाले शारीरिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा सभी ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत किया गया,

समारोह के दौरान छात्र छात्राओं नें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया संगोष्ठी के इस शानदार आयोजन के लिए जिले भर से आए शारीरिक शिक्षक, संघ ब्लॉक मुण्डवा के बस्तीराम बिडियासर, हरलाल डुकिया, जगदीश ईनाणियां, सहदेव, सीताराम, सहीराम जाखड़, कैदार फिड़ौदा, ओमाराम लालरिया, रविन्द्र सहित उपस्थित रहे।

## पीसांगन पुलिस ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी साइबर अपराध की जानकारी



**मांगलियावास ( हुक्मनामा समाचार )।** पीसांगन थाना पुलिस ने साइबर अपराध से बचाव के लिए पीसांगन में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ पीसांगन कस्बे व स्थानीय लोगों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध की जानकारी। देकर बचाव के लेकर जागरूक किया। पीसांगन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व कन्या शाला में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर बचाव की जानकारी दी गई। थाना अधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध के लगातार बदलते स्वरूप के बीच फिशिंग, व्हाट्सएप हैकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, ओटीपी फ्रॉड और रिमोट एक्सेस ऐप के माध्यम से ठगी, लॉटरी, गिफ्ट स्कैम, ई-कॉमर्स धोखाधड़ी, ईमेल हैकिंग जैसे मामले बढ़ रहे हैं।

# बापूनगर स्थित संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पर्युषण पर्व की आराधना, दिन में परमात्मा की पूजा अर्चना, शाम ढलते ही गूंज रहे भक्ति के स्वर



**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना के तहत बापूनगर स्थित संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना के साथ प्रभु भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। दिन में भगवान की पूजा अचर्ना के तहत कार्यक्रम हो रहे है तो प्रतिदिन रात 8.15 बजे से उपासरे में भीलवाड़ा के प्रसिद्ध गायकों के द्वारा भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया जा रहा है। श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर समिति के तत्वावधान में पर्युषण के चौथे दिन शनिवार को पक्षाल व केसर पुजा का लाभ नितिनकुमार सिंघवी परिवार ने प्राप्त किया। परमात्मा की प्रातः कालीन आरती एवं मंगल दीपक का लाभ चंचलकुमार ललितकुमार सुनीलकुमार कर्णावट परिवार ने पाया। नाकोड़ा भैरूजी देव एवं पद्मावती माता की आरती का लाभ सुभाषा, हिमांशु भावना जैन परिवार चंडीगढ़ वाले ने लिया। परमात्मा की अंगरचना का लाभ घीसीबाई भंवरलाल नागोत्रा (सोलंकी) परिवार शिवगंज वाले एवं विमल भाई ने प्राप्त किया। भगवान की अंगरचना तैयार करने में दिनेश गोलेछा ओर जितेन्द्र आंचलिया के मार्गदर्शन में नमन जैन, साक्षी जैन, रिद्धि जैन, युग कावड़िया, संयम कर्णावट आदि का सहयोग रहा। इसी तरह सांयकालीन भगवान की आरती एवं मंगलदीपक का लाभ प्रकाशचन्द पलाश मारू परिवार ने एवं नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावति माता की आरती का लाभ झमकलाल, दिलीपकुमार, युवराजकुमार जैन परिवार ने प्राप्त किया। भक्ति संध्या लाभार्थी सुशील रांका, विजय संचेती, गौरव डागा, रतन संचेती, दर्शन तातेड़,कुलदीप गुगलिया (मित्र परिवार) रहे। प्रभावना लाभार्थी विश्लोत परिवार रहा। शुक्रवार रात संजय लोढ़ा ने नवकार मंत्र से भक्ति संध्या की शुरुआत की। गोविन्द गुरावा ने पारस प्यारो लागे, नाहर सिस्टर्स चुनौती-आकांक्षा नाहर ने 24 तीर्थंकर की वंदना से भक्ति संध्या प्रारम्भ की। उन्होंने पारस प्यारो लागे, जिस भजन में वीर का नाम, मेरे सर पर रख दो प्रभुजी, मेरे मन में पारसनाथ आदि भजनो पर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चिकित्साधिकारी डॉ अनुराग शर्मा ने भी भक्ति संध्या में शिरकत की। श्रीसंघ के अध्यक्ष मनीष बापना, बलवंत मेहता, गुणवंत जैन, दिनेश गोलेछा, अनिल विश्लोत, नीलेश भंडारी ने डॉ शर्मा का बहुमान कर स्वागत किया। महिला मंडल के सदस्यों द्वारा नाहर सिस्टर का स्वागत अभिनन्दन किया गया। मंच संचालन कुलदीप गुगलिया ने किया। रेवांश के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पवन लोढ़ा परिवार द्वारा प्रभावना का लाभ लिया गया।